आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी 09:24 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 30 जून 2025
वर्ष 35, अंक 154, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान 14
जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह 12

## चार आईआईटी और तीन आईआईएम डिफॉल्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एंटी-रैगिंग मानदंडों का पालन न करने पर यूजीसी सख्त

चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रैगिंग रोधी मानदंडों का पालन नहीं करने के कारण 'डिफॉल्टर' सूची में रखे गए हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अधिकारियों ने बताया कि देशभर के 89 संस्थानों को एंटी-रैगिंग मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन का शपथ पत्र जमा न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। डिफॉल्टर सूची में आईआईटी, आईआईएम, एम्स और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) सहित 17 संस्थान शामिल हैं। डिफॉल्टर आईआईटी में बंबई, खड़गपुर, पलक्कड़ और हैदराबाद हैं। आईआईएम में बंबई, रोहतक और तिरुचिरापल्ली सूची में हैं। डिफॉल्टर में एम्स रायबरेली, एनआईडी-दिल्ली, आंध्र प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि रैगिंग पर यूजीसी विनियमन, 2009 का पालन सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनिवार्य है। इसका पालन न करना न केवल यूजीसी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से 95 करोड़ लोग हो रहे लाभान्वित

### मन की बात — प्रधानमंत्री ने कहा 2015 तक 25 करोड़ तक ही पहुंचती थीं योजनाएं, कहा-देश हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि करीब 95 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं।

मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि फिलहाल भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ उठा रही है। मोदी ने कहा कि आज देश के लगभग 95 करोड़ लोग किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा। भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किए जाने को भी उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इस सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। 'ट्रेकोमा' एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण रहा है। मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने भी इसे खत्म करने में मदद की। जल जीवन मिशन ने भी इस सफलता में बहुत योगदान दिया।

### आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को याद किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्होंने ना सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लिए बिना कांग्रेस की निंदा की।

### कैलाश और अमरनाथ यात्रा का भी जिक्र

मोदी ने विभिन्न धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं भी दीं। कहा कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुन: शुरू हुई है। कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम है। इसे हर परंपरा में आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, चाहे वह हिंदू हो, बौद्ध हो या जैन हो। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सावन माह में कुछ ही दिन बचे हैं।

### एक नजर

#### आप ने विधायक विजय प्रताप को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अमृतसर उत्तर सीट से विधायक एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने कुछ दिन पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी के तरीके पर सवाल उठाया था। सिंह को पार्टी से निलंबित करने का फैसला 'आप' की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

#### खुदाई के दौरान मिट्टी धंसी चार मजदूरों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर में रविवार सुबह पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुछ मजदूर जंगी का नगला गांव के पास पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए 10 फुट गहरे गड्ढे को भर रहे थे तभी मिट्टी धंस गई और मजदूर उसमें दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर अन्य श्रमिकों और परियोजना कर्मचारियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया, लेकिन मिट्टी की गहराई और भारीपन के कारण तत्काल प्रयास करना कठिन हो गया। हादसे के वक्त मौके पर 12 मजदूर काम कर रहे थे।

## गांवों के विकास की तैयारी, 2.15 लाख करोड़ से होगा कायाकल्प

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले योगी सरकार ने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5 साल का रोडमैप तैयार, ग्राम पंचायत से जिला पंचायत तक होंगे कार्य
- 17 नगर निगमों के ढांचागत विकास के लिए भी 1.29 लाख करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले गांव, ब्लाक और जिला पंचायत क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। इसमें 2.15 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। योगी का मिशन 2031 गांवों को आधुनिक और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश के 17 नगर निगमों के लिए भी 1.29 लाख करोड़ से विकास का रोडमैप तैयार किया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 में अप्रैल से मई के बीच होने हैं। इसे लेकर गांव से लेकर ब्लाक और जिला पंचायत स्तर तक विकास कार्यों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की तैयारी करनी शुरू कर दी है। ऐसे में सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार से लेकर ढांचागत विकास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। शहरी



क्षेत्रों में भी गली मोहल्लों को चमकाने की योजना है जिसके लिए सरकार की ओर से योजना तैयार की गई है।

राज्य सरकार ने केंद्रीय वित्त आयोग को ग्रामीण विकास के लिए विस्तृत योजना पेश की है। इसमें ग्राम पंचायतों के लिए 1,74,755 करोड़, ब्लॉक के लिए 17,334 करोड़ और जिला पंचायतों के लिए 22,940 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। कुल मिलाकर 2.15 लाख करोड़ रुपये की यह राशि मरम्मत, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इस्तेमाल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकल्प जताया है कि साल 2031 तक प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध होंगे। इस मिशन के तहत सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्रीय वित्त आयोग के सामने यह प्रस्ताव रखकर सरकार ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण विकास उसकी प्राथमिकता में शीर्ष पर है। सरकार का मानना है कि यह योजना गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

### विकास कार्यों के साथ ही रोजगार पर भी ध्यान

राज्य सरकार के इस कदम से न सिर्फ ग्रामीण इलाकों की दशा में व्यापक रूप से सुधार आएगा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 2.15 लाख करोड़ रुपये का निवेश रोजगार सृजन और बेहतर जीवन स्तर का भी आधार बनेगा। इस योजना से न सिर्फ विकास को गति देगी, बल्कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में भी मदद करेगी।

### मिशन 2031 के तहत गांवों को बनाएंगे आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है कि साल 2031 तक उत्तर प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध हों। इस मिशन के तहत सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्रीय वित्त आयोग के सामने यह प्रस्ताव रखकर योगी सरकार ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण विकास उसकी प्राथमिकता में शीर्ष पर है। सरकार का मानना है कि यह योजना गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

## पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

### गुंडिचा मंदिर के पास भोर में हुए हादसे में 50 घायल, छह गंभीर

- दो पुलिस अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का किया तबादला
- मुख्यमंत्री ने दिए प्रशासनिक जांच के आदेश, मुआवजा देने की घोषणा

पुरी, एजेंसी

ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के लगभग चार बजे हुई जब हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के निकट एकत्र हुए थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस अस्पताल में घायलों का इलाज हो रहा है, वहां के एक अधिकारी ने कहा कि 50 घायलों में से छह की हालत गंभीर है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था।



पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के दौरान एकत्र श्रद्धालु। ● एजेंसी

मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) और प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला करने का आदेश दिया। माझी ने दो पुलिस अधिकारियों- डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित करने की भी घोषणा की। उन्होंने विकास आयुक्त की निगरानी में मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश दिए।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता

ओडिशा सरकार मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वरिष्ठ अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी के वास्ते प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा कि भगदड़ की घटना के लिए मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। माझी ने कहा कि महाप्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता अधिक थी... धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

## घरों की गिनती के साथ 1 अप्रैल 2026 से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- हर घर की आवासीय स्थिति और संपत्ति का डेटा एकत्र होगा

आगामी जनगणना के लिए घरों की गिनती का कार्य 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, जो इस दशकीय प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होगी। भारत के महापंजीयक ने यह जानकारी दी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में भारत के जनगणना आयुक्त और महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि घरों का सूचीकरण अभियान और आवास गणना एक अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पत्र में कहा गया है कि उससे पहले राज्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निरीक्षकों एवं गणकों की नियुक्ति की जाएगी तथा उनके बीच कामों का विभाजन किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में यानी घरों के सूचीकरण अभियान (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। पत्र के अनुसार, इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में हर घर में प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय,



सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा और यह चरण एक फरवरी, 2027 से शुरू होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया था कि जनगणना में जातियों की भी गिनती की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए 34 लाख से अधिक गणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह अब तक की 16वीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने नागरिकों से पूछे जाने वाले लगभग तीन दर्जन प्रश्न तैयार किए हैं।

### इकाइयों की सीमा में 31 दिसंबर के बाद बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि एक बार गणना प्रखंडों को अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

## ट्रेन छूटने के 8 घंटे पहले तैयार होगा आरक्षण चार्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में मंगलवार से बड़ा बदलाव
- तत्काल टिकट बुकिंग नियम में भी हो जाएगा परिवर्तन

भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है। अब ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले ही आरक्षण चार्ट बन जाएगा।

वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नई प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव



किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं ताकि कोई व्यवधान न हो। सूत्रों ने कहा कि इससे वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्थिति का जल्दी पता चलेगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अधिक समय मिलेगा। यह विशेष रूप से दूर-दराज़ या शहरी उपनगरों से आने वाले यात्रियों को लाभ देगा। सूत्रों के अनुसार दिसंबर 2025 तक नई और आधुनिक यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) लागू हो जाएगी। रेल मंत्री ने नई पीआरएस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की है। इस परियोजना पर पिछले कुछ महीनों से क्रिस कार्य कर रहा है। नई प्रणाली अधिक लचीली, सक्षम और मौजूदा लोड से दस गुना अधिक संभालने में सक्षम होगी।

### एसी श्रेणी में प्रतीक्षा सूची सीमा 25 से 60 % की

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक नए आदेश में सभी वातानुकूलित (एसी) श्रेणियों के लिए यात्रियों की प्रतीक्षा सूची की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत और गैर-एसी श्रेणियों के लिए 30 प्रतिशत कर दी है। सभी श्रेणियों के यात्रियों की प्रतीक्षा सूची को 25 प्रतिशत तक सीमित करने का आदेश मूल रूप से 17 अप्रैल को सभी जोन के साथ रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) को जारी किया गया था। क्रिस ने इसे 16 जून से लागू कर दिया। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यात्रा श्रेणियों की कुल सीट के 25 प्रतिशत तक प्रतीक्षा सूची को सीमित करने के आदेश को लागू करने के मात्र 12 दिन बाद ही मंत्रालय ने अपना निर्णय लगभग पलट दिया।

## यूपी सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंधी चलने के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका

**अमृत विचार :** मध्य भारत के बाद अब उत्तर भारत में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में तेज बारिश होने की संभावना है। आंधी चलने, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जो आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। खासकर तराई और नदी किनारे बसे इलाकों में रहने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

फिलहाल मानसून ने राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और सम्पूर्ण दिल्ली को प्रभाव में ले लिया है।

## खनन क्षेत्र में उतरेंगे जेएसडब्ल्यू, अडाणी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक

### खनन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री बोले-खनन निवेश में कार्पोरेट सेक्टर की बढ़ी रुचि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खनिज राजस्व में ऐतिहासिक उछाल, 2025-26 के पहले दो माह में 623 करोड़ जुटाए

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जेएसडब्ल्यू, अडाणी ग्रुप, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां निवेश करने वाली हैं। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और रोजगार का प्रभावशाली केंद्र बन गया है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का



संगम बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। ईंट भट्ठों से विनियमन शुल्क के रूप में वर्ष 2024-25 में 258.61 करोड़ तथा 2025-26 में अब तक 70.80 करोड़ का राजस्व मिला है। योगी ने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए। संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। बताया कि राज्य को स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए 70 से अधिक उप-संकेतकों पर ठोस कार्य किया गया है। पर्यावरणीय मंजूरियों की औसत अवधि में उल्लेखनीय सुधार आया है और नियामकीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है।

### नदी कैचमेंट में खनन प्रतिबंधित

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र बनाने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि नदी के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन न हो। ऐसा होने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मानक जीपीएस युक्त वाहन ही खनिज परिवहन हेतु अधिकृत किए जाएं। वीटीएस मॉड्यूल से रीयल टाइम ट्रैक किया जाए।

### 99 नए खनन क्षेत्रों की हुई पहचान

ड्रोन सर्वेक्षण और पीजीआरएस प्रयोगशाला के सहयोग से 2024 से अब तक 99 संभावित खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिनमें से 23 खनन के योग्य पाए गए हैं। मानसून उपरांत 52 क्षेत्रों में बालू व मौरंग के भंडार का भी मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि संचालित पट्टों की निगरानी और वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस के माध्यम से खनन के वास्तविक आंकलन की प्रक्रिया को और गति दी जाए।

### मानसून काल में ही दें नए पट्टे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के नए पट्टों की प्रक्रिया मानसून काल में पूरी की जाए, ताकि 15 अक्टूबर से खनन कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने जिला खनन निधि का उपयोग आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, खेल मैदानों के विकास, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और जल-ऊर्जा संरक्षण जैसे लोकहितकारी कार्यों में प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे 1.14 करोड़ पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के दौरान पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से 1.14 करोड़ पौधे सड़कों के किनारे लगेंगे, जिसमें यूपीडा की ओर से एक्सप्रेसवे के समीप भी 2.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि 35 करोड़ पौधों के रोपण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं।

### पीलीभीत के घंटाघर का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीलीभीत स्थित घंटाघर का कायाकल्प होने जा रहा है। इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इसका जीर्णोद्धार कराएगा, इसके लिए 20.35 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह घंटाघर समय के साथ अपनी पहचान खोता गया, जिसका अब जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

### धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक है। साथ ही, संविधान और देश की जनता का अपमान है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा है कि ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए पूरी संवैधानिक प्रक्रिया के साथ संसद और विधानसभाओं के समर्थन के बाद संपूर्ण प्रक्रिया के बाद जोड़े गए, जो भारत के सामाजिक न्याय और धार्मिक सद्भाव की नींव हैं। डॉ. राय ने कहा है कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने ऐसा बयान देकर न सिर्फ अपने पद की मर्यादा को तार-तार किया, बल्कि संविधान की आत्मा पर हमला किया है।

# 75 गोशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, मिलेगा रोजगार

## सभी जिलों में खुलेंगी पंचगव्य औषधि, गो पेंट और जैविक खाद इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक जनपद-एक नवाचार मॉडल से युवाओं और महिला समूहों को सशक्त बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार 'एक जनपद-एक नवाचार मॉडल' से मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार देने जा रही है। सभी जिलों में पंचगव्य औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद प्रसंस्करण इकाइयां खुलेंगी। इसके लिए हर जिले से एक-एक गोशाला का चयन किया गया है, जिन्हें आत्मनिर्भर गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार ने हर जिले की स्थानीय विशेषता के अनुसार, गांवों में नवाचार की नीति तैयार की है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर पंचगव्य से बने उत्पाद, गोबर से बने ब्लॉक, बायोगैस, गोमूत्र औषधि, जैव बीज इत्यादि के निर्माण और बिक्री में लगाया जाएगा। एक जनपद-एक नवाचार मॉडल को लागू करते हुए हर जिले में उसके अनुरूप नवाचार करने की योजना बनाई गई है। इससे न केवल स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि युवाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में ठोस अवसर मिलेंगे।

उप्र. गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक गोशाला का चयन कर उसे आत्मनिर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इन गोशालाओं को न केवल गो संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें पंचगव्य आधारित उत्पादन का हब भी बनाया जाएगा।

### स्थानीय समूहों को मिलेगा प्रशिक्षण

गोशालाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को उनके गांव में ही स्वरोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

### बायोगैस संयंत्र और गोबर ब्लॉक होंगे शुरू

चयनित गोशालाओं में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। साथ ही गोबर से बने ईंटनुमा ब्लॉक भी तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग निर्माण कार्यों और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा।

# राष्ट्रपति की मेजबानी को गोरखपुर तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति
- एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह और आयुष विवि के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगी शामिल



**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किमी की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी।

राष्ट्रपति सोमवार को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि 1 जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री योगी अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करने जा रहे हैं। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गोरखपुर में आमंत्रित कर चुके हैं।

# महत्वपूर्ण पद खाली रहना स्वीकार्य नहीं : योगी

## आकांक्षात्मक जिलों और विकास खंडों की प्रगति की मुख्यमंत्री योगी ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों एवं विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकांक्षात्मक जिला और विकास खंड राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी महत्वपूर्ण पद पर रिक्ति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी रिक्तियां हैं, वहां त्वरित नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। किसी पद पर कार्यभार सौंपते समय यह अवश्य देखा जाए कि संबंधित प्रभारी अधिकारी दोनों स्थानों पर व्यावहारिक रूप से क्या उपलब्ध रह सकता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों एवं विकास खंडों की प्रगति की गहन समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनके निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए स्थलीय भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचारों की उपलब्धि व आवश्यक सुधार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। योगी ने जनभागीदारी, नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन को आकांक्षात्मक विकास खंड एवं आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की सफलता का मूल आधार बताया। कहा कि सभी विभाग सामूहिक समन्वय और ठोस कार्ययोजना के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें।

फील्ड विजिट रिपोर्ट के अनुसार, 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में कुल 272 विद्यालय, 301 आंगनबाड़ी केंद्र, 232 स्वास्थ्य इकाइयां, 229 ग्राम पंचायत सचिवालय एवं 275 अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 497 एफपीओ सक्रिय हैं और 6595 बीसी सखी वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। 106 विकास खंडों ने 'ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटजी' के अनुरूप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के 8 आकांक्षात्मक जनपदों-बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र और श्रावस्ती का भी गहन निरीक्षण किया।

### डेटा से वास्तविक स्थिति का होगा प्रभावी मूल्यांकन

मुख्यमंत्री ने विकास की वास्तविक स्थिति के प्रभावी मूल्यांकन के लिए डेटा संग्रहण प्रणाली को और बेहतर करने पर बल दिया। निर्देश दिया कि निरीक्षण रिपोर्टों के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए योजनाओं की गहन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिकारियों ने तमाम अच्छे कार्यों की रिपोर्ट से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। विकास की दिशा में हुए नवाचारों की मुख्यमंत्री ने विशेष सराहना की।

# केंद्रीय योजनाओं में बिना बिल नहीं मिलेगा बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 67 योजनाओं में बदलेगा मानक आज कार्यशाला में जानकारी देंगे केंद्र सरकार के अधिकारी

**अमृत विचार :** भारत सरकार की योजनाओं के बजट आवंटन में नए मानक से खलबली मची हुई है। अब कार्यदायी संस्था की ओर से बिल प्रस्तुत करने के बाद ही धनराशि मिलेगी। इस एसएनए स्पर्श प्रणाली के लागू होने से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसे लेकर सोमवार को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारी बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को विस्तार से बताएंगे।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार की 67 योजनाओं में से 28 योजनाओं के बजट आवंटन में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। शेष 39 योजनाओं में जल्द ही व्यवस्था लागू होनी है, जिसके लिए सोमवार को लखनऊ में कार्यशाला आयोजित की गई है।

भारत सरकार की एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं की धनराशि सही समय पर ही विभागों को हस्तांतरित की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं के कार्यान्वयन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था से केंद्रीय योजनाओं में विकास कार्यों का बजट विभागों के खाते में अनावश्यक नहीं पड़ा रहेगा। काम करने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने पर ही धनराशि देने का नियम लागू किया गया है।

# वार्डों का प्रतिदिन राउंड लें प्राचार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की इमरजेंसी समेत भर्ती मरीजों की आने वाली शिकायतों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकीय व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रहें, इसके लिए कॉलेज के प्राचार्य खुद प्रतिदिन राउंड लें और राउंड के दौरान ली गई फोटो भेजेंगे। यही निर्देश कानपुर के हृदय रोग संस्थान व जेके कैंसर इंस्टीट्यूट को भी जारी किए हैं, निर्देश के अनुपालन में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने यह आदेश जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि यदि कोई प्राचार्य या निदेशक किसी दिन राउंड नहीं ले पाते हैं तो उनके स्थान पर उप प्राचार्य व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राउंड लेंगे। राउंड के वक्त सुरक्षाधिकारी व सफाई सुपरवाइजर भी साथ रहेंगे, ताकि किसी भी तरह की कमी मिलने पर उसका तत्काल निस्तारण कराया जा सके। इससे कॉलेज व संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता होगी। परिसर में गर्ल्स हॉस्टल, इमरजेंसी आदि संवेदनशील जगहों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती जाएगी। इसके लिए प्राचार्य सैनिक कल्याण निगम से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हॉस्टल व अस्पताल परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों की सर्विलांस की व्यवस्था पुख्ता की जाएगी। कैमरों का एक्सेस प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, वार्डन व सुरक्षाधिकारी के मोबाइल पर रहेगा। साफ सफाई, भोजन, लांड्री आदि में कमी मिलने पर एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी। भुगतान में कटौती भी की जाएगी।

### एससी वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसूचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कई जिलों के दर्जनों कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इनमें हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इनके छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर सही से व समय पर निपटारा नहीं हो सका है। इस कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में बेचैनी व आक्रोश व्याप्त है।

# कांग्रेस-सपा के लिए मुसलमान सिर्फ वोट बैंक : चुघ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से 'अल्पसंख्यकों का पैगाम, मोदी के साथ मुसलमान' कार्यक्रम आयोजित



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के नजरिए से देखा है। जबकि मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही गरीब कल्याण और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए जिन भी योजनाओं को लागू किया, उसमें बड़ी संख्या में मुसलमानों को लाभ मिला।

वे रविवार को उप्र. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से अटल बिहारी बाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्षों के उपलक्ष्य में 'अल्पसंख्यकों का पैगाम, मोदी के साथ मुसलमान' कार्यक्रम में बोल रहे थे। चुघ ने कहा कि मोदी सरकार धर्म-जाति पूछकर काम नहीं करती। पांच करोड़ अल्पसंख्यक परिवार के बच्चों को वजीफा दिया। मोदी सरकार ने ट्रिपल तलाक खत्म करके मुस्लिम महिलाओं के जीवन में सुरक्षा-सम्मान और उनके हितों की रक्षा करने का काम किया है।

राष्ट्रीय महामंत्री ने वक्फ अधिनियम पर चर्चा करते हुए कहा कि वक्फ का पैसा गरीब के काम आए, पसमांदा मुसलमान के काम आए, गरीब महिला के काम आए, विधवा बहन के काम आए, अनाथ बच्चों के काम आए, न कि बड़े-बड़े भूमाफिया वक्फ पर कब्जा करके रखें। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी नया कानून लाये। इस अवसर पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व दानिश आजाद अंसारी, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश मंत्री शिवभूषण, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा जाकिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# आठ आईएएस अफसरों के तबादले

## आलोक कुमार बने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को आज से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र. में पुलिस महकमे के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने पांच आईपीएस के बाद आठ आईएएस और 15 पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आईएएस अफसरों के ट्रांसफर के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव रहे राकेश कुमार सिंह-2 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया। साथ में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी पदभार दिया गया। जितेंद्र कुमार रिटायर हो रहे हैं, उनका कार्यभार आलोक कुमार को दिया गया है। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को सोमवार से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश हैं।

तबादलों की इस कड़ी में बीते दिनों प्रतीक्षारत किए गए भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व बनाया गया है। तबादला सूची के अनुसार प्रमुख सचिव नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग आलोक कुमार को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव, पुनर्गठन समय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक, हिंदी संस्थान के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह विभाग में विशेष सचिव रहे योगेश कुमार को प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां जबकि आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां रहे डॉ. हीरा लाल को सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग रहीं अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का जिम्मा दिया गया है। प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम सान्या छाबड़ा को मुख्य विकास अधिकारी हरदोई और विशेष सचिव पर्यटन विभाग ईशा प्रिया को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 15 पीसीएस अधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज बहादुर प्रथम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है। इसी क्रम में जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दशरथ कुमार को उप संचालक चकबंदी, गोरखपुर नियुक्त किया गया है, जबकि गजेंद्र कुमार को मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या नियुक्त किया गया है। कल्पना जायसवाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया गया है। रोशनी यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की कुर्सी दी गई है। उपजिलाधिकारी गोंडा रहे भारत को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या नियुक्त किया गया है। वागीश कुमार शुक्ला को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सोनभद्र बनाया गया है। कुलदीप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। उपजिलाधिकारी अंकित कुमार व रमेश कुमार को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है।

### सुजीत पांडेय बने एडीजी जोन लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में पांच आईपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। आईपीएस एसबी शिरडकर पुलिस भर्ती बोर्ड के डीजी (अ) बनाए गए हैं। वह अभी तक पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन के पद पर थे। अपर पुलिस महानिदेशक, पीएससी मुख्यालय रहे सुजीत पांडेय को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन बनाया गया है। वहीं, एसपी सीआईडी आशीष तिवारी अब सहारनपुर संभालेंगे। उन्हें सहारनपुर का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी रोहित सजवान को हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, एपीटीसी सीतापुर रहे आरके स्वर्णकार को बतौर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### कई अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अमृत विचार :** सोमवार यानी 30 जून को कई आईएएस व पीसीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस क्रम में 11 पीसीएस अफसरों का रिटायरमेंट आज हो रहा है। इनमें राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, राज नारायण, हनुमान प्रसाद, महेंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला, सौरभ शुक्ला शामिल हैं। वहीं, कई आईएएस व आईपीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। इनमें आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, बृजराज सिंह यादव और सुरेंन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। आईपीएस अफसरों में आदित्य मिश्रा, विपिन कु. मिश्रा, राहुल राज और आकाश वर्मा हैं।

# निजीकरण पर उपभोक्ता परिषद ने पूछे पांच सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने रविवार को ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राज्य सरकार व उप्र. पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल पूछे। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में निजीकरण पर सवाल पूछे जाने के बाद उपभोक्ता परिषद ने निजीकरण प्रक्रिया पर ये सवाल उठाये। परिषद ने सवाल करते हुए कहा कि क्या निजीकरण से बिजली दरों में व्यापक बढ़ोतरी नहीं होगी? सरकारी संपत्ति कम दामों में नहीं बिकेगी ? सरकारी क्षेत्र में रोजगार का सपना देख रहे युवा निराश नहीं होंगे? क्या आरक्षण के 16,000 पद समाप्त नहीं होंगे? क्या इससे देश के बड़े निजी घरानों का बड़ा लाभ नहीं होगा? परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार को लगता है कि सरकार को चुनाव में अपने संकल्प पत्र में निजीकरण का सवाल शामिल कर उसका 'ट्रेलर' देख लेना चाहिए।

# बिजली कर्मी करेंगे देशव्यापी प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 को सांकेतिक हड़ताल, जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन तेज करेंगे। 2 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन होगा, जबकि 9 जुलाई को देशभर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल होगी। इस बीच, बिजली कर्मियों ने जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की ओर से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को भेजी गई नोटिस में कहा गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत आने वाले प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि 2 जुलाई को सभी जिलों व परियोजनाओं पर व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध सभा कर ऊर्जा निगमों में आपातकाल जैसे हालात की निंदा करेंगे।

**राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल नहीं होंगे आउटसोर्स कर्मी :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. की 9 जुलाई को प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल में आउटसोर्स कर्मी शामिल नहीं होंगे। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के घटक संगठनों की बैठक में यह फैसला लिया गया।

**प्रक्रिया पर सवाल** 1056 पदों के सापेक्ष स्वास्थ्य विभाग को मिले मात्र 355 विशेषज्ञ डॉक्टर

# मुंहमांगे वेतन की दी दुहाई, डॉक्टर मिले एक तिहाई

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- सरकारी अस्पतालों में दूर नहीं हो रहा विशेषज्ञ डॉक्टरों का टोटा



**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी खत्म नहीं हो रही है। मुंहमांगा वेतन देने पर भी 1056 पदों के सापेक्ष नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) को मात्र 355 विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदेश भर में मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 विशेषज्ञ राजधानी लखनऊ के अस्पतालों को मिले हैं, आठ जिलों को एक भी नहीं मिले। गत वर्ष की तरह चयनित सभी डॉक्टरों के ज्वाइन करने की संभावना भी कम है। यही वजह है कि स्वास्थ्य महानिदेशक ने साक्षात्कार के माध्यम से संविदा पर 678 डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए आवेदन 27 जून 2025 शुक्रवार को मांगे हैं।

दरअसल, नेशनल हेल्थ मिशन केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन के लिए अपने स्तर पर रिक्त पदों के सापेक्ष डॉक्टरों की नियुक्ति करता है। इसके लिए एनएचएम ने रिवर्स बिड (मुंहमांगा वेतन) की सुविधा उपलब्ध करायी है। उक्त बिड के तहत बीते वर्ष अगस्त 2024 में सभी 75 जिलों में स्थित सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों के रिक्त पदों के सापेक्ष कुल 1056 पद पर आवेदन मांगे गए थे, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञता के मात्र 561 डॉक्टर ही पहुंचे, इनमें से मात्र 67 जिलों के अस्पतालों में सबसे कम बोली लगाने वाले 355 डॉक्टरों को मुंहमांगे वेतन पर नियुक्ति दी गयी है।

नियुक्ति पाने वाले डॉक्टरों के आंकड़ों पर गौर करें तो प्राइवेट प्रैक्टिशनर्स को राजधानी लखनऊ भा रहा है। वहीं आठ जिले ऐसे भी हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं मिला, जबकि बांदा, चंदौली, फर्रुखाबाद, हमीरपुर, हरदोई, झांसी और संभल कुल आठ जिलों को मात्र एक-एक डॉक्टर ही मिले हैं। इसके अलावा पांच जिलों में दो-दो डॉक्टरों को चयनित किया गया है।

### सात डॉक्टरों को पांच लाख वेतन

बिड के जरिए नियुक्ति पाने वाले पांच एनेस्थेटिक समेत कुल सात डॉक्टरों को अधिकतम वेतन पांच लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। इनमें दो एनेस्थेटिक औरैया, एक अयोध्या, बस्ती और गौतमबुद्ध नगर में एक-एक एनेस्थेटिक चयनित किए गए हैं। इसके अलावा महाराजगंज में पीडियाट्रीशियन और संत कबीरनगर में एक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है।

### 55 डॉक्टर मात्र 70 हजार पर चयनित

अधिकतम वेतन पर नियुक्ति की सुविधा के बावजूद 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों में 55 डॉक्टर मात्र न्यूनतम वेतन 70 हजार पर चयनित हुए हैं, एक डॉक्टर ने 70 हजार 500 रुपये प्रतिमाह और तीन ने तो 71000 रुपये प्रतिमाह मांगे हैं। माना जा रहा है कि ये विशेषज्ञ ज्वाइन नहीं करते हैं तो यह सभी पद पुन: रिक्त रह जाएंगे।

### गलत नियुक्ति के आरोप

राजधानी स्थित लोकबंधु अस्पताल में अनुसूचित जनजाति का पद था, बावजूद अनुसूचित जाति के डॉक्टर को नियुक्ति दे दी गयी है, इसी प्रकार कई जिलों में सवाल उठे हैं। हालांकि, अमृत विचार मौखिक आरोपों की पुष्टि नहीं करता है। मगर, इस प्रक्रिया की शुचिता पर सवाल अवश्य खड़े किए जा रहे हैं।




# जलभराव से खंभे में उतरा करंट, चार गायों की तड़पकर मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बारिश के दौरान शंकरपुरवा के केशव विहार क्षेत्र में जलभराव के कारण बिजली के खंभे में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से चार गायों की मौत हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची नगर निगम की टीम ने शवों को कब्जे में लेने के साथ पानी निकालने की व्यवस्था की। इस बीच क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

नगरनिगम जोन-7 के शंकरपुरवा के केशव विहार इलाके में रविवार को बारिश से जलभराव हो गया। लोगों के अनुसार जलभराव के बीच में आए खंभे में लगा तार कटा था। इससे खंभे में करंट उतर आया। इससे आसपास मौजूद गायें करंट की चपेट में आ गईं। इससे उनकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। क्षेत्रीय निवासियों के अनुसार पोल में लगा तार पहले से कटा था।

बिजली विभाग के अधिकारियों को बरसात में पोल में करंट उतरने की आशंका को व्यक्त किया गया था। बावजूद इसके विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने बिजली विभाग और नगर निगम के लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताते हुए दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



रिमझिम बारिश के बीच छाता लगाकर हजरतगंज चौराहे से गुजरती युवती। अमृत विचार

## रुक-रुक कर होती रही बारिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के कई इलाकों में रविवार को रुक-रुककर देर रात तक बारिश होती रही। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। पूर्वी हवाओं के असर से मौसम ठंडा बना रहा। रविवार सुबह एल्डिको तिराहा और चिनहट के आसपास बारिश हुई। दोपहर में इंदिरा नगर और गोमती नगर में बारिश हुई। शाम को सरोजनी नगर में तेज बारिश हुई। बारिश की वजह से जगह-जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 35 .1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1 .0 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27 .0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0 .6 डिग्री ऊपर है।

## तेज हवा और बारिश से शहर के कई इलाकों में फाल्ट से घंटों गुल रही बिजली, पानी के लिए परेशान हुए लोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** तेज और बारिश ने रविवार को राजधानी के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति को बाधित हो गई। कहीं तार टूट गए तो कहीं शार्ट सर्किट व फॉल्ट से घंटों बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र के अलावा अधिकारियों व टोल फ्री नंबर 1912 पर सैकड़ों फोन किए लेकिन घंटों आपूर्ति बहल नहीं हो सकी। बिजली गुल होने से लोगों को पानी की समस्या से भी जुझना पड़ा। बंथरा नीवा में फॉल्ट होने से गहरु रसूलपुर, एनबीआरआई,आद्यौगिक प्रथम और तृतीय फीडर के ट्रिप होने से तीन घंटे से अधिक आपूर्ति बाधित रही। चिनहट के शिवपुरी पावर हाउस के तिवारीगंज में शार्ट सर्किट के कारण करीब 2 घंटे बिजली गुल रही। नादरगंज के उतरेठिया से सैनिकनगर की वीसीवी ट्रॉली के खराब होने से कई इलाकों में आपूर्ति ठप रही। बिजनौर स्थित शारदानगर विस्तार के चन्द्रावल फीडर के तार टूटने, शार्ट सर्किट और ट्रिपिंग से 4 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। बीकेटी के शाढ़ामऊ उपकेंद्र के कई इलाकों में शार्ट सर्किट व पेटीफ्यूज जाने होने से 2 घंटे आपूर्ति ठप रही। गोमतीनगर, तेलीबाग, अलीगंज, मदेयगंज, कर्बला ढ़ाल, मक्कागंज में भी फाल्ट होने से डेढ़ घंटे आपूर्ति बाधित रही। शकुंतला मिश्रा उपकेंद्र से जुड़े आवास विकास फीडर में फॉल्ट से सैकड़ों उपभोक्ता परेशान रहे।फैजुल्लागंज उपकेंद्र के इलाकों में करीब दो घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। खुरर्मनगर के एलडीए फीडर में फॉल्ट होने से 2 घंटे सप्लाई बंद रही। अलीगंज के चांदगंज गार्डेन, भिड़ियाटोला, सेक्टर, के, बी,सी,क्यू, बेलीगारद चौराहा में 3 घंटे बिजली नहीं रही। महानगर, जानकीपुरम, चौक, आशियाना, अमीनाबाद, लाटूश रोड़, चारबाग, तेलीबाग, दुबग्गा, मोहनलालगंज सहित कई क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रही। मुख्य अभियंता सिस गोमती रजत जुनेजा का कहना है कि कई क्षेत्रों में सप्लाई हुई। शिकायत मिलने पर कर्मचारियों को भेजकर आपूर्ति को बहाल किया जा रहा है। देर रात तक सभी फॉल्ट सही कर आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।




## 678 पदों पर होगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश के अस्पतालों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती होगी। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं की ओर से इसका विज्ञापन जारी कर आवेदन मांगे गए हैं। कुल 678 पदों के लिए एमबीबीएस विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती साक्षात्कार से की जाएगी। आवेदन की अंतिम तारीख 6 जुलाई है। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी वेबसाइट dgmhup .gov .in पर कर सकते हैं।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

35.1° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- सीएमएस गोमती नगर विस्तार कैम्पस में शिक्षक स्वागत समारोह- 9 : 00 बजे।
- इको गार्डन में भाकपा माले और इंसाफ मंच के संयुक्त तत्वाधान में प्रदर्शन- 11 :00 बजे।
- गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हाल में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की आठवीं वार्षिक बैठक और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव- 11 :00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्र- 12 :00 बजे।
- महानगर रामलीला मैदान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन- 5 :30 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में भारतीय संस्कृति संबंध परिषद के मासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षितिज में डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव का कथक नृत्य- 6 :30 बजे।

# केजीएमयू में दलाल, कब सुधरेंगे हाल

## परिसर में सारा दिन लगा रहता है दलालों का जमावड़ा, खुलेआम तीमारदारों को फंसाते



तीमारदार से बात करता दलाल (गले में मगछा डाले)। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कॉर्डियोलॉजी में सारा दिन निजी मेडिकल स्टोरों के दलाल सक्रिय रहते हैं। ये दलाल हाथ में पर्चा देखते ही तीमारदार को घेर लेते हैं। एचआरएफ से भी सस्ती दवाएं देने का झांसा देकर जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। ये सबकुछ परिसर में खुलेआम होता है।

इससे केजीएमयू के कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका लाजमी है। दलालों के सक्रिय होने के कई बार वीडियो वायरल होने और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद विवि प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है।

रविवार को भी तीमारदारों को प्रलोभन देते दलालों का वीडियो वायरल हुआ। दलाल तीमारदार को एचआरएफ से सस्ती दवाएं दिलाने का झांसा देता दिखाई दे रहा है।

इस संबंध में केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि पूर्व में शिकायत मिलने पर दलालों के प्रवेश पर सख्ती की गई थी। अब दोबारा से संज्ञान में आया है। सोमवार को इन्हें चिन्हित कराया जाएगा। जल्द ही लारी की नई बिल्डिंग की शुरुआत होने वाली है। यहां दलालों का घुस पाना संभव नहीं होगा।



चिकित्सकों से मिलने के इंतजार में खड़े एमआर। अमृत विचार

### ओपीडी के समय दर्जनों एमआर का जमावड़ा

लारी कॉर्डियोलॉजी में ओपीडी के समय निजी दवा कंपनी के दर्जनों एमआर चिकित्सकों से मिलने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इससे मरीजों को देखने में असुविधा रहती है। शनिवार को भी कई एमआर चिकित्सकों से मिलने के लिए इंतजार करते दिखे। इसकी भी फोटो वायरल हुई है।

### वायरल वीडियो में दलाल व तीमारदार की बातचीत

- दलाल- एचआरएफ पर दवाएं नहीं मिली क्या।
- तीमारदार - एचआरएफ पर एक दवा नहीं मिली है।
- दलाल- हमारा मेडिकल स्टोर नजदीक में है, छूट पर दवाएं मिल जाएंगी,
- तीमारदार- ये पर्चा देखिए तीसरे नंबर की दवा कितने रुपये में मिलेगी।
- दलाल- अभी पर्चा मेडिकल स्टोर पर भेजकर पुछवाता हूं।
- तीमारदार - कितना समय लगेगा।
- दलाल - 15 मिनट में दवाएं मिल जाएंगी।
- दलाल - पर्चे में तीसरे नंबर की दवा की 30 गोली 1900 रुपये की हैं, आप 1500 दे देना।
- तीमारदार - दवाओं पर छूट कितने रुपये की दे रहें।
- दलाल- 25 फीसदी तक
- तीमारदार - ऑनलाइन ये दवा और सस्ती दिख रही है।
- दलाल- ऑनलाइन खरीदी गई दवा पर विश्वास नहीं करना चाहिए।
- तीमारदार - ठीक अपना नंबर दे दो आप, जरूरत होगी बताएंगे।
- दलाल- मेरा नंबर इस विजटिंग कार्ड में है, फोन कर ले सस्ती दवाएं मिल जाएंगी।

### अमृत विचार की खबर पर थोड़े दिन हुई थी सख्ती, फिर पहले जैसे हालत

अमृत विचार ने अप्रैल महीने में स्टिंग कर इसका खुलासा किया था। फजीहत से बचने के लिए केजीएमयू प्रशासन ने दलालों के प्रवेश पर रोक लगा दी। गार्ड से लेकर पुलिस ने निगरानी के निर्देश दिए थे। कुछ दिनों तक दलाल एचआरएफ काउंटर पर नहीं आए मगर गेट के बाहर जमावड़ा लगाए रखते थे। समय बीतते ही व्यवस्था फिर से पटरी से उतर गई। अब एचआरएफ काउंटर पर पूरी तरह से निजी मेडिकल स्टोर के दलालों ने कब्जा कर रखा है।


केजीएमयू के एचआरएफ सेंटर पर मेडिकल स्टोर्स के बिचौलिए सक्रिय
सेंटर से भी सस्ती दवाएं देने का झांसा देकर तीमारदारों को जाल में फंसा रहे
दलाल, रिपोर्टर में बातचीत
खानापूरी के लिए चस्पा कर रखा है नोटिस
दलालों से सावधान
नकली दवा बेचने की आशंका
रुपये कम पड़े तो दलाल ने दे दिए

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### हर दिन लाखों रुपये का खेल

लारी कार्डियोलॉजी के एचआरएफ काउंटर पर निजी मेडिकल स्टोर के दलालों का कब्जा है। एचआरएफ पर न दवाएं न मिलने पर निजी मेडिकल स्टोर संचालक के दलाल मरीजों को बहलाकर ले जा रहे हैं। हर दिन करीब तीन से चार लाख रुपये का कारोबार एचआरएफ काउंटर पर खड़े दलाल कर रहे हैं। इसकी एवज में उन्हें मोटा कमीशन मिल रहा है।



जेल के गेट पर खिलखिलाते आरोपी।

## दवा के दलाल जेल से छूटते ही बने रंगबाज

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** दो दिन पूर्व एसजीपीजीआई में दवा की दलाली के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में जेल भेजा गया था। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आरोपी जिला जेल से बाहर आते दिख रहे हैं। जेल के मुख्य गेट पर बनाए गए वीडियो में बैक ग्राउंड में 'बाप तो बाप रहेगा' बज रहा था। वीडियो में आरोपी रंगबाजी से कॉलर झटकते और आस्तीन चढ़ाते दिख रहे हैं। हालांकि इस तरह के वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। पीजीआई थाने की पुलिस ने दो दिन पूर्व मोहनलालगंज के रहने वाले शिवांशु यादव, नरेंद्र सिंह, एकतानगर के हिमांशु बाजपेयी, तेलीबाग के शिवा रावत, कल्ली पश्चिम के विशाल कुमार और मोहित कुमार को दवा की दलाली में गिरफ्तार किया था। यह सभी आरोपित संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा महाविद्यालय (पीजीआई) में सस्ता इलाज कराने और मेडिकल स्टोरों से कम दाम पर दवाइयां दिलाने का लालच देकर तीमारदारों को ठगते थे। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच की जा रही है। आरोपितों को शांति भंग की कार्रवाई कर जेल भेजा गया था।

## एक नजर

### जमीन कब्जा मुक्त कराने को बनी टीम

**अमृत विचार,लखनऊ :** राजधानी में नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण की सरकारी जमीनों पर कब्जे चिन्हित करने और अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नगर निगम और एलडीए की संयुक्त टीम गठित की है। टीम में नगर निगम की अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह और प्रभारी अधिकारी संपत्ति संजय यादव व एलडीए से संयुक्त सचिव अर्जन सुशील प्रताप सिंह और तहसीलदार विराग करवरिया को शामिल किया गया है। कब्जा मुक्त कराकर 15 दिन पर रिपोर्ट मंडलायुक्त को देनी होगी।

### लैंड पूलिंग से 350 बीघा भूमि के आवेदन मिले

**अमृत विचार,लखनऊ :** सुल्तानपुर रोड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी के साथ वेलनेस सिटी में भूमि जुटाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। दोनों योजनाओं में किसान जमीन बेचने व अधिग्रहण की बजाय लैंड पूलिंग में दे रहे हैं। इससे इन्हें उसी योजना में विकसित व अविकसित जमीन दी जाएगी। वर्तमान में दोनों योजनाओं में 350 बीघा जमीन लैंड पूलिंग से देने के आवेदन किए हैं। इनमें एग्रीमेंट की प्रक्रिया की जा रही है। अब तक 500 बीघा से अधिक जमीन का जुटाव प्राधिकरण ने कर लिया है।

### सील भवन का सर्वे कर मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग में पुरातत्व विभाग की शिकायत पर सील किए गए भवन की मंडलायुक्त ने रिपोर्ट मांगी है। इस आधार पर विधि कार्रवाई की जाएगी। भवन का सर्वे एलडीए और पुरातत्व विभाग की टीम करेगी। 16 जुलाई 2013 को अमीरुदौली लाइब्रेरी के पास बरादरी रोड पर एक निर्मित भवन में परिवर्तन/परिवर्धन करके निर्माण कराने पर पुरातत्व विभाग के अधीक्षण अभियंता ने आपत्ति जताते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण में शिकायत की थी। इस आधार पर विहित न्यायालय में वाद दायर किया गया। इसके बाद भी भवन स्वामी द्वारा अनधिकृत रूप से निर्माण कार्य किया गया। दोबारा शिकायत पर अपर सचिव के आदेश पर 13 जनवरी 2015 को एलडीए ने भवन सील कर दिया। इसके बाद 21 मई 2015 को निर्माणकर्ता द्वारा पुरातत्व विभाग से एनओसी लेकर परिसर खोलने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया।

# ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टिकट जारी करने की समयसीमा घटाने से बनी नो रूम की स्थिति
- यात्री हो रहे परेशान, निरीक्षकों से होती है नोकझोंक

**अमृत विचार:** रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को कंफर्म सीट तो दूर, यात्रियों को वेटिंग टिकट भी नहीं मिल पा रहा है। वेटिंग टिकट जारी करने की सीमा घटा दिए जाने से ज्यादातर ट्रेनों में नो-रूम की स्थिति है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) में 15 जून से हुए एक बदलाव के चलते पूरी टिकटिंग व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

हालत यह है कि गोरखधाम में एसी फर्स्ट क्लास में चार नंबर तक वेटिंग टिकट मिल रहा है, इसके बाद रिग्रेट (नो-रूम) हो जा रहा है, लखनऊ से होकर जम्मू तक जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस का भी यही हाल है।

यह स्थिति अधिकतर ट्रेनों की है। हालांकि इस व्यवस्था से वेटिंग टिकटों के कंफर्म होने की गुंजाइश बढ़ गई है, लेकिन किसी आपात स्थिति में भी वेटिंग टिकट न मिल पाने से यात्री काफी परेशान हैं। निश्चित संख्या के बाद वेटिंग भी न मिलने से जनरल क्लास में भीड़ और बढ़ गई है।

जिनको जनरल में भी जगह नहीं मिल रही है वे यात्री पेनाल्टी देकर स्लीपर और एसी कोच में सवार हो जा रहे हैं।

बिना आरक्षित टिकट लिए स्लीपर और एसी कोच में सवार होने पर यात्रियों और टिकट निरीक्षकों के बीच रोजाना नोकझोंक भी बढ़ती जा रही है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है रेलवे बोर्ड द्वारा यह सिस्टम अपनाया गया है। जल्द ही सभी इसको समझ जाएंगे तो कोई दिक्कत नहीं होगी।

# बिजली विभाग के दो एई पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आय से अधिक व्यय की शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान ने की थी जांच

**अमृत विचार:** लेसा के चौक और ठाकुरगंज में तैनात रहे दो सहायक अभियंताओं पर भ्रष्टाचार व आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह कार्रवाई प्रमुख सचिव गृह के आदेश पर सतर्कता अधिष्ठान की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जांच में सामने आया कि दोनों सहायक अभियंताओं ने आय से अधिक रुपये खर्च किए। मामले की जांच सतर्कता अधिष्ठान द्वारा की जा रही है।

सतर्कता अधिष्ठान (विको) के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार दुबे ने दोनों सहायक अभियंताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया कि फिरोजाबाद के अशफाबाद गुरुदेव नगर निवासी सहायक अभियंता जितेंद्र सिंह गुर्जर ने विद्युत नगरीय वितरण खंड ठाकुरगंज लेसा में तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार करने की शिकायत की गई थी।

जांच में आरोप सही आए गए। सतर्कता अधिष्ठान की जांच में सामने आया कि जितेंद्र सिंह ने ठकुरगंज में तैनाती के दौरान सभी वैध स्रोतों से 66,02,421 रुपये अर्जित किए। इसी अवधि में उन्होंने परिवार के भरण पोषण पर 75,88,087 रुपये खर्च किए। व्यय आय के सापेक्ष 12,52,666 रुपये अधिक है। आय से अधिक खर्च पर जितेंद्र कोई साक्ष्य नहीं दे सके।

दूसरे सहायक अभियंता प्रयागराज के सराय ममरेज स्थित बारी निवासी जय प्रकाश भारतीय की थी शिकायत की गई। उन पर विनवि खण्ड चौक लेसा में तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार की शिकायत शासन से की गई। जिस पर सतर्कता अधिष्ठान ने जांच की। जांच में पाया गया कि जय प्रकाश ने वैध स्रोतों से 1,07,52,999 रुपये अर्जित किए जबकि इसी अवधि में परिवार के भरण पोषण पर 1,46,12,333 रुपये खर्च कर दिए।

खर्च आय से 38,59,334 रुपये अधिक है। इसका लेखा-जोखा जय प्रकाश सतर्कता अधिष्ठान की टीम को नहीं दे सके। दोनों मामलों में सतर्कता अधिष्ठान ने अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी। शासन की अनुमति मिलने के बाद दोनों के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ सेक्टर में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

योजना

डीजीपी ने 10 प्राथमिकताएं तय कर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, 15 दिन में कार्य योजना तैयार करने के दिए निर्देश

# बेहतर कानून-व्यवस्था का रोडमैप तैयार करेंगे 21 आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बेहतर करने और अपराध नियंत्रण के लिए डीजीपी राजीव कृष्ण ने 10 प्राथमिकताएं तय की हैं। इसके लिए रोड मैप तैयार करने के लिए 21 आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 15 दिन में फीडबैक लेकर कार्ययोजना तैयार करें।

जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनमें 10 आईपीएस पुलिस मुख्यालय और 11 अधिकारी फील्ड में तैनात हैं। कार्ययोजना तैयार होने के बाद डीजीपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये चर्चा करेंगे। इसके बाद लागू किया जाएगा।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने जिम्मेदारी मिलते ही 10 प्राथमिकताएं तय की थी। इन प्राथमिकताओं को लागू करने के लिए एक टीम तैयार की है। इसमें शामिल बिन्दु के लिए अलग-अलग अधिकारी तय किए गए हैं। डीजीपी ने इन अधिकारियों से कहा है कि कार्ययोजना बनाते सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श को जरूर कर लिया जाए।

कार्य योजना तैयार करने में अधिकारियों और विशेषज्ञों से राय जरूर लें। सिपाही, इंस्पेक्टर की राय भी ली जाएगी डीजीपी ने निर्देश दिया है कि कार्ययोजना बनाने में एएसपी, सीओ व इंस्पेक्टर, सिपाही तक से राय ली जाए।

फील्ड में लगातार रहने के कारण ये लोग भी अच्छी राय दे सकते हैं जो कानून-व्यवस्था में सहायक साबित हो सकती है। महिलाओं व आम नागरिकों से जुड़ी बातें भी इस योजना में प्रमुखता से रहे। उन्होंने मौजूद कार्यप्रणाली को आसान बनाने को कहा है।

### इन अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति का रोड मैप एडीजी क्राइम एसके भगत और एडीजी वाराणसी पीयूष मोर्डिया करेंगे। एडीजी डब्ल्यूसीएसओ पद्मजा चौहान व एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ को महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा का रोड मैप तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। साइबर क्राइम का रोड मैप एडीजी साइबर क्राइम बिनोद कुमार सिंह और पुलिस कमिश्नर नोएडा लक्ष्मी सिंह तैयार करेंगी। कानून-व्यवस्था की कार्ययोजना एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश और एडीजी कानपुर आलोक सिंह तैयार करेंगे। बेहतर पुलिस सेवाएं के लिए एडीजी तकनीकी सेवाएं नवीन अरोरा, एडीजी मेरठ भानु भास्कर, कमिश्नर कानपुर अखिल कुमार, पुलिस कल्याण के लिए डीजीपी भवन व कल्याण आरके भारद्वाज, पुलिस कमिश्नर आगरा दीपक कुमार, यातायात व्यवस्था के लिए एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण, एडीजी वाराणसी मोहित अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, जनशिकायतों के निस्तारण के लिए एडीजी बरेली रमित शर्मा, प्रतिभा व विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए आईजी स्थापना नचिकेता झा और पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, प्रशिक्षण का रोड मैप तैयार करने की एडीजी पुलिस अकादमी मुरादाबाद राजीव सब्बरवाल, एडीजी प्रयागराज संजीव गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### ये हैं 10 प्राथमिकताएं

अपराध/अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति, महिलाओं का सशक्तिकरण ओर सुरक्षा व संरक्षण, साइबर अपराध का मुकाबला, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, बेहतर पुलिस सेवाएं, पुलिस कल्याण, प्रतिभा व विशेषज्ञता का उपयोग, प्रौद्योगिकी और एआई की प्राथमिकताओं व पुलिसिंग में प्रयोग, प्रशिक्षण और जन शिकायत का निस्तारण।

# कार्यकारिणी के लिए भाजपा के 6 नाम तय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- महानगर अध्यक्ष ने बैठक में निर्णय लेकर नाम महापौर को भेजे

**अमृत विचार :** नगर निगम कार्यकारिणी समिति के 6 खाली पदों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को बैठक में जनप्रतिनिधियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद 6 सदस्यों के नाम तय कर लिए। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने महापौर सुषमा खर्कवाल को इन सदस्यों के नाम भेज दिए हैं। छह में भाजपा के पांच सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होंगे। एक सदस्य समाजवादी पार्टी का चुना जाना तय है।

कार्यकारिणी सदस्य के लिए भाजपा के पार्षद देवदत्त शर्मा मुन्ना मिश्रा, राजेश सिंह गब्बर, रीता राय, संदीप शर्मा, अमित चौधरी और पृथ्वी गुप्ता के नाम तय किए गए हैं। इनमें एक किस सदस्य का नाम कटेगा, ये निर्णय महापौर को लेना है। पहली जुलाई को नगर निगम के विशेष सदन में कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। नाम पर सहमति नहीं बन पाने से नगर निगम सदन की बैठक दो बार टालनी पड़ी थी। जो छह नाम संगठन ने तय किए हैं उनमें से कई महापौर का विरोध कर रहे थे। कार्यकारिणी सदस्यों के लिए उनका नाम तय होने से यह प्रतीत होता है कि संगठन का महापौर और पार्षदों के बीच मनमुटाव दूर करने का प्रयास है।

# तार पर लटक रहे आम, नो वेंडिंग जोन में फलमंडी से जाम

## उदयगंज की पहचान अतिक्रमण और जाम, सड़क पर फल वालों का कब्जा, दोपहर में अतिक्रमण हटाते हैं शाम को फिर लग जाते हैं ठेले



उदयगंज क्षेत्र की बाजार में झूलते केबल पर लटके आम। अमृत विचार




नो वेंडिंग जोन में लगी दुकान। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- कैंट रोड, हुसैनगंज चौराहे से हनुमान मंदिर तक जाम ही जाम
- एक ही जगह तीन-तीन शराब के ठेके बढ़ा रहे जाम की समस्या

**अमृत विचार आपके द्वार**

टीम : गोपाल सिंह, अमित पांडेय
छायाकार : राजकुमार वाजपेयी

**अमृत विचार :** जब जिम्मेदार अपनी आंखें मूंद लेते हैं तो कुछ इसी तरह का अराजक नजारा देखने को मिलता है। बिजली के मोटे-मोटे तारों पर आम लटक रहे हैं तो नो वेंडिंग जोन में फल मंडी लगी हुई है। पूरी सड़क पर कब्जा कर हांका लगा खुलेआम फलों की बिक्री जारी है। कोई रोकने-टोकने वाला नहीं। भीषण जाम लगे जिम्मेदारों के ठेंगे पर। यह हाल महात्मा गांधी-विक्रमादित्य वार्ड के उदयगंज का है। अतिक्रमण और जाम यहां के लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन गए हैं। हिम्मत देखिए खुलेआम नो वेंडिंग जोन में ही मुख्य मार्ग के दोनों ओर आधी सड़क तक दुकानें सजी हुई हैं। इससे कैंट रोड, हुसैनगंज चौराहे से सिंचाई विभाग मुख्यालय की ओर जाना मुश्किलों भरा है। जाम लगने पर अगर ठेला पीछे करने को कहा, समझो मुसीबत मोल ले ली। अवैध रूप से सजी आम, फल और सब्जी मंडी के दुकानदार अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं। नगर निगम और पुलिस के जिम्मेदारों को सब पता है। लेकिन जुगाड़ और प्रतिदिन होने वाली 'कमाई' की वजह से सुबह तो ठेला हटाने की कवायद होती है। थोड़ी देर बाद ही वह फिर अपनी जगह पर पहुंच जाते हैं। इस औपचारिक कार्रवाई के बीच पिसते हैं यहां से गुजरने वाले लोग। यही नहीं मुख्य मार्ग पर एक ही जगह लाइन से तीन-तीन शराब के ठेके जाम की समस्या और बढ़ा रहे हैं। शाम होते ही यहां शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। जिससे अराजकता का माहौल बना रहता है। 'अमृत विचार आपके द्वार' की टीम जब पहुंची तो स्थानीय लोगों ने समस्याएं दिखाईं।

> सफाईकर्मी रविवार को नहीं आते फिर भी सफाई रखने का प्रयास किया जाता है। मंडी रामलीला ग्राउंड में शिफ्ट हो जाए तो जाम से राहत मिल जाएगी। पटरी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन ओवरब्रिज के नीचे बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। **-अमित चौधरी, पार्षद, महात्मा गांधी-विक्रमादित्य वार्ड**

### रविवार को नहीं आते सफाईकर्मी, सड़क पर गंदगी

नगर निगम के सफाईकर्मी रविवार को छुट्टी मनाते हैं। कर्मचारी के न आने पर मुख्य मार्ग से लेकर गलियों में कूड़े के ढेर लग जाते हैं। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि नालियों की सफाई भी नहीं होती। नालियां पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं, जिससे नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहता है।



सड़क के किनारे से सफेद पट्टी के आगे तक लगे ठेले। अमृत विचार

### घर के सामने लगा दिए दो ट्रांसफार्मर निकलें तो कहां से

उदयगंज में ही मुख्य मार्ग पर बिजली विभाग ने एक दुकान और घर के सामने ही दो-दो ट्रांसफार्मर लगा दिए हैं। ट्रांसफार्मर से कभी चिंगारी निकली तो धमाका होना भी तय है, लेकिन बिजली विभाग को इस ओर देखने की फुरसत नहीं है। भवन स्वामी ने अपने परिवार को वहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कर घर को गोदाम बना दिया है। दो ट्रांसफार्मर के बीच महज पांच फीट के रास्ते से जान हथेली पर लोग निकलते हैं। रिहायशी भी कम 'हिम्मती' नहीं हैं। वह उन्हीं ट्रांसफार्मर के बीच से गुजरकर अपनी फल वाली कैरेट उसी के कोने में लगा देते हैं।

### दुकानों के आगे लटक रहे बिजली के तार

मुख्य मार्ग पर ही दुकानों के सामने केबल और बिजली के तार सिर तक लटक रहे हैं। दुकानदारों से लेकर ग्राहक सिर झुकाकर ही दुकान तक पहुंच पाते हैं। टेलीकॉम कंपनियों के तार और बिजली के केबिल को एक बंडल बनाकर लटका दिया गया है। दुकानदार इसके लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

### बर्फखाना मोहल्ले में तीन दिन से नहीं आ रहा पानी

उदयगंज के बर्फखाना मोहल्ले में तीन दिन से पानी नहीं आ रहा है। इससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को पीने के पानी से लेकर रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए तक समस्या हो रही है। घरों से दूर लगी टंकियों से लोग पानी लाने को मजबूर हैं। जलकल विभाग की लापरवाही से क्षेत्रीय निवासी परेशान हैं। उन्होंने इसकी शिकायत पार्षद अमित चौधरी से की है। लेकिन अभी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।



बिजली के ट्रांसफार्मर के निकट ठेले पर रखा प्लास्टिक का सामान। अमृत विचार



बंद मूत्रालय दिखाता क्षेत्रीय निवासी।

### टॉयलेट को ईंट लगा कर दिया गया बंद

उदयगंज में एक पम्पिंग स्टेशन जो बंद हो चुका है। उसकी दीवार से लगा एक ओपेन पब्लिक टॉयलेट को ईंट लगा बंद कर दिया है। इससे लोग खुले में पेशाब करने को मजबूर हैं। इसके अलावा पम्पिंग स्टेशन के अंदर ही बिजली का ट्रांसफार्मर भी रखा है। यहां थोड़ी खाली जगह है, जिसमें क्षेत्रीय लोग पार्टी करते हैं। लेकिन गंदगी छोड़ देते हैं। जबकि मोहल्ले के बच्चे यहां खेलते हैं। इससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।




सड़क पर अगल-बगल तीन शराब की दुकानें, जिससे शाम होते ही लग जाता है जाम। अमृत विचार

### सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर चले जाते हैं वाहन स्वामी, जाम तो लगेगा ही

उदयगंज में मुख्य मार्ग पर लाइन से तीन शराब के ठेके हैं। इन ठेकों के बाहर शाम को शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग सड़क पर ही इधर-उधर वाहन खड़े करके शराब की दुकान पर चले जाते हैं और कई लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर शराब पीते हैं। इससे सड़क पर लंबा जाम लग जाता है।

### बोले उदयगंज वासी



यहां सफाई कैसी होती है, कई जगह लगे कूड़े के ढेर देखकर अंदाजा लगा सकते हैं। नगर निगम कर्मचारी नियमित नहीं आते हैं। गंदगी हर ओर फैली है। **-दिनेश यादव**



हुसैनगंज चौराहे से लेकर उदयगंज हनुमान मंदिर तक रोजाना भीषण जाम लगा रहता है, जिसकी वजह से स्थानीय नागरिकों से लेकर राहगीरों को परेशानी होती है। **-राकेश पाल**



यहां जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा रहता है, जिससे बीमारियां फैलती हैं। नगर निगम के कर्मचारी सिर्फ आकर खानापूरी कर चले जाते हैं। हर ओर गंदगी दिखती है। **-अनिल कुमार**



क्षेत्र की नालियां जाम हैं। सिल्ट से नालियां पटी हैं। नतीजा सड़क पर पानी बहता है। बारिश का मौसम चल रहा है। ऐसे में बारिशभर इसी समस्या से जूझना पड़ेगा। **-जावेद**



नालियों का गंदा पानी घरों के अंदर आ जाता है, जिससे घर का सामान खराब होता है। अगर नालियां साफ हों तो पानी गंदा पानी निकल जाए। मगर कोई सुनने वाला नहीं। **-आरिफ**



बिजली के तार नीचे तक लटकते रहते हैं, जिसकी वजह से लोगों की जिंदगी खतरे में बनी रहती है। कई बार बिजली विभाग में शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। **-सोनू**



मेरे घर के दोनों तरफ बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, इससे आने-जाने में परेशानी होती है। साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। बारिश के मौसम में खतरा बढ़ जाता है। **-शाबिर**



नालियां जर्जर और टूटी हुई हैं। नालियों का गंदा पानी सड़क पर रहता है। लोगों का चलना दुश्वार रहता है। पैदल तक चलना मुश्किल लेकिन सब आंखें मूंदे रहते हैं। **-सुभाष चंद्रा**



खंभे को सड़क पर लगा दिया गया है। आवागमन में परेशानी होती है। टेलीफोन बॉक्स भी लगा रखा है, जिसका कोई उपयोग नहीं है। फिर हटाया नहीं जा रहा है। **-शिव कुमार जायसवाल**



पार्क नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। परिवार के साथ जा नहीं सकते हैं और न ही बच्चे खेलने जा सकते हैं। पार्क में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। बच्चे को पार्क में कौन भेजेगा। **-पप्पू**



यहां पर शराब की तीन दुकान एक क्रम में ही खुली हुई हैं, जिससे शराबियों का जमावड़ा हमेशा लंबी दूरी तक बना रहता है और आएदिन लड़ाई-झगड़ा होता है। अराजकता का माहौल है। **-वसीम**



शराबियों की वजह से महिलाओं और लड़कियों का निकलना दुश्वार है। शराबी नशे में महिलाओं और लड़कियों को अश्लील फब्तियां कसते हैं। पुलिस झांकती तक नहीं। **-शकील**



यहां ठेले-खोमचे वालों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। अतिक्रमण बड़ी समस्या है। मार्ग पर कब्जा है, लोग चलें तो कहां। **-आबिर**



पार्षद की गली में ही गंदगी का अंबार लगा हुआ है तो आम जनता का क्या हाल होगा। साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी होती है। कोई ध्यान देने वाला नहीं। **-गुड्डू**



नालियों में सिल्ट जमा है, जिसकी कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है। यहां फागिंग भी नहीं होती है। मच्छर जनित बीमारियां फैलने का मौसम है। कोई तो अपनी जिम्मेदारी निभाए। **-परवेज अहमद**



टोंटियों से गंदा पानी आता है, जो पीने योग्य नहीं होता है। पानी की टंकी घर से दूर है, जहां से रोज पानी ढोना पड़ता है। सुबह और शाम के वक्त की यही दिनचर्या हो गई है। **-फैजू हसन**

# ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत की जांच शुरू

## दुबग्गा स्थित तुलसी हॉस्पिटल के चिकित्सकों पर लगा है लापरवाही का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- सीएमओ ने बनाई दो सदस्यीय जांच समिति

**अमृत विचार :** दुबग्गा स्थित तुलसी हॉस्पिटल में आंत के ऑपरेशन के बाद हुए संक्रमण से मरीज की मौत मामले की जांच शुरू हो गई है। शिकायत का संज्ञान लेकर सीएमओ की ओर से दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। समिति ने अस्पताल संचालक को नोटिस भेजकर इलाज से जुड़े रिकार्ड तलब किया है। वहीं पीड़ित परिजनों को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। सीएमओ का कहना है कि जांच में लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी।

उन्नाव के औरास स्थित मवई गांव के रहने वाले विनोद कुमार की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन मई माह में नजदीकी कुंदन हॉस्पिटल रहीमाबाद ले गए थे। वहां पर डॉक्टर सत्य प्रकाश ने बेहतर इलाज का झांसा देकर दुबग्गा स्थित तुलसी हॉस्पिटल भेज दिया। जहां अस्पताल प्रबंधक ने आंत का ऑपरेशन करने की बात कही। इलाज के लिए करीब 3.50 लाख रुपये का खर्च बताया। परिजनों ने खेत गिरवी रखकर रुपये का इंतजाम किया। जिसके बाद जून माह में मरीज विनोद की आंत का ऑपरेशन हुआ। तीसरे दिन मरीज को डिस्चार्ज करके कुंदन अस्पताल भेज दिया गया था। वहां पर टांके सूज गए, फिर दूसरे दिन तुलसी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था। अस्पताल में दोबारा आंत का ऑपरेशन किया गया था। जिसके बाद फिर से आंत में लगे टांकों में सूजन आ गई। आरोप है कि रुपये न देने पर मरीज को जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया। 23 जून की रात मरीज की मौत हो गई। भाई राजेंद्र कुमार ने अस्पताल प्रशासन पर गलत ऑपरेशन व वसूली का आरोप लगाते हुए सीएमओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।


ऑपरेशन के दौरान संक्रमण से मरीज की मौत
परिजन ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप, खेत गिरवी रखकर कराया था ऑपरेशन
ऑपरेशन के बाद बिगड़ी मरीज की हालत

अमृत विचार में 25 जून के अंक में प्रकाशित खबर।

### गोमती से निकाला जलकुंभी समेत 25 क्विंटल कचरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को अभियान चला कर गोमती से लगभग 25 क्विंटल जलकुंभी और कचरा बाहर निकाला। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में दो घंटे चले अभियान में स्वयंसेवकों ने सैकड़ों की संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियां, हजारों की संख्या में पॉलीथीन पैकेट, हवन पूजन विसर्जन सामग्री और नारियल का कचरा बाहर निकाला।

### गलाघोटू बीमारी से बचाव के लिए कराएं टीकाकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुपालन विभाग ने गाय-भैंस को गलाघोटू बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान तेज कर दिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश ने बताया कि गलाघोटू की बीमारी गाय व भैंस में होती है। बारिश में इसके फैलने की संभावना अधिक होती है। यह जानलेवा है। विभाग द्वारा अगस्त तक निशुल्क टीकाकरण जाएगा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ASHOKA NAND से बदलकर ASHOKA NAND YADAV रख लिया है अब भविष्य में मुझे ASHOKA NAND YADAV के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O, HARI KRISHNA YADAV, R/O, ADDRESS - ASAULI BAZAR SIKRIGANJ, DARIHATH, GORAKHPUR.**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथी अरूण प्रकाश मौर्य पुत्र श्री शिवलाल निवासी–बुधिपुर, जिला बलरामपुर, उ0प्र0 का स्थाई निवासी हूं। शपथी का एक प्लाट संख्या–31–ए, खसरा सं0–31का मिन, संस्कृति इन्क्लेव, तकरोही, वार्ड–शहीद भगत सिंह, जिला लखनऊ में है। उक्त प्लाट की मूल रजिस्ट्री बही–1, जिल्द सं0–12427, पृष्ठ–183 से 205, क्रम सं0–3101 दिनांक 30.06.2017 का आखिरी पृष्ठ जो कि रजिस्ट्री आफिस से बैंक आते समय कहीं गिर गया है। शपथी ने ई–थाना द्वारा वास्तु या अभिलेख खोने की रिपोर्ट एल0ए0आर0 नं0–20250000443563 दिनांक 25.06.2025 को दर्ज करा दिया गया है। –शपथी

# सिविल में बनेगा 25 बेड का एचडीयू

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- दो साल में चार बार बदला नक्शा, यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन करेगी निर्माण

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) में 25 बेड की एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) बनेगी। अस्पताल प्रशासन के प्रस्ताव पर शासन से इसकी मंजूरी मिल गई है। अस्पताल प्रशासन का कहना है यूनिट का निर्माण होने से गंभीर मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

सिविल अस्पताल में 30 बेड की इमरजेंसी संचालित है। इसमें बर्न के भी मरीज भर्ती होते हैं। रोजाना 100 से अधिक मरीज इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। गर्मी के दिनों में गंभीर मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में मरीजों को भर्ती करके कुछ राहत मिलने पर तुरंत ही दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। या उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

शासन से एचडीयू के करीब 25 बेड की मंजूरी मिल चुकी है। एचडीयू निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि. को चुना गया है। कारपोरेशन के अधिकारी सिविल के एचडीयू के निर्माण के लिए चार बार नक्शा भी बदल चुके हैं। एचडीयू निर्माण के लिए 320.69 लाख रुपये का प्रस्ताव भी लगभग पास हो चुका है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल में एचडीयू बनाने का प्रस्ताव शासन से मंजूर हो चुका है। शासन से इसका बजट भी जारी हो गया है। उसमें डॉक्टर, स्टाफ रूम व अन्य सुविधाएं भी होंगी।

उ. प्र. उर्दू अकादमी, लखनऊ (उ. प्र. सरकार)
اتر پردیش اردو اکادمی، لکھنؤ
حکومت اتر پردیش
IAS PCS
**उर्दू आई.ए.एस. स्टडी सेन्टर, लखनऊ (यू0पी0)**
**उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग सहित उत्तम भोजन एवं हॉस्टल व्यवस्था**
**ग्यारवें बैच (2025-26) का प्रवेश प्रारम्भ**
उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से सिविल सर्विसेज़ परीक्षा की तैयारी हेतु
अल्पसंख्यकों के लिए सुनहरा अवसर
विस्तृत जानकारी के लिए अकादमी वेबसाइट www.upurduakademi.in पर देखें।
उ0प्र0 उर्दू अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ
सम्पर्क करें– 9450450484, 9208688770
ऑन लाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि : 05.07.2025
प्रवेश परीक्षा तिथि : 13.07.2025
सम्पर्क करने का समय प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक
शौकत अली, सचिव
उन्मेश मिश्रा, निदेशक

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MUO.SHANOO था से बदल कर MO. SHANU रख लिया है। अब मुझे MO.SHANU के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MO.MUNNA 173, JAGSENDA TEH.FATEHPUR DISTT-BARABANKI- PIN CODE - 225305

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHD.QAYYUM था से बदल कर MOHD.KAYYUM रख लिया है।अब मुझे MOHD.KAYYUM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- AYOOB ALI ADDRESS- H-NO-02, TAWAKKAL PUR POST-GANDARA, DISTT- BAHRAICH - 271903

**सूचना**

मैं ASIF पुत्र श्री मोहम्मद हसीब, निवासी –मौज्जम नगर, लखनऊ, 226003–उ0प्र0 ने अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ASIF KAHN रख लिया है, अब से मुझे इसी नाम MOHAMMAD ASIF KHAN से जाना पहचाना औ र लिखा जाये।

**सूचना**

सूचना मैने अपना नाम ASHIF KHAN से बदलकर AASHIK KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAJID KHAN ADD-17, BAJIDARI TOLA, KHAIRABAD DIST-SITAPUR (U.P)

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08–07–2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे तहसील सभागार तहसील मौदहा जनपद हमीरपुर में 68 खाली ड्रमों की नीलामी की जानी है, इच्छुक व्यापारी मे. रामगोपाल एण्ड संस थोक मिट्टी तेल विक्रेता कम्हरिया रोड मौदहा हमीरपुर के यहां जाकर उक्त खाली ड्रमों को देख सकते हैं।

**तहसीलदार मौदहा, हमीरपुर**

**सूचना**

मैं **सियारानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सियाराम निवासिनी ग्राम रसूलपुर मजरा समेसी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ,** मेरे आधार कार्ड नम्बर–8641 2092 0914 में विवाह पूर्व पिता के यहाँ आधार कार्ड में त्रुटिवश पुष्पा देवी नाम दर्ज हो गया था तथा विवाह के पश्चात ससुराल में आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड, राजस्व अभिलेखों, पहचान पत्र, राशन कार्ड में विधवा पेन्शन, गैस एजेन्सी, आयुष्मान कार्ड. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमण पत्र व ईश्रम कार्ड में सियारानी नाम दर्ज है। मैं सियारानी व पुष्पा देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

मैं **ऋषी कुमार पुत्र ज्योति भूषण अग्रवाल निवासी ए–430, इन्दिरा नगर, निकट शालीमार क्रॉसिंग, इन्दिरा नगर, लखनऊ,** 226016 का निवासी हूँ। मेरा नाम ऋषी कुमार अग्रवाल से परिवर्तित होकर ऋषी कुमार हो गया है।ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे स्वयं के हैं। इनको एक ही माना व समझा जाए। यहकि मुझे ऋषी कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) में त्रुटिवश मेरा नाम Madhu Shribasotiya व जन्मतिथि 01/01/1994 हो गया है जोकि गलत है। सही नाम Madhu Shree Basotiya व जन्मतिथि 08/11/1993 है। उपरोक्त दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में Madhu Shree Basotiya **निवासी– उपरहितन पुरवा जानकी नगर गोण्डा** के नाम से जाना पहचाना जाए।

## सार-संक्षेप



सम्मानित किए गए प्रबुद्धजनों के साथ आयोजक। अमृत विचार

### उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले प्रबुद्धजन सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित माधव मंदिर के वार्षिकोत्सव और जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन मंदिर समिति ने सामाजिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि राधा माधव सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने सुधीर हलवासिया, राजेंद्र अग्रवाल, अतुल साहू, डॉ. वंदना, वृंदावन कलाकार मुरारी लाल तिवारी, धनंजय मित्तल व नितेश को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह और पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, ओमकार जैसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, गोविंद साहू, राकेश साहू, श्याम जी साहू, दीपक मल्होत्रा, प्रियंक गुप्ता और अनुराग साहू उपस्थित रहे।

### महालनोबिस जयंती पर हुआ सांख्यिकी दिवस का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती पर 19वां सांख्यिकी दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में मनाया गया। प्रो. मसूद एच. सिद्दीकी, विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग ने विचार रखे। मुख्य अतिथि प्रो. मानुका खन्ना ने सांख्यिकी की गूढ़ बातों पर प्रकाश डाला। डॉ. सुचिता गुप्ता उप महानिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय ने अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सांख्यिकी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों द्वारा सांख्यिकी के क्षेत्र में अवसर और ताजा रुझानों के बारे में पैनल के माध्यम से परिचर्चा की गई।

### जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण नियम पर संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) लखनऊ चैप्टर ने रविवार को सीएमए भवन में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण नियम 2025 पर विश्लेषणात्मक संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह, सचिव सीएमए अभिषेक मिश्रा, उपाध्यक्ष सीएमए जूही उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सीएमए नरेंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष सीएमए डॉ. सुनील सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया। मुख्य वक्ता सीएमए ऋषभ मिश्रा ने कहा कि यह नियम भारत सरकार द्वारा कर प्रशासन में न्यायिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना करदाताओं को न्याय पाने के लिए अधिक सुगम और सुलभमंच प्रदान करेगी, जिससे उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों का दबाव भी कम होगा। सीएमए अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए नियम इज ऑफ डूइंग बिजनेस और टैक्सपेयर फ्रैंडली गवर्नेंस जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम है। यह न्याय व्यवस्था को अधिक वस्तुनिष्ठ, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाते हैं। संगोष्ठी नीतिगत संवाद और व्यावसायिक जागरूकता का एक महत्वपूर्ण मंच है।

### राज्य संग्रहालय में बच्चों ने बनाए वाल हैंगिंग और लैंडस्केप



कार्यक्रम में हैंगिंग व लैंडस्केप बनाते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय ने ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों के तहत एक महीने से खुशियों की पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रविवार को आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. मीनाक्षी खेमका के मार्गदर्शन में विज्ञान फाउंडेशन के 35 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने रंग बिरंगे क्राफ्ट पेपर, स्टीकर्स एवं रंगों के माध्यम से कई तरह की डिजाइनर वस्तुएं तैयार की। पेन स्टैंड, घर, वाल हैंगिंग, ग्रीटिंग काड्र्स, फ्रेम, परी, लिफाफे, लैण्डस्केप आदि बनाए। यह प्रतिभागियों में कला बोध एवं बौद्धिक क्षमता को उजागर करता है। इस प्रकार की गतिविधि में बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में प्रीती साहनी, धनन्जय राय, प्रमोद कुमार, शशिकला राय, गायत्री गुप्ता, अनुराग द्विवेदी, राजेश, मोहम्मद परवेज, आशीष तिवारी एवं पूनम आदि मौजूद रहे।

### बीपी मलिक अध्यक्ष और सुमित बने महासचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** बक्शी का तालाब में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे की अगुवाई में एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिला इकाई का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें बीपी मलिक अध्यक्ष, राम लखन यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुमित गुप्ता महासचिव, सोनम गुप्ता कोषाध्यक्ष, कपिल सिंह विधि सलाहकार, रोबिन सिंह, दीपक यादव संगठन मंत्री, मोहित आजाद मीडिया प्रभारी, अमरपाल मौर्य, नितिन गुप्ता, सचिन तेज, प्रकाश अवस्थी प्रचार मंत्री बनाए गए। इस मौके पर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव राम तिवारी, प्रदेश सचिव बख्शी का तालाब अध्यक्ष,वेद रतन सिंह, प्रदीप सिंह, नितिन गुप्ता, विपिन गुप्ता मौजूद रहें।

### लविवि का प्रतिनिधिमंडल श्रीलंका रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल रविवार को पांच दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका रवाना हो गया। इस यात्रा का उद्देश्य दक्षिण एशिया में शैक्षिक संबंधों को मजबूत करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यापक परिप्रेक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करना है। कुलपति ने इस अभियान को दक्षिणा पथ संवाद एवं समन्वय नाम दिया है। जिसका उद्देश्य कोलंबो में भारतीय उच्चायोग के संयोजन एवं सलाह से श्रीलंका के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। यात्रा के दौरान, प्रतिनिधि मंडल श्रीलंकाई विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग ,संचार एवं समन्वय स्थापित करते हुए वहां रह रहे पूर्व छात्रों के साथ एलुमनी कनेक्ट का भी आयोजन करेगा।

### भाजपा नेता बन अधिकारियों को अर्दब में लेने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के वरिष्ठ नेता की व्हाट्सएप पर डीपी लगाकर शासन के अधिकारियों को कॉल कर अर्दब में लेने वाले आरोपी को हजरतगंज पुलिस ने औरैया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कॉल कर परिचित का काम करवाने का दबाव बनाता था। न करने पर धमकाते हुए ट्रांसफर की धमकी देता था। पुलिस ने आरोपी के पास से धमकी में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया है। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी फिरोजाबाद जनपद के नसीरपुर भाकलपुर का रहने वाला सर्वेश कुमार उर्फ माथुर जी है। आरोपी कुछ समय से औरैया जिले के अजीतमल मुरादगंज में रह रहा था। कुछ दिन पहले उसने भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के नाम से ट्रू-कॉलर में उनका नाम फीड किया। साथ ही उनकी डीपी भी अपने व्हाट्सएप पर लगाई। उसके बाद आरोपी ने वरिष्ठ भाजपा नेता बताकर शासन के कई अधिकारियों को व्हाट्सएप पर कॉल की। आरोपी ने फोन पर परिचितों का काम करने का दबाव बनाते हुए अभद्रता कर अर्दब में लेने की कोशिश की।

# दान और निस्वार्थ काम करने वालों को मिला भामाशाह सम्मान

## भामाशाह की जयंती पर व्यापारी संगठनों ने किए भव्य आयोजन, व्यापारियों से दानवीर के आदर्शों पर चलने का आह्वान

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दानवीर भामाशाह की जयंती पर रविवार को लखनऊ व्यापार मंडल ने भव्य समारोह का आयोजन किया। व्यापारी और समाज के विविध कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

संगठन के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में इसमें बड़ी संख्या में लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। चेयरमैन ने कहा कि भामाशाह सदैव अपरिग्रह को जीवन का मूल मंत्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में सदैव अग्रणी रहे। मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। आज हमारे समाज के जिन व्यापारियों ने निस्वार्थ भाव से दान एवं समाज सेवा की है उन्हें लखनऊ व्यापार मंडल द्वारा दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया है।लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के विदेश में होने के कारण उनका संदेश पढ़ा गया। कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता,स्वदेशी मार्केट के महामंत्री प्रभू जालान उमेश शर्मा, अनुराग मिश्रा, अभिषेक खरे, महामंत्री सुहेल हैदर अल्वी , स्टेशनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, मनीष गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रियांक गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने किया।



लखनऊ व्यापार मंडल के कार्यक्रम में चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल के साथ सम्मानित किए गए व्यापारी और अन्य लोग। अमृत विचार

### इनको किया गया सम्मानित

लखनऊ व्यापार मंडल के कार्यक्रम में उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, सुधीर शंकर हलवासिया, विजय कुमार छाबड़ा, अनिल विरमानी, सतीश शर्मा, राकेश छाबड़ा, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, रमेश मिश्रा, इन्दरजीत सिंह, सुशील अबरोल, नीरज जौहर, सुरेश कुमार, निर्मल सिंह, बी.पी. सिंह, रविन्द्र गुप्ता, टी.पी.एस. अनेजा, श्याम कृष्णानी, देव कुमार शुक्ला, केदारनाथ वाजपेयी, अजय कुमार पिपलानी, संदीप कान्त राजन, मनीष वर्मा, मोहम्मद हसीब "बबलू", सतनाम सिंह, सुरेश तेजवानी, चन्द्रकेश टुटेजा, विनोद अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, हरीश चन्द्र साह, रामप्रकाश गुप्ता, आनन्द रस्तोगी, सतवीर सिंह राजू, रियाज अहमद खान, रतन मेघानी, इरफान अंसारी, मोहम्मद शमसाद, तौहीद सिद्दीकी, आरिफ खां, अतुल त्रिपाठी, विनय शुक्ला, जगजीत सिंह, ई.अजय सक्सेना, गुरुजीत छाबड़ा, अभिषेक चौहान, इमरान कुरैशी, रिंकू यादव, श्रीमती सुरेश कुमारी, लल्लन यादव, प्रमोद अवस्थी, शशि शुक्ला, सुशील तिवारी, मनीष वर्मा, रामशंकर राजपूत, हिमांशु भट्ट, विजय निर्वाण, इन्द्रजीत सिंह, नवीन गुप्ता, कपिल अरोड़ा, छननी सबरवाल, हर्षदीप सिंह, सचिन चड्ढा, रूबल सिंह, कुश अरोड़ा, विशाल चौरसिया, सुमित गुप्ता, प्रियांक गुप्ता, मनीष अरोड़ा, सुधीर गिरिवाल, डॉ. गिरीश, महिला विंग की अध्यक्ष निहारिका सिंह, डॉ. नित्या वर्मा, कृतिका माथुर को अंग वस्त्र मोमेंटो देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

### देश और समाज की खुशहाली के लिए व्यय किया गया धन ही सर्वोत्तम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वावधान में संगठन के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में भामाशाह जयंती मनाई गई। यहां प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने 19 वरिष्ठ व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समय की कीमत सबसे ज्यादा है तथा जो लोग किसी दूसरे की भलाई के लिए, किसी दूसरे के कल्याण के लिए तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपना अमूल्य समय दान में दे रहे हैं, वह सब बधाई के पात्र हैं। कहा देश एवं समाज की खुशहाली के लिए व्यय किया गया धन ही सर्वोत्तम होता है। उन्होंने कहा सभी को हमेशा सकारात्मक कार्य करने चाहिए और व्यापारी समाज शुरू से ही समाज के कल्याण के लिए ही काम करता आया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भामाशाह का जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। जिस प्रकार उन्होंने देश और समाज के लिए अपनी समस्त पूंजी एवं सर्वस्व दान में दे दिया वह अनुकरणीय है।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, आसिफ किदवई, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, नगर महामंत्री संजय द्विवेदी, नगर उपाध्यक्ष परवेश जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव, पंकज अरोड़ा, आदि उपस्थित रहे। भामाशाह सम्मान से सम्मानित होने वाले व्यापारियों में आरकेएस राठौर, अशोक भाटिया, नरेन्द्र शर्मा, श्याम सुंदर अग्रवाल, हरीश कोहली, गुरवीर सिंह नारंग, मुशीर आलम लारी, नासिर इकबाल, प्रकाश मोहन भार्गव, नरेश अग्रवाल, कुलदीप यादव, शिव चन्दर गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, संजय जैन, संजय अग्रवाल, जितेंद्र टंडन, बलबीर अरोड़ा, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी शामिल थे।



उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता और अन्य व्यापारी।



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

## जो भी कमाएं उसका कुछ अंश देश को दें : संदीप

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने दारुलसफा कार्यालय में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापारियों से कहा कि भामाशाह ने अपने देश के लिए अपना सर्वस्व महाराणा प्रताप को न्योछावर कर दिया था।

उनकी जयंती पर प्रत्येक व्यापारी को चाहिए कि वह अपने अंदर के भामाशाह को बाहर लाए। अपने में भामाशाह को ढूंढे। हम जो भी कमाएं उसका कुछ अंश अपने देश के लिए समर्पित करें।

यही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने पुष्पांजलि अर्पित कर भामाशाह को नमन किया। इस अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल,प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, लखनऊ महामंत्री अनुज गौतम,पतंजलि सिंह,सनत गुप्ता, नितिन श्याम अग्रवाल,अमरनाथ चौधरी,जय मिगलानी, सुनीत साहू, रमेश शुक्ला, अनिल अग्रवाल, विमल गर्ग,विकास सक्सेना,सनी सोनी, आनंद गुप्ता, आलोक गुप्ता, मुकेश साहू, संजय निधि अग्रवाल उपस्थित थे।

## भाजपा और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक : दयाशंकर सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन एवं उद्योग संवाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रेनेशा होटल विभूति खंड गोमती नगर में आयोजित भामाशाह जयंती समारोह में अनेक विभूतियां भामाशाह रत्न सम्मान से सम्मानित की गईं। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह कहा कि भाजपा और व्यापारी एक दूसरे के पूरक हैं, भाजपा को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने का श्रेय व्यापारी समाज को जाता है। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने मुख्यमंत्री की ओर से व्यापारी कल्याण दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की सराहना की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने सम्बोधन में भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने और प्रत्येक जिले में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित करने के मुख्यमंत्री के फैसले की सराहना की। मंत्रियों ने पवन जायसवाल, सुधीर हलवासिया, विशाल नैयर, कृष्ण कुमार अग्रवाल, ओंकारनाथ केशरवानी, विशाल गुप्ता, अनिल अग्रवाल, विनोद केशरवानी, साधना जग्गी को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर भामाशाह रत्न सम्मान से सम्मानित किया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भाजपा अनूप गुप्ता, अनीता अग्रवाल, विनोद केसरवानी, रविंद्र जायसवाल, आलोक आर्य, अनिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, डॉ. शालिनी अग्रवाल मौजूद रहे।




परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ सम्मानित किए गए व्यापारी व व्यापारी नेता।

## जीआईएस से बनेगी एससीआर महायोजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) में लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली को शामिल किया गया है। इन जिलों में जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना बनाकर नियोजित विकास और अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे सुविधाएं बढ़ेंगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में दो संस्थाओं के कंसोर्टियम चयनित किए हैं। इनके द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा।

कंपनी पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिह्नित करते हुए डीपीआर बनाएगी। इस अनुसार परियोजनाओं पर काम होगा। इन जिलों में एससीआर 26,700 वर्ग किमी का होगा।, जो छह वर्ष में नियोजित विकास से छह साल में एससीआर का आकार लेगा।

इन जिलों के बीच तेज व सुगम इंटर कनेक्टिविटी से आर्थिक विकास बढ़ेगा। इस योजना में वर्ल्ड बैंक सहयोग करेगा। एससीआर प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

### ये होंगे मुख्य कार्य

- तेज व सुगम कनेक्टिविटी
- आधारभूत सुविधाएं उच्चीकृत
- जिलों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी
- मिसिंग रोड नेटवर्क पूर्ण करना
- रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम
- गांवों तक मिलेंगी शहरी सुविधाएं

## चिनहट में अज्ञात युवक का शव मिला

**अमृत विचार, चिनहट:** थाना क्षेत्र के देवा रोड पर लगभग 30 साल के युवक का शव मिला। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पायी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। साथ ही लखनऊ कमिश्नरेट के सभी थानों के अलावा आसपास के जिलों में गुमशुदा युवकों के बारे में जानकारी मांगी गई है। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्त न होने पर 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अधर्म और अत्याचार बढ़ने पर प्रभु लेते हैं अवतार : अंकित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रामलीला समिति महानगर की ओर से रामलीला मैदान महानगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन पंडित अंकित शास्त्री ने कहा कि ईश्वर की भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है। बालक ध्रुव और भक्त प्रहलाद इसके उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद ने छोटी सी उम्र में ही भगवान को प्राप्त कर लिया। प्रहलाद की भक्ति और श्रद्धा से प्रसन्न होकर विष्णु नरसिंह का रूप धारण कर खंभा फाड़कर प्रकट हुए और हिरण्यकश्यप का अंत कर दिया। जब भक्त प्रहलाद के पिता हिरणयकश्यप अपने पुत्र की ईश्वर भक्ति के कारण अपने पुत्र के शत्रु बन गए तो प्रहलाद का अंत करने के लिए तरह-तरह के उपाय किए लेकिन भक्त प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा और बार-बार ईश्वर अपने भक्त की रक्षा के लिए आते रहे। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करता है उसे कभी भी अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

भागवत कथा के दौरान आज धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया पंडाल को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया। आचार्य अंकित शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है तब प्रभु स्वयं अवतार लेकर इस पृथ्वी पर प्रकट होते हैं। कृष्ण जन्मोत्सव की कथा हिंदू धर्म की एक पवन एवं प्रेरणादायक कथा है, यह कथा विष्णु के आठवें अवतार कृष्ण के जन्म की है। मथुरा में कंस नामक एक अत्याचारी शासक का शासन था वह अपनी बहन देवकी से बहुत प्यार करता था। देवकी का विवाह वासुदेव से हुआ। विवाह के बाद आकाशवाणी हुई कि हे कंस तू जिस बहन से इतना प्यार करता है उसका आठवां पुत्र तेरा काल बनेगा। यह आकाशवाणी सुनकर कंस ने देवकी और वासुदेव को काल कोठरी में डाल दिया। देवकी और वासुदेव की होने वाली छह संतानों को कंस ने एक-एक करके मार डाला, लेकिन सातवीं संतान बलराम थे जिसे योगमाया ने रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया और आठवीं संतान के रूप में कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के अष्टमी तिथि की मध्य रात्रि में भयंकर बारिश के बीच हुआ और इस प्रकार अत्याचारी अहंकारी और अधर्मी कंस के अंत के लिए प्रभु ने अवतार लिया।

इस अवसर पर रामलीला समिति की सभी पदाधिकारी विशेष रूप से महासचिव हेम पंत, दीपक पांडे दीनू, गिरीश जोशी, पुष्कर पंत, संजय श्रीवास्तव, देवेंद्र मिश्रा, भुवन तिवारी, वीके जोशी, संजय पांडे, सर्वजीत सिंह बोरा, केसी उपाध्याय, नीरद लोहानी, कन्हैया पांडे, आनंद सिंह, नवीन पांडे, अनिल जोशी, बृजेश मेहता, हरीश लोहुमी, तारा जोशी, बीपी पांडे, विक्रम बिष्ट, भारती पांडे, सुजाता शर्मा, और भावना लोहुमी आदि मौजूद रहे।

# जान कुर्बान कर दी, जुल्म के आगे नहीं झुके हुसैन : मुराद रजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः मकबरा सआदत अली खां में मोहर्रम की तीसरी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मुराद रजा रिजवी ने कहा कि जिस इंसान ने माल, दौलत, ताकत और पद के लालच में खुद को बेच दिया उसने अपना सौदा बहुत सस्ते में कर लिया, उसने अपने वजूद को नहीं पहचाना।

उन्होंने कहा कि इंसान की मिसाल रेशम के कीड़े की तरह है जो अपने जाल से बचने के लिए जितना ज्यादा थूकता है उतना ही जाल में फंसता चला जाता है और जख्मी हो जाता है। अगर रेशम का कीड़ा अपना जाल तोड़ने में कामयाब हुआ तो रेशम नहीं बनता। रेशम तब बनता है जब कीड़ा उसी में मर जाता है। इसी तरह इंसान जब दुनिया की गुलामी में डूब जाता है तो चाह कर भी निकल नहीं पाता। बाद में उन्होंने कि कर्बला में इमाम हुसैन ने यह साफ़ कर दिया कि हम अपनी जान कुर्बान कर सकते हैं लेकिन खुद को जालिम के हाथों बेच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि आजाद रहने के लिए यजीदियत को ठोकर मारनी ही पड़ेगी। इमामबाड़ा जन्नत मआब सैयद तकी साहब में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैफ अब्बास ने अहलेबैत निजात का रास्ता विषय पर कहा कि अहलेबैत वह चिराग-ए-हिदायत हैं जो हर दौर में मानवता को अंधकार से निकालकर निजात की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाने का जरिया हैं। अहलेबैत की सीरत, उनकी कुर्बानियां और उनका पैग़ाम हमेशा मानवता के लिए प्रकाश की तरह है। मौलाना ने कहा कि कर्बला की जंग में इमाम हुसैन ने यह बताया कि हक़, सच्चाई, न्याय और इस्लाम की बक़ा के लिए हर क़ीमत अदा की जा सकती है। उनकी शिक्षाओं में मुहब्बत, समझ, कुर्बानी और सब्र की वे मिसालें हैं जो मनुष्य को न केवल आध्यात्मिक रूप से उच्च बनाती हैं, बल्कि सांसारिक कल्याण और आखिरत में निजात का साधन बनती हैं। इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि पैगम्बर-ए- इस्लाम ने फरमाया कि जब कोई जनाजा कब्रिस्तान की तरफ जाता है तो उसके साथ तीन चीजें जाती हैं। एक उसके रिश्तेदार, दूसरा उसका माल और तीसरा उसका आमाल। इसमें से कब्रिस्तान से दो चीजें (उसके रिश्तेदार और माल) वापस लौट जाती हैं, उसके आमाल वहीं रह जाते हैं, इसलिए इंसान को अपने आमाल सही रखने चाहिए। इमामबाड़ा गुफरानमाआब में मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि अगर किसी को आजादी चाहिए है तो उसे हजरत इमाम हुसैन की शरण में जाना होगा। हजरत इमाम हुसैन की अजमत और फर्शे अजा की अहमियत बयान करते हुए मौलाना ने कहा पैगम्बरे इस्लाम ने भी फरमाया था कि हुसैन हिदायत का चिराग भी हैं और निजात की कश्ती भी।



मजलिस को खिताब फरमाते मौलाना मुराद रजा रिजवी।

### मर्सियाख्वानी की मजलिस में पढ़ा गया शदीद लखनवी का कलाम

विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नाज़िम साहब में इदारा- ए- तहफ़्फ़ुज़- ए- मर्सिया ख़्वानी की ओर से आयोजित मर्सियाख्वानी की तीसरी मजलिस में डॉ. अली इमाम ज़ैदी "गौहर लखनवी" ने शदीद लखनवी का मर्सिया पेश किया। उन्होंने सुनाया -बाद अल्लाह के नूर-ए-अज़ली है शब्बीर, पूछो क़ुरआन से खालिक़ का वली है शब्बीर, हक़ की मिनजुमला आयात-ए-जली है शब्बीर, शान-ए-अहमद की है जिस में वो अली है शब्बीर, नख़्ल-ए-आलम का बिना तुख़्मे अजब पहल है हुसैन, बाख़ुदा मिस्ल-ए-नबी ख़िल्क़त-ए-अव्वल है हुसैन।

## एक नजर

### शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर 11.63 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठग ने निजी कंपनी कर्मी से 11.63 लाख रुपये ऐंठ लिए। विवेक खंड-4 निवासी विशाल कुमार सिन्हा के वाट्सएप पर 20 मई को मैसेज आया। संपर्क करने पर एक लिंक भेजा। इसके बाद विशाल को एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप में मौजूद प्रिया ने विशाल को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशाल दिए गए कई बैंक खातों में 11 बार में 11,62,871 रुपये निवेश कर दिए। रुपये निकालने का प्रयास करने पर टैक्स के नाम पर और रुपये की मांग गए। रुपये देने से इनकार पर ग्रुप में उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद विशाल ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बिहार के ट्रांसपोर्टर से 22 लाख रुपये ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** ओएलएक्स पर ट्रक का विज्ञापन पोस्ट कर जालसाजों ने बिहार के ट्रांसपोर्टर से 22.16 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देश पर बंथरा पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिहार के मधुबनी निवासी ट्रांसपोर्टर राकेश कुमार ने ओएलएक्स पर एक ट्रक का विज्ञापन देखकर दिए गए नंबर पर फोन लगाया। फोन उठाने वाले ने अपना नाम अमित कुमार और बिचौलिया बताकर ट्रक की फोटो व्हाट्सएप पर भेजी। ट्रक देखने के लिए राजेश लखनऊ के बंथरा के जुनाबगंज स्थित अनीता पार्किंग यार्ड पहुंचे। अमित ने कथित ट्रक मालिक अशोक कुमार व प्रशांत विक्रम सिंह उर्फ आकाश ठाकुर से मुलाकात कराई। लोन का बकाया 22,16,600 रुपये देने पर ट्रक खरीदने की बात हुई। राकेश ने खाते में दो बार में रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने जाली पेपर भेज दिए। छानबीन करने पर राकेश को धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर बंथरा पुलिस ने अमित, अशोक व प्रशांत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो कैफे में हुक्का बार, मैनेजर समेत चार गिरफ्तार

## कैप्टन कैफे का मालिक फरार, नाबालिग समेत 8 को परिजन को सौंपा, द अर्बन हर्मित कैफे के दो पार्टनर भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मड़ियांव में टीएमसी हॉस्पिटल के पास कैप्टन कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने छापा मारा। घेराबंदी कर मैनेजर समेत चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। हुक्का बार से 7 हुक्का, चिलम, पाइप और 7 फ्लेवर्ड तंबाकू बरामद की गई है। इसी तरह आईआईएम रोड स्थित द अर्बन हर्मित कैफे में चल रहे हुक्का से 11 हुक्का, चिलम, 41 पैकेट फ्लेवर्ड तंबाकू और अन्य सामान बरामद किया है। हुक्का बार का संचालन करने वाले दो पार्टनर की तलाश की जा रही है।



पुलिस गिरफ्त में हुक्का बार में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि उपनिरीक्षक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ टीएमसी हॉस्पिटल के पास कैप्टन कैफे में छापेमारी की। पुलिस ने घेरकर चार लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों में मैनेजर राज प्रताप सिंह निवासी केशवनगर, विनय रावत निवासी भिठौली मड़ियांव, अंकुश रावत निवासी बीकेटी व मो. इमरान निवासी फैजुल्लागंज बताया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि साथ ही हुक्का पी रहे एक नाबालिग और सात अन्य को पकड़ा। जिन्हें चेतावनी देकर परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। हुक्का बार का मालिक राघवेंद्र प्रताप सिंह है। आरोपी मालिक कम उम्र के लड़कों और छात्रों को हुक्का बार का लाइसेंस होने का झांसा देता था। कई बार स्कूल ड्रेस में भी आने वाले छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा था। उपनिरीक्षक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, उपनिरीक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ आईआईएम रोड आरके ग्रांड होटल वाली गली में स्थित द अर्बन हर्मित कैफे में छापेमारी की। मौके से आरोपी मालिक अभिषेक यादव व आकिब हाशमी फरार हो गए। पुलिस ने हुक्का पी रहे एक नाबालिग व पांच अन्य को पकड़ा। जिन्हें परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पार्टनर ने आमदनी बढ़ाने के लिए कैफे में ही हुक्का बार खोल लिया था। जिसके बाद से लड़के-लड़कियों की आमद बढ़ गई। रेस्टोरेंट के मुकाबले हुक्का बार से मुनाफा भी बढ़ गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तीन दोस्तों पर हमला अगवा करने का प्रयास

- चिनहट में विवाद, रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट इलाके में बाइक सवार तीन दोस्तों पर दबंगों ने हमला कर दिया। पिस्टल लगाकर दो दोस्तों को अगवा करने का प्रयास किया। जान बचाकर भाग रहे दोस्तों को स्कार्पियो से टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया। हमले में तीनों घायल हो गये। पीड़ितों ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाराबंकी के महात्रृषि नगर निवासी अखण्ड प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 जून को देवा रोड निवासी दोस्त गौरान्ग द्विवेदी और बाराबंकी निवासी शिवम शुक्ला के साथ बाइक से चिनहट आए थे। देर रात करीब 3 बजे चिनहट स्थित यादव ढाबा पर तीनों खाना खाने के लिए रुके गए थे। खाना खाने के मटियारी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में बाराबंकी निवासी सौरभ सिंह, सार्थक जायसवाल, हेमन्त सिंह, कुनाल द्विवेदी, फैजल खान व अज्ञात 7-8 लोगों ने घेर कर पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि पिस्टल लगाकर अखण्ड व गौरान्ग को स्कार्पियो में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ितों को सिर और शरीर पर कॉफी चोटें आईं। तीनों किसी तरह वहां से जान बचा कर भागे।

आरोप है कि कुनाल ने तेज रफ्तार में स्कार्पियो से तीनों दोस्तों को टक्कर मार दी। स्कार्पियो की टक्कर से तीनों सड़क पर दूर जाकर गिरे। उनके ऊपर स्कार्पिया चढ़ाने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने इस संबंध में शनिवार को चिनहट थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जमीन के विवाद में लाठियां चलीं, दर्जन भर घायल

**अमृत विचार, नगराम :** नगराम के ममईमऊ गांव में जमीन के विवाद में लाठी डंडे चलने से सात महिलाओं समेत दर्जन भर लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों शनी, सतीश और मेवालाल को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। नगराम के ममईमऊ गांव में राम मिलन रावत की पट्टे की जमीन है। इससे सटी बंजर भूमि पर गांव के मेवालाल कूड़ा हैं। राम मिलन ने रविवार को अपनी जमीन पर निर्माण शुरू किया। उसने मेवालाल से कूड़ा हटाने को कहा। इस पर दोनों पक्ष के महिला व पुरुष लाठी-डंडे लेकर भिड़ गए। मारपीट में एक पक्ष से रामरानी ,मिटाना, उर्मिला, सुनीता सन्नौ, शनी और दूसरे पक्ष की सरिता, रोशनी, ,सत्यवती व बेला प्रसाद, सतीश, मेवालाल, अजीत, नारेंद्र चोटिल हो गए। थानाध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि मेवालाल ने राम मिलन फूलचंद, राजकुमार शनी, रामविलास, रामदयाल, भानु और राम मिलन ने मेवालाल, नरेंद्र ,नरेंद्र की पत्नी, सतीश ,अजीत, बेला प्रताप, मेवालाल की चारों बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बाइकर्स ने डेढ़ घंटे में तीन महिलाओं को लूटा

- कृष्णानगर में मार्निंग वॉक पर निकली महिला की खींची चेन
- गोमतीनगर में महिला की चेन लूटी
- विकासनगर में किराना व्यापारी की मां की बाली छीनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में बाइकर्स गैंग ने महज डेढ़ घंटे के अंदर लूट की तीन वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी। कृष्णानगर स्थित तुलसी पार्क के पास काली बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर अपर निजी सचिव की पत्नी की चेन लूट ली। घटना उस वक्त हुई जब वह मार्निंग वॉक पर गयी थी। वहीं, गोमतीनगर में वॉक के दौरान महिला की चेन बाइक सवार बदमाशों ने खींच ली। उधर, विकासनगर में बाइक सवार लुटेरों ने किराना व्यापारी की मां की बाली लूट ली। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

कृष्णानगर के गीतापल्ली निवासी बिजन कुमार सिंह सचिवालय में अपर निजी सचिव हैं। शनिवार सुबह करीब पांच बजे उनकी पत्नी सुरुचि मार्निंग वॉक पर गई थीं। तुलसी पार्क स्थित पुत्ती लाल आटा चक्की के पास काली मोटरसाइकिल से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर आधी चेन तोड़कर भाग निकले। सुरुचि ने पति और डॉयल-112 पर सूचना दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बाइक चला रहे बदमाश ने सफेद टीशर्ट और दूसरे ने नारंगी रंग की शर्ट पहनी थी। पुलिस ने बिजन कुमार सिंह की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, विवेक खंड गोमतीनगर निवासी पद्मा पांडेय शनिवार सुबह करीब 6 बजे टहलने निकली थी। घर से कुछ दूर मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आया और मनोज पांडेय चौराहे का रास्ता पूछने लगा। जब तक कुछ समझ पाती, बदमाश चेन खींचकर साथी संग फरार हो गया। गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, विकासनगर के तुलसी पार्क जानकीपुरम निवासी महेंद्र प्रताप जायसवाल की किराना दुकान पर शनिवार सुबह मां बैठी थी। करीब 6:38 बजे मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश दुकान पर पहुंचे और मसाला मांगा। मसाला देते समय एक बदमाश ने झपट्टा मारकर कान की बाली खींच ली। दर्द से महिला कराह उठी। बदमाश बाइक स्टार्ट किए साथी संग फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महेंद्र प्रताप जायसवाल की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवती पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी:** दुबग्गा क्षेत्र में आलोक तिवारी खुदकुशी मामले में पिता ने एक युवती पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। बेगरिया निवासी सोनू तिवारी ने बताया कि बेटे आलोक तिवारी (20) ने 28 जून को आत्महत्या की थी। घटना से पहले वह रात 1 बजे घर आया था। इस दौरान वह मानसिक तनाव में था। पिता का आरोप है कि एक युवती आलोक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी।

# फार्मासिस्ट और सिपाही के मकान में लाखों की चोरी

- जानकीपुरम और गुडंबा थाना क्षेत्र में हुईं वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जानकीपुरम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की फार्मासिस्ट के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। यही नहीं चोर मकान में लगे कैमरे का डीवीआर भी ले गए। गुडंबा में चोरों ने सिपाही के मकान का ताला तोड़कर लाखों का माल चोरी कर लिया। पुलिस दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों की मदद से जांच कर रही है।



जानकीपुरम गार्डेन जानकीपुरम निवासी मनोज श्रीवास्तव की पत्नी गरिमा श्रीवास्तव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट हैं। 26 जून को परिवारवाले बाहर गए थे। अगले दिन दोपहर में सभी घर लौटे। मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गई तो सभी कमरों व अलमारी के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा हुआ था। गरिमा ने बताया कि चोरों ने अलमारी में रखी करीब साढ़े तीन लाख के जेवर, 1.50 लाख व अन्य सामान चोरी कर लिया। यही नहीं चोर घर में लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए। पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुडंबा के कल्याणपुर शिवानी विहार निवासी सिपाही अरुण कुमार सिंह पुलिस लाइन में तैनात हैं। 21 जून को वे परिवार संग पैतृक जनपद बस्ती चले गए थे। 25 जून को पड़ोसी ने दरवाजा खुला देख मकान में चोरी की सूचना दी। वे वापस लौटे तो पता चला कि आलमारी से 35 हजार रुपये और सोने-चांदी के जेवर चोरी गायब थे। अरुण की शिकायत पर गुडंबा पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मंदिर का शीशा तोड़कर चुराया दान पात्र

**अमृत विचार, पीजीआई :** वृंदावन कॉलोनी स्थित सेक्टर-6 के पास एक निजी कॉलोनी के गेट पर बने बालाजी मंदिर में देर रात चोरों ने धावा बोला। चोर रुपये से भरा दान पात्र चोरी कर लिया। जिसमें लगभग एक लाख रुपये हो गये थे। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने छानबीन की। सीसी कैमरे के फुटेज खंगाले तो दो चोरों की करतूत कैद हो गई। मंदिर के पुजारी गणेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग 12:25 बजे दो चोर मंदिर के अंदर आए। उसके बाद शीशा तोड़कर दान पात्र लेकर चले गए। काफी दिनों से रकम निकाली नहीं गयी थी, इसलिए लगभग दानपात्र में इस समय एक लाख रुपये नकद मौजूद थे। शनिवार सुबह ही तेलीबाग चौकी में तहरीर दी गयी थी, लेकिन जब मौके पर कोई भी पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा तो रविवार सुबह इंस्पेक्टर से संपर्क किया गया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

### कुलपति आवास पर लगा चंदन का पेड़ चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर क्षितिज श्रीवास्तव ने बताया कि 24 जून की सुबह सूचना मिली कि कुलपति आवास में लगा चंदन का पेड़ चोर काटकर ले गए। उन्होंने 26 जून को चौक कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

# निजी बैंककर्मी का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

- शादी का झांसा देकर साथ रहे थे दोनों
- बच्चा पैदा होने के बाद से फरार था आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सुमित यादव

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज स्थित प्राइवेट बैंक में काम करने वाली युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को चिनहट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यौन शोषण के शिकार पीड़िता ने बच्चे को जन्म दिया था। जिसके बाद आरोपी मां की बीमारी का बहाना गायब हो गया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

मूल रूप से सुल्तानपुर की रहने वाली पीड़िता वर्ष 2020 से गोसाईंगंज स्थित प्राइवेट बैंक में काम कर रही है। बैंक में ही काम करने वाले सुमित यादव ने पहले उससे दोस्ती की। उसके बाद प्रेम जाल में फंसाकर शादी का वादा किया। इसके बाद चिनहट इलाके में किराए का कमरा लेकर दोनों बतौर पति-पत्नी साथ रहने लगे। इस दौरान आरोपी ने कई बार उसका यौन शोषण किया।

बाद में शादी की बात कहने पर सुमित टालमटोल करने लगा। युवती के गर्भवती होने पर 25 फरवरी को सुमित अपनी मां की बीमारी का बहाना करके पैतृक निवास कासिमाबाद जिला गाजीपुर चला गया। पीड़िता का आरोप था कि लगातार मोबाइल बंद होने पर किसी तरह संपर्क हुआ तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने 4 मार्च को गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जांच में मामला चिनहट का निकला तो गोसाईंगंज पुलिस ने केस चिनहट कोतवाली ट्रांसफर कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी सुमित यादव को मोहनलालगंज के रानीखेड़ा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि आरोपी रानीखेड़ा इलाके में किराये के मकान में रह रहा था।

# राशन बेचते कोटेदार के बेटे समेत दो गिरफ्तार

- डीएम के आदेश पर विरुरा गांव के कोटेदार व बेटे पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार:** पीजीआई के विरुरा गांव के कोटेदार के बेटे को सरकारी राशन का चावल बेचते आपूर्ति अधिकारी की टीम ने दबोच लिया। कोटेदार और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

टीम में शामिल क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सतीश कुमार, श्रद्धा श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक हर्ष मिश्रा और अशोक चौरसिया ने पीजीआई कोतवाली पुलिस के साथ कोटेदार के बेटे को 27 जून को पकडा। जिलाधिकारी के आदेश के बाद पिता और पुत्र पर 28 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र के ग्राम विरुरा (अब नगर निगम क्षेत्र में) के उचित दर की दुकान लाइसेंस रामचंद्र यादव के नाम है।जिसका संचालन उसका बेटा अनुज यादव करता है,अनुज यादव को राशन बेचते पकड़ा गया। थाना परिसर में जब डाला की जांच हुई तो 13 बोरियों में कुल 8.51 कुंटल चावल और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन मिली।

पूछताछ में अनुज यादव ने माना कि वह अपने पिता के नाम की उचित दर दुकान का संचालन करता है और कार्डधारकों को 1-2 किलो कम देकर बचा हुआ चावल कालाबाजारी में बेचता है। इसमें मिलने वाले रुपए में से एक हिस्सा वह पिता को भी देता है। डाला में मौजूद दूसरा व्यक्ति अरुण साहू निवासी मोहीद्दीनपुर, मोहनलालगंज ने बताया कि वह चावल खरीदकर अनुज यादव के साथ बेचने ले जा रहा था।

### रिकार्ड में हेराफेरी, स्टॉक का नहीं हुआ मिलान

पूर्ति विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, माह जून और जुलाई 2025 का कुल स्टॉक 1.45 क्विंटल गेहूं और 1.62 क्विंटल चावल होना चाहिए था। अनुज यादव ने खुद स्वीकार किया कि घटतौली से बचे चावल को कालाबाजारी हेतु ले जाया जा रहा था। इससे यह स्पष्ट हुआ कि उचित दर विक्रेता रामचंद्र द्वारा नियमित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हेराफेरी की जा रही थी। पूर्ति टीम ने डाले में मिले चावल, तौल मशीन को उचित दर विक्रेता गिरीश चंद्र गुप्ता (हजरतगंज क्षेत्र) की सुपुर्दगी में और डाला वाहन पीजीआई थाने की सुपुर्दगी में दिया है। पुलिस ने अनुज यादव व अरुण साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, दुकानदार रामचंद्र के खिलाफ भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## महिला से गैंगरेप का आरोपी तांत्रिक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना में बुधवार रात तांत्रिक ने भूत प्रेत का साया बताकर महिला को कमरे में बंदकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। घटना के दौरान किशोर व एक अन्य भी मौजूद थे। मजिस्ट्रेट के समक्ष हुए बयान में पीड़िता ने यह बात बतायी। बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर आरोपी तांत्रिक और एक बाल अपचारी को रविवार को पकड़ लिया। पुलिस ने बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया।इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूल रूप से पटियाला पंजाब निवासी आरोपी तांत्रिक नारेंद्र कुमार पांडेय करीब 10 साल से आशियाना इलाके में ही रह रहा है। आरोपी के साथी रंजीत की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

# समझौते के लिए बुलाकर की थी गार्ड की हत्या

- एक आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी समेत दो की तलाश में दबिशें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समझौता कराने का झांसा देकर रायबरेली निवासी साबिर अली (28) को बुलाकर खदरा में मौत के घाट उतारने की साजिश रचने वाले सईद को मदेयगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुख्य आरोपी मुन्ना घोसी और उसके एक अन्य साथी की तलाश में छापेमारी कर रही है। जांच में सामने आया कि आरोपी सईद ने मुन्ना से मिलवाने की बात कहकर घर बुलाया था। यहां घर में पहुंचते ही मुन्ना, सईद व साथी ने धारदार हथियार और हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चाकू से वार के आठ निशान मिले हैं।



मृतक साबिर अली



आरोपी सईद

इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी सईद रायबरेली के सय्यद राजन किला बाजार मोहल्ले का रहने वाला है। सईद और मुन्ना घोसी दोनों दोस्त हैं। मुन्ना रायबरेली के नयापुरवा का रहने वाला है। मुन्ना के बेटे पप्पू की 2017 में रायबरेली के शहर कोतवाली इलाके में चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। हत्याकांड में साबिर समेत चार आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद वह मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने लगा। पेशी के चलते शुक्रवार को साबिर रायबरेली आया था।

इंस्पेक्टर ने बताया कि मुन्ना और सईद दोस्त हैं। बेटे की हत्या का बदला लेने के लिए मुन्ना ने सईद से मदद मांगी थी। दोस्ती के चलते सईद ने हामी भरी। साजिश के तहत सईद ने ही साबिर को कॉल कर समझौता कराने के बहाने बुलाया था। स्टेशन पहुंचने पर सईद उसे शुक्रवार रात कार से लेकर खदरा स्थित अपने घर आया। यहां मुन्ना और एक अन्य था। तीनों ने मिलकर साबिर को पीटा। इसके बाद मुन्ना ने चाकू से उसकी गर्दन रेत दी। सईद और साथी ने हथौड़े से कई वार किए थे।

चीखपुकार सुनकर मोहल्ले वाले निकले तो मुन्ना और उसका साथी भाग निकला। जबकि देर रात सईद ने कार में शव रखा और फिर खदरा शिवनगर में एक प्लाट में फेंककर भाग गया था। शनिवार देर रात लखनऊ पुलिस की एक टीम रायबरेली पहुंची। वहां की पुलिस की मदद से रविवार तड़के सईद को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी सईद के खदरा स्थित घर से फावड़ा, चाकू, हथौड़ा और चापड़ बरामद कर लिया गया है।

### न आते पड़ोसी तो फूंक देते साबिर का शव

इंस्पेक्टर ने बताया कि मास्टरमाइंड मुन्ना और सईद ने हत्या के बाद शव को फूंकने की तैयारी कर रखी थी। चीख पुकार होने पर मोहल्लेवालों को आता देख प्लॉन बदलना पड़ा था। आरोपी सईद ने पुलिस को बताया कि अगर मोहल्ले वाले न आते तो शव को किसी जगह ले जाकर फूंक देते।

## असलहा फैक्ट्री

लैपटाप व मोबाइल से मिले कई लोगों के सुराग, सूची और कुंडली तैयार रही पुलिस

# कई संदिग्धों की सूची तैयार, होगी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मलिहाबाद थाने के पास तीन दिन पहले असलहा फैक्ट्री पकड़ी गई थी। इस मामले का मुख्य आरोपी हकीम सलाउद्दीन उर्फ लाला जेल भेज दिया गया है। उसके तार कई लोगों से जुड़े हैं। पुलिस ने लैपटॉप व मोबाइल कई संदिग्धों के नंबर व नाम निकालें है। उनकी सूची के साथ कुंडली तैयारी कर रही है। सभी संदिग्धों से बारी-बारी से पूछताछ की जाएगी।

रविवार को पुलिस की अलग-अलग टीम ने सलाउद्दीन के परिवार से दो घंटे तक पूछ की। बेटी के साथ घर जाकर फिर से तलाशी ली। मलिहाबाद पुलिस की कार्रवाई के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन अबतक पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों को पता नहीं लगा सकी। बड़ी कार्रवाई के नाम पर पुलिस लकीर पीटती हुई दिख रही है। उधर, सूत्रों ने बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ-साथ अलग-अलग इकाई ने सलाउद्दीन की पत्नी व बेटी से पूछताछ की थी। दो चली पूछताछ में लैपटाप खुलवाकर उसमें से मिली जानकारी हासिल की। इसके बाद पुलिस की एक टीम बेटी को घर ले गई, जहां पर कुछ चीजों के बारे में पूछा गया। इसके बाद उन लोगों को छोड़ दिया गया है।

अब पुलिस यह पता लगा रही है कि सलाउद्दीन के घर में किसका-किसका आना जाना था। इसके साथ ही सलाउद्दीन के मोबाइल में मिले नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। शक के आधार पर अलग-अलग लोगों को उटाया जाएगा, ताकि असलहों की सप्लाई कैसे होती थी। कौन आर्डर लाता था, फिर सप्लाई कौन करता था। उसका पता लगाया जा सके। उधर, सलाउद्दीन की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए अप्लाई कर दिया गया है। वह मिलते ही और भी अहम राज सामने आ सकते हैं। एसीपी मलिहाबाद विनीत सिंह के मुताबिक जांच में जो साक्ष्य मिलेंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### यह था मामला

मलिहाबाद पुलिस ने थाने के पास घर अवैध असलहे की फक्ट्री चला रहे सलाउद्दीन के घर पर छापा मारा। सलाउद्दीन को गिरफ्तार करने के साथ ही घर से 14 असलहे, 140 कारतूस, बारा सिंगा और हिरन की खाल बरामद की थी। पुलिस ने सलाउद्दीन की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## निर्माणाधीन दीवार ढहने से मजदूर की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग:** लोको वर्कशॉप की दीवार शनिवार शाम निर्माण कार्य के दौरान दीवार ढहने से एक मजदूर दब गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर कृष्णानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि शनिवार शाम आलमबाग क्षेत्र में लोको वर्कशॉप में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान पश्चिम बंगाल निवासी मजदूर दिल मोहम्मद नवनिर्मित दीवार पर चढ़ काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह गिर गया।

# कूड़ा उठाने के विवाद में सफाईकर्मी को पीटा, फोड़ा सिर

- घायल की पत्नी ने अलीगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अलीगंज स्थित माइकल रोड पर रविवार सुबह कूड़ा उठाने के विवाद में दो लोगों ने नगर निगम के सफाई कर्मचारी को पीट दिया।

लालबाग निवासी रंजीता ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10:15 बजे सफाईकर्मी पति आनंद कुमार रिश्ते में बहनोई एक युवक के साथ अलीगंज में माइकल रोड पर सफाई कर रहे थे। इस दौरान एक युवक ने पहले उनके घर के पास से कूड़े को हटाने को कहा। आनंद ने काम पूरा होने के बाद वहां आने की बात कही। इस पर युवक व उसका साथी गाली-गलौज करने लगे। वि आनंद से मारपीट की और धक्का देकर गिरा दिया। डंडों और ईंट से उनपर हमला कर दिया। पिटाई में आनंद का सिर फट गया और हाथ में काफी चोटें आ गईं। बहनोई ने डॉयल-112 पर पुलिस को सूचना दी।

इस पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। घायल को लेकर परिजन अलीगंज थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर ने बताया कि पीड़ित की पत्नी रंजीता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## महिला पत्रकार से अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** मेदांता अस्पताल में भर्ती परिचित को देखने कर लौट रही महिला पत्रकार से अस्पताल परिसर में ही कार सवार दबंग ने अभद्रता की। विरोध पर आरोपी ने गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। घटना सीसी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़िता ने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को कार का नंबर के साथ फुटेज भी सौंपी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने एक मामला उठाया। जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# एकल और युगल में प्रभाष ने जीते स्वर्ण पदक

## स्व. रणबहादुर सिंह स्मारक जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला वर्ग में स्नेहा सिंह बनीं विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रमाणपत्र और पदक के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

- प्रभाष ने एकल में भुवनेश को 25-21, 23-12 से हराया
- युगल में प्रभाष और फरहान की जोड़ी को मिला वाक ओवर

**अमृत विचारः** स्व. रणबहादुर सिंह स्मारक जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में प्रभाष कुमार कुशवाहा ने एकल व युगल में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। महिला वर्ग में स्नेहा सिंह ने चैंपियन बनी।

गोमती नगर स्थित यूपी बैडमिंटन अकादमी के बीबीडी हाल में एकल मुकाबले में प्रभाष ने भुवनेश उतरानी को सीधे सीटों में 25-21, 23-12 से पराजित किया। पहले गेम में दोनों के बीच एक-एक प्वाइंट का संघर्ष देखने को मिला। दूसरे सेट में प्रभाष हावी हो गए। युगल में प्रभाष ने बीबीडी के फरहान खान के साथ जोड़ी बनाई। सिद्धार्थ मिश्रा घुटने में चोट के कारण नहीं खेल सके। इससे मोक्ष और सिद्धार्थ की जोड़ी मैदान में नहीं उतरी और प्रभाष व फरहान को वाक ओवर मिल गया।

महिला वर्ग के एकल में स्नेहा सिह और प्रियंका गौतम में जोरदार मुकाबला हुआ। तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में स्नेहा ने प्रियंका को 21-19, 15-21, 21-15 से हराया। पहला गेम प्रियंका को काफी मेहनत करनी पड़ी। दूसरे गेम में उन्होंने जोरदार वापसी की, लेकिन तीसरे गेम में स्नेहा ने शानदार खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

अन्य मुकाबलों में पुरुष वर्ग में अंडर-19 में बीबीडी के नितेश ठाकुर ने एकल वर्ग के फाइनल में केडी सिंह यादव के शिवम यादव को शिकस्त दी। पहला गेम नितेश ने 21-19 से और दूसरा शिवम ने 21-15 से जीता। तीसरे निर्णायक सेट में शिवम रिटायर्ड कर गए जिसके चलते नितेश को विजेता घोषित किया गया। बालक अंडर-15 के एकल फाइनल में हर्षित यादव ने लोनीबोन को 21-15 ,21-17 से हराया।

विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश बैडमिंटन के चेयरमैन विराज सागर और प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल ने पुरस्कृत किया। लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी ने धन्यवाद दिया। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, राम मोहन अग्रवाल, डॉ. योगेश शेट्टी और देवेंद्र कौशल सहित मौजूद रहे।

# नए कीर्तिमान गढ़ कृष्ण ने जीते दो स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**स्वीमिंग चैंपियनशिप**

- 50 मीटर बटरफ्लाई में 26.45 व 100 मीटर फ्रीस्टाइल में निकाला 57.63 सेकंड का समय

**अमृत विचारः** लखनऊ हॉस्टल के कृष्ण यादव ने राज्य सब जूनियर और जूनियर स्वीमिंग चैंपियनशिप में रविवार को बालक टू ग्रुप में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 50 मीटर बटरफ्लाई में 26.45 सेकंड और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 57.63 सेकंड का समय निकालकर नए कीर्तिमान बनाए।दूसरे दिन आठ नए मीट रिकॉर्ड बने।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में चल रही चैंपियनशिप में बालिका ग्रुप टू की 50 मीटर बटरफ्लाई में गौतमबुद्ध नगर की सिदक कौर ने 32.49 सेकंड, बालक ग्रुप वन की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में गौतमबुद्ध नगर के वेदांत चंदा ने 55.61 सेकंड, बालिका ग्रुप वन की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में गौतमबुद्धनगर की शायला ने 1.03.53 मिनट, बालक ग्रुप तीन की 100 मीटर फ्री स्टाइल में बहराइच के अंश प्रताप सिंह ने 1.04.09 मिनट, बालिका ग्रुप थ्री की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बहराइच की श्रीजा सिंह ने 1.10.15 मिनट और बालिका ग्रुप वन की 200 मीटर बैक स्ट्रोक में झांसी की जिया यादव ने 2.35.43 मिनट के साथ कीर्तिमान रचते हुए स्वर्ण पदक जीते।

### 800 मीटर फ्रीस्टाइल के परिणाम

800 मीटर फ्रीस्टाइल बालक ग्रुप वन में भदोही के विश्वनाथ आनंद ने स्वर्ण, सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के राज चौहान ने रजत और देवरिया के गोलू यादव ने कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा के बालिका वर्ग में गौतमबुद्ध नगर की डी रविकांत ने स्वर्ण, कुशीनगर की प्रदीक्षा निषाद ने रजत और गौतमबुद्धनगर की गीतिका चौहान ने कांस्य पदक जीता। 800 मीटर फ्रीस्टाइल बालक ग्रुप टू में कुशीनगर के सचिन यादव ने स्वर्ण, भदोही के हरिओम ने रजत और सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज प्रिंस यादव ने कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा के बालिका ग्रुप टू में गाजियाबाद की प्रियदर्शिनी ठाकुर ने स्वर्ण, गौतमबुद्ध नगर की एस वर्मा ने रजत और सान्वी ने कांस्य पदक जीता।

### बटरफ्लाई के परिणाम

50 मीटर बटरफ्लाई बालक ग्रुप टू में गौतमबुद्ध नगर के वेदांत चौहान ने स्वर्ण, सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के शुभम चौहान ने रजत और कन्नौज के यर्थात सिंह यादव ने कांस्य जीता। इसी स्पर्धा के बालिका ग्रुप वन में गौतमबुद्ध नगर की शायला ने स्वर्ण, उत्सा गंगवार ने रजत और लखनऊ स्पोर्ट्स हॉस्टल की शीतल निषाद ने कांस्य पदक जीता। 200 मीटर बटरफ्लाई बालक ग्रुप वन में कन्नौज के यर्थात सिंह यादव ने स्वर्ण (कन्नौज), भदोही के विश्वनाथ आनंद ने रजत और अयोध्या के मो. अयान खान ने कांस्य जीता। इसी स्पर्धा के बालिका ग्रुप वन में गौतमबुद्धनगर की उत्सा गंगवार ने स्वर्ण, वामिका कपूर ने रजत और मिर्जापुर की वंदना साहनी ने कांस्य जीता।

### ब्रेस्ट स्ट्रोक के परिणाम

50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक बालिका ग्रुप टू में गाजियाबाद की इरा गौर ने स्वर्ण, गौतमबुद्धनगर की भाविका चौधरी ने रजत व यहीं की एंजनीला ने कांस्य जीता।इसी स्पर्धा के बालक वर्ग में सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के हिमांशु सिंह ने स्वर्ण और लखनऊ के शिवेंद्र यादव ने रजत व चैतन्य ने कांस्य जीता।

## एक नजर

### छात्रवृत्ति के लिए दो जुलाई से करें ऑनलाइन आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए दो जुलाई से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग ने शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए पूर्व दशम (कक्षा नौ व 10) और दशमोत्तर (कक्षा 11 व 12 ) की समय-सारिणी बुधवार को जारी कर दी है। विद्यार्थी 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकेंगे। छात्रवृत्ति आवेदन से लेकर जारी किए जाने तक का संपूर्ण टाइम टेबल जारी किया गया है। विद्यालय अपना मास्टर डाटा 1 जुलाई से 5 जुलाई तक जारी करेंगे।

### परास्नातक प्रवेश के लिए 15 तक आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में परास्नातक में आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून से बढ़कर 15 जुलाई कर दी गई है ।इस प्रक्रिया में वे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है जो सीयूईटी के माध्यम से आवेदन नहीं कर पाए थे। इस प्रक्रिया में वे अभ्यर्थी जो सीयूईटी के माध्यम से आवेदन किए थे उन सभी को मौका देते हुए 15 जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

### छात्रा को 1,36,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा नबा नदीम को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित व्हिटवर्थ यूनिवर्सिटी द्वारा 1,36,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। नबा नदीम ने सफलता का श्रेय शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा बधाई दी है।

### जॉगिंग ट्रैक किनारे लगेगी लाइटें

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जॉगिंग के लिए बनाए गए सिंथेटिक ट्रैक के किनारे जल्द ही लाइट लगेंगी। इसके लिए स्थलीय निरीक्षण भी किया जा चुका है। करीब छह महीने पहले इस ट्रैक को तैयार किया गया था। तकरीबन 800 मीटर के इस सिंथेटिक ट्रैक के किनारे लाइट लगाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा के अनुसार जॉगिंग ट्रैक के किनारे लाइट लगाई जाएंगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है।

### द इंपैक्ट रैकिंग में शामिल हुआ इंटेग्रल यूनिवर्सिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्वभर के 2318 विश्वविद्यालयों के बीच इंटेग्रल यूनिवर्सिटी ने अपनी पहली ही प्रविष्टि में 1000-1500 के प्रभावशाली रैंक बैंड में स्थान प्राप्त किया है। इंटेग्रल यूनिवर्सिटी ने विशेष रूप से एसडीजी 7 (सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा) तथा एसडीजी 12 (जिम्मेदार खपत और उत्पादन) के क्षेत्रों में उच्च स्कोर प्राप्त किया है। साथ ही एसडीजी 3 (अच्छा स्वास्थ्य और कुशल-क्षेम) में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन भी किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समाजोपयोगी अनुसंधान तथा सामुदायिक सेवा के प्रति निष्ठा का प्रतिफल है। इंटेग्रल यूनिवर्सिटी की यह सफलता इसके शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों के सामूहिक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

# यूपीएसएसएससी में दूसरे की जगह परीक्षा देते एक को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक, सहायक स्तर III मुख्य परीक्षा रविवार को प्रदेश के 21 जनपदों के 541 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा के लिए 2,43,981 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया गया था। जिसमें 1,39,462 (57.16%) अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। 1,04,519 (42.84%) अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के दौरान झांसी स्थित परीक्षा केंद्र से दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया है।



चौक स्टेडियम में यूपी की वुशू टीम के साथ पदाधिकारी।

# प्रदेश की वुशू टीम में राजधानी के 11 खिलाड़ियों ने बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**33** सदस्यीय टीम में हैदराबाद में जूनियर चैंपियनशिप में करेगी प्रतिभाग

**अमृत विचारः** प्रदेश की 33 सदस्यीय वुशू टीम रविवार को घोषित कर दी गई, जिसमें राजधानी के 11 खिलाड़ी शामिल हैं। यूपी वुशू एसोसिशन के महासचिव मनीष कक्कड़ ने बताया कि टीम हैदराबाद में एक से छह जुलाई तक होने वाली राष्ट्रीय जूनियर वुशू चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम का चयन किया गया है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा ने रविवार को चौक स्टेडियम में टीम के सदस्यों को किट देकर जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

मनीष ने बताया कि टीम में लखनऊ के सुनिश रावत, शुभम रावत, शगुन रावत, अंजल, मान्या, नेहा, कृष्णा, प्रिंस, अदिति, महेंद्र, सुधा को शामिल किया गया है। आगरा के अनुष्का, निखिल सोनी, कुश शाह सिसोदिया, अनिरुद्ध ने भी टीम में जगह बनाई। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के बुद्धम लामा, समीप, आर्यमान, प्रियंका भाटी, प्रतिभा, मयंक रोसा, प्रियांशु, नैंसी और मेरठ के कनिका, शौर्य, निशांत, प्रशांत, आरोही बसंल को भी शामिल किया गया है। बागपत के शौर्य राठी और रिया पंवार बुलंदशहर की लकी, भावना देशवाल गाजियाबाद की शिखा को भी शामिल किया गया है। मेरठ की नेहा कश्यप व गौतमबुद्ध नगर के अमित रोसा प्रशिक्षक होंगे। लखनऊ के मनोज व जौनपुर के शकील को मैनेजर बनाया गया है।

## हर्ष ने लगाया विस्फोटक शतक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सार ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में रविवार को सीएएल पर्पल, लेवेंडर, ब्रांज और व्हाइट ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। योगानंद मैदान पर सीएएल पर्पल ने सीएएल ब्राउन को नौ विकेट से हराया। विजयी रही टीम से हार्दिक सिंह ने चार विकेट झटके। अगले मैच में लेवेंडर ने ऑलिव को 228 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। विजयी टीम से हर्ष वर्धन पंत ने 81 गेंदों में 20 चौके, आठ छक्के की मदद से 156 रन की विस्फोटक पारी खेली। अन्य मुकाबलों में ब्रांज ने पीच को 6 विकेट और व्हाइट ने मरुन को 55 रन से हराया।

### पदक विजेता शिक्षक को बीएसए बनाने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने पावरलिफ्टिंग में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले प्राइमरी स्कूल के शिक्षक राकेश तिवारी को पदोन्नति देकर बीएसए बनाने की मांग उठाई है। संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष संतोष तिवारी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि जिस तरह से क्रिकेटर रिंकू सिंह को बीएसए बनाने का फैसला लिया गया है, उसी तरह उन्नाव के नवाबगंज स्थित खडेहरा प्राइमरी स्कूल में तैनात शिक्षक राकेश को भी पदोन्नति देकर बीएसए बनाया जाए। संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान का कहना है कि राकेश ने दिसंबर 2019 में झारखंड के जमशेदपुर में आयोजित सुब्रतो क्लासिक इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग के 66 किग्रा. वर्ग में रजत पदक जीता था।

## आज जारी होगी अंतरजनपदीय तबादला सूची

**अमृत विचार, लखनऊः** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के स्वेच्छा से अंतरजनपदीय स्थानांतरण की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। 30 जून को तबादलों की सूची जारी की जाएगी। सभी जिलों को 29 जून तक आनलाइन डाटा का सत्यापन और लाकिंग का काम पूरा कर लिया गया है।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी), लखनऊ द्वारा तैयार साफ्टवेयर के जरिये यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तय समय में कार्रवाई पूरी करना है। जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शिक्षकों के डाटा की सही जांच करके समय पर लाक करें, ताकि 30 जून को बिना देरी के अंतिम सूची जारी की जा सके।

# लविवि की शोध छात्रा ने रामकथा संग्रहालय पर ऑस्ट्रेलिया में दी प्रस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग की द्वितीय वर्ष की शोधार्थी सान्या गुप्ता ने ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 22 से 28 जून तक आयोजित प्रतिष्ठित वर्ल्ड आर्कियोलॉजिकल कांग्रेस में अपने शोध पत्र "अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालयः अयोध्या की सांस्कृतिक संरक्षक" पर प्रस्तुति दी। वह प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के निर्देशन में पीएचडी कर रही हैं।

वर्ल्ड आर्कियोलॉजिकल कांग्रेस विश्व स्तर पर पुरातत्व के क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलनों में से एक है। ये प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होता है।

इसमें विश्व भर के विद्वान, शोधकर्ता और क्षेत्रीय विशेषज्ञ एकत्र होकर सांस्कृतिक विरासत, पुरातत्त्वीय पद्धतियों और उनसे जुड़े समसामयिक मुद्दों पर संवाद और शोध प्रस्तुत करते हैं। इस उपलब्धि के साथ-साथ सान्या गुप्ता को "अर्ली करियर रिसर्च विमेन स्कॉलरशिप" से भी सम्मानित किया गया, जो उभरती हुई महिला शोधार्थियों की प्रतिभा और क्षमता को मान्यता देता है। इस सम्मान को प्राप्त करने वाली वह देश की सबसे युवा शोधकर्ताओं में से एक बन गई हैं।

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 151 सहायता केंद्रों पर चल रही काउंसलिंग
- 29 जून तक लगभग 1,10,000 छात्र विकल्प चुन लेंगे

**अमृत विचारः** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से संचालित वर्ष 2025 की ऑनलाइन प्रवेश काउंसिलिंग प्रदेश भर में 27 जून से प्रारंभ हो चुकी है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए राज्य के 151 सहायता केन्द्रों पर काउंसिलिंग प्रक्रिया संचालित की जा रही है। सहायता केन्द्रों पर तैनात तकनीकी स्टाफ छात्रों को विकल्प चयन प्रक्रिया में मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता कर रहा है।

परिषद के अनुसार रविवार रात तक लगभग 1,10,000 अभ्यर्थी प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत अपने विकल्पों का चयन पूर्ण कर लेंगे। यह संख्या प्रदेश में तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ते रुझान को दर्शाती है। परिषद ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने नजदीकी सहायता केन्द्र पर जाकर विकल्प चयन की प्रक्रिया पूर्ण करें एवं प्रवेश काउंसिलिंग से जुड़ी अद्यतन जानकारी के लिए परिषद के पोर्टल jeecup.admissions.nic.in पर नियमित रूप से विजिट करते रहें।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।

पताः-तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना

पत्रांक- 418 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्राली / अनु0सहायक / 2025-2026, दिनांकः-18-06-2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु स्वीकृति निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर रसीद की मूल प्रति अन्य निविदा प्रपत्रों के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | योजना / कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | सांसद निधि योजना | | | | |
| 1 | सीतापुर | ग्राम बनवीरपुर वि0खं0 पहला एवं ग्राम विशेस्वरपुर, गन्धौली वि0खं0 सिधौली में हाईमास्ट लाइट का अधिष्ठान कार्य। | 4.06 | 0.21 | 500+150+118= 768.00 | 03 माह |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-04-07-25 से 07-07-25 (पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थानः-08-07-25 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सीतापुर, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद सीतापुर।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-09-07-25 को अपरान्ह 12:30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सीतापुर में सम्पर्क करें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड सीतापुर।
राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP - 235391 दिनांक: 27/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता 17वां(वि०/यां०) वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ

पत्रांक: 1596/7(1)CBW-17E/M/2025 दिनांक: 24/06/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम श्री राज्यपाल, उ०प्र० की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर के आधार पर **दिनांक 01/07/2025 से दिनांक 15/07/2025** तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य जमा करा कर निविदा कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदा दिनांक 15/07/2025 को दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 15/07/2025 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। यदि दिनांक 15/07/2025 को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र० सं० | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले खण्ड का नाम | सम्बन्धित वृत्त का नाम | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का नाम | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | राजभवन मुख्य भवन के छत पर लगी केबिल ट्रे को कवर करने का कार्य। | 8.42 + 18% जी०एस०टी० | 0.85 | 766.00 | 30 दिन | कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ | अधीक्षण अभियंता, 17वां(वि०/यां०) वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ | मुख्य अभियंता (वि०/यां०), लो०नि०वि०, लखनऊ | लो0नि0वि0 में "ए" श्रेणी में विद्युत कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार। |

सामान्य शर्तः
1- निविदा सम्बन्धित जानकारी दिनांक 14/07/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।
2- टी-1 की सामान्य शर्तें मान्य होंगी। प्रपत्र टी-4, टी-5 एवं टी-6 (मूल में) निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
3- निविदा की वैधता 90 दिन के लिये होगी। निविदा के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर वैधता हेतु लगाना अनिवार्य होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।
4- सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।
5- आयकर/जी०एस०टी०/लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
6- कॉलम सं० 5 मे अंकित धरोहर धनराशि (Refundable) जो शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक से निर्गत एफ०डी०आर० एवं डाकघर से जारी एन०एस०सी० के रूप में कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ के पद नाम में बंधक होगी तथा कॉलम सं० 6 मे अंकित निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जो शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक से जारी डिमान्ड ड्राफ्ट (Non-refundable) के रूप में कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ के नाम से देय होगा।
7- कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
8- अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताए एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(पारितोष सिंह)
कार्य अधीक्षक
अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०) लो०नि०वि०, लखनऊ

(आर० एम० श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियंता
17वां (वि०/यां०) वृत्त लो०नि०वि०, लखनऊ

UP - 235449 दिनांक: 27/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद-रायबरेली

पत्रांक: 487/अधि0अधि0न0प0स0/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक: 28.06.2025

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)**

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना व पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान संख्या-83) व सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कायों हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक- 02.07.2025 से 10.07.2025 सांय 05:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी समस्त कार्यवाही **www.etender.up.nic.in** पर ही की जायेगी। दिनांक- 11.07.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे निविदाएं कार्यालय नगर पंचायत सलोन में खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई7निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त प्राप्त की जा सकती है। नोट-शासन द्वारा प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि से भुगतान किया जायेगा शेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त होने पर किया जायेगा।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 30.06.2025 | - |
| 2. | | Tender Download | 02.07.2025 10:00 am | 10.07.2025 05:00 pm |
| 3. | | Bid Submission | 02.07.2025 10:00 am | 10.07.2025 05:00 pm |
| 4. | Bid Opening | | 11.07.2025 11:00 am | |

''कार्य-विवरण''

| क्र0 सं0 | कार्य/ स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (GST सहित) | जमानत राशि 10 प्रति0 | निविदा फार्म शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना। | | | | |
| 1. | नगर पंचायत सलोन के अन्तर्गत वार्ड संख्या 12 में मो0 अनीस के मकान से विनोद साहू के मकान तक कवर्ड नाला का निर्माण कार्य। | 636900.00 | 53900 | 650 | 01 माह |
| | पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान संख्या-83) | | | | |
| 2. | वार्ड सं0 05 में आलम के मकान से अरमान के मकान तक सी0सी0 रोड व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 985000.00 | 83500.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 3. | वार्ड सं0 05 में नईम के मकान से विकास कौशल के मकान तक मिट्टी सी0सी0 रोड व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 1575000.00 | 133500.00 | 1600.00 | 02 माह |
| | सीवरेज एवं जलनिकासी योजना। | | | | |
| 4. | जगतपुर सम्पर्क मार्ग में चौराहे से एस0 जे0एस0 के सामने तक कवर्ड नाला का निर्माण कार्य। | 2227000.00 | 188750.00 | 2300.00 | 02 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

प्रशासक
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायक:।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशय:॥

दुष्ट पत्नी , शठ मित्र , उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना , ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए ।

## संपादकीय

# सामाजिक सुरक्षा में आगे

देश ने समावेशी कल्याण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएं हैं। दस वर्षों में भारत का 19 प्रतिशत से 64.3 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक का सफर पैमाने और इरादे दोनों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती हैं तो सभी कुछ संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज देश में लगभग 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं। भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश परिपूर्णता की भावना से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 64.3 फीसदी तक पहुंच गई है, जो 10 साल पहले सिर्फ 19 फीसदी थी। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की 32 योजनाओं का विश्लेषण किया गया है। इनमें 24 पेंशन योजनाएं, दो मातृत्व लाभ योजनाएं और दो बाल कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो समाज, व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने और आय सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रदान करता है। यह विशेष रूप से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व, कार्यस्थल पर चोट लगने या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के समय महत्वपूर्ण हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का आकलन करते समय, आईएलओ देशों की केवल उन्हीं योजनाओं पर विचार करता है जिनके लिए पिछले तीन वर्षों का सत्यापित टाइम सीरीज डेटा प्रदान किया गया है। महत्वपूर्ण है कि आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है। यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सबसे तेज़ विस्तार को दर्शाती है, जो अंतिम छोर तक लोगों को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि विशेष रूप से विकसित देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) को अंतिम रूप देने में भारत के वैश्विक जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। ये समझौते विदेशों में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों

# स्टेग ने बढ़ाई सेना की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक क्षमता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं।

सामरिक महत्व की कमांड एंड कंट्रोल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय सेना ने सिग्नल्स टेक्नोलॉजी एवेल्युएशन एंड एडेप्टेशन ग्रुप (स्टेग)की स्थापना की है। स्टेग का घोषित उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सॉफ़्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और क्वांटम तकनीकों के रूप में उन्नत संचार तकनीकों का लाभ उठाना है। इन तकनीकों को युद्ध के समय अधिक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सामरिक और परिचालन मिशनों और सामान्य ऑर्डर ऑफ़ बैटल की एक श्रृंखला के लिए विशेष रूप से अपनी सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमताओं में सबसे उन्नत फ्रंटियर तकनीकों को एकीकृत करके चलता है, जैसाकि हाल में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान साबित भी हुआ।

लड़ाकू बलों के युद्ध प्रदर्शन और क्षेत्र में कमांडरों के निर्णय लेने के लिए संचार प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। स्टेग अभी पूरी तरह से चालू नहीं है क्योंकि क्वांटम कंप्यूटिंग के आने से शायद इसे संचार के लिए इन्टीग्रेट किया जा सकता है जिसमें बाद में क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन के रूप में अपग्रेड भी किया जाएगा। इस सर्वाधिक सक्षम टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन हाल में भारत की डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने मिल कर किया था। उपरोक्त सभी तकनीकों को उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने और लागू करने में कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिन्हें भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर दूर कर लिया जाएगा।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन एसटीईएजी की क्षमताओं में इस अंतर को पूरा करने में स्टेग एक जबरदस्त भूमिका का निर्वाह करेगा। स्टेग अभी एक प्रारंभिक चरण में है। जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

> स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है।

के सैन्य योजनाकारों को इसकी क्षमताओं में किसी भी कमी का पता चलेगा उसे पहचानकर कोर-, थिएटर- या राष्ट्रीय-स्तर की सिग्नल इंटेलिजेंस की उन्नत क्षमताओं और एडवांस्ड इक्विपमेंट जैसी परिसंपत्तियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इसका प्रसंस्करण और उपयोग केवल सिग्नल्स के ट्रैफ़िक विश्लेषण, क्रिप्ट-एनालिसिस, भाषाई विश्लेषण, सिग्नल विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विश्लेषण द्वारा कार्यात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है जो अपरिष्कृत इंटेलिजेंस को उपयोग करने योग्य या वर्तमान में प्रयोग की जा रही सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रसंस्करण और उपयोग श्रृंखला में कुछ ख़ास तत्वों का मूल्यांकन शामिल है जैसे कि, ट्रैफ़िक विश्लेषण में सभी संचार इंटेलिजेंस विश्लेषण को कवर करने वाले गैर-एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट।

सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन स्टेग की क्षमताओं में अंतराल को भरने में कुछ भूमिका निभाएंगे। क्रिप्ट-एनालिसिस में एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट को समझना और उसका मूल्यांकन करना शामिल है। क्रिप्ट-एनालिसिस के लिए विरोधी के एन्क्रिप्टेड संचार में कूट भाषा को तोड़ना और शुद्ध रूप से पढ़ना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाषाई विश्लेषण भी महत्वपूर्ण है जिसके लिए विदेशी भाषाओं का अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद करना शामिल होगा।

पाकिस्तान में अधिक बोले जानी उर्दू, पंजाबी, सरायकी, पश्तो और कश्मीरी भाषाविदों के अलावा चीन की मंदारिन भाषा में दक्षता हासिल करना स्टेग कर्मियों के लिए अपरिहार्य है। स्टेग के भाषाई संसाधनों को खुफिया जानकारी से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से पूरक सहायता मिलने से सिग्नल विश्लेषण और इसकी एक विस्तृत श्रृंखला के साथ काम करना आवश्यक है जिसमें पहचान, अलगाव, संकेतों को उनके शुद्धतम रूपों में समझना और अंततः रुचि के संकेतों अथवा सिग्नल्स ऑफ़ इंटरेस्ट का दोहन शामिल होता है।

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 24 घंटा के भीतर ही भारत ने अटैक पैटर्न को समझकर तुरत बदलाव किया और ठिकानों पर सटीक हमले इसी टेक्नोलॉजी की मदद से किए। टेक्नोलॉजी और ह्युमन इंटेलिजेंस की इन नवीन क्षमताओं का निर्माण और गठजोड़ करना स्टेग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है जिसके लिए विशिष्ट कौशल सेट के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और विकास की जरूरत है

हरेक मिनट में बदलते हुए युद्ध परिदृश्य में सही निर्णय लेने हेतु इसलिए जरूरत है कि एलेक्ट्रोनिकली गाइडेड म्युनिशन्स और एयरक्राफ्ट्स तेज़ी से संचालित होते हैं और इनके लिए सेकंड के अंश भी महत्वपूर्ण होते हैं। सामरिक इस्तेमाल की पहल करने और कमांड एंड कंट्रोल द्वारा इस्तेमाल की जानी वाले संचार प्रौद्योगिकी को अभेद्य बनाने हेतु ही क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन की जरूरत रहेगी जो अभी विकासमान अवस्था में है। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जिनका लाभ स्टेग उठाना चाहता है व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ऑफ-द-शेल्फ संचार प्रौद्योगिकियों को भी पीछे छोड़ चुकी हैं। सबसे बड़ी जरूरत है आक्रामक रुख वाले पड़ोसियों की तकनीकी क्षमता का आकलन करते हुए भविष्य के युद्ध में भारतीय आकाश को सुरक्षित रखना। पड़ोसी की मंशा और क्षमताओं के अनुसार ही तय करना है कि हमारा प्रतिकार आक्रामक या रक्षात्मक में से कौन सा होना चाहिए। सिक्योर वर्ल्ड फाउंडेशन 11 देशों की काउंटरस्पेस क्षमताओं का वार्षिक ओपन-सोर्स मूल्यांकन करता है।

हमें उनकी स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस को भी ट्रैक करना होता है। सक्रिय सैन्य संघर्षों में विनाशकारी काउंटर स्पेस क्षमताओं का अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है, परन्तु इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने एंटी-सॅटॅलाइट लेज़र बीम अस्त्र का प्रयोग प्रदर्शन मात्र और टेक्नोलॉजी सिद्ध करने के लिए तो किया ही है। इस अस्त्र से पृथ्वी की निम्न कक्षा या मुख्य रूप से 1,000 किलोमीटर और उससे नीचे अंतरिक्ष में तैरने वाले उपग्रहों को नष्ट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कहें तो फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले यूक्रेनी सैन्य संचार में हस्तक्षेप करने के लिए वायासैट कंपनी के संचार उपग्रह, जो केए बैंड फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करता है और जिसका उपयोग सैन्य इन्टरनेट सेवा के लिए यूक्रेनी सेना करती है, पर एक प्रभावी साइबर हमला किया था जिससे हजारों एंड-यूज़र मॉडेम को नष्ट कर दिया। काउंटर स्पेस क्षमताएं हासिल करने के लिए वास्तविक परीक्षण की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मॉडलिंग और सिमुलेशन से यह संभव है। भविष्य के सैन्य संघर्षों में पश्चिमी अंतरिक्ष सॅटॅलाइट संचार कंपनियों की सेवा को खरीदने वाले देश इनकी भूमिका के बारे में अक्सर शिकायत करते हैं। कायदे से देखा जाए तो 80 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य संचार वाणिज्यिक उपग्रहों से ही हो रहा है। दिसंबर 2023 तक भारत सहित 33 देशों ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण और सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें चीन, ईरान और पाकिस्तान शामिल नहीं है जिससे इनकी मंशा पर संदेह बना रहता है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन इस दिशा में सोचते हुए अन्तरिक्ष में डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए जासूसी उपग्रहों को उपलब्ध करा रहा है जिनकी रक्षा को भी सुनिश्चित करना भारतीय सेना की अंतरिक्ष कमांड की जिम्मेवारी है।

## प्रसंगवश

# आत्म-संयम का पाठ पढ़ाते हैं ट्रैफिक जाम



> ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं।

आप पैदा होने के बाद तभी तक सुखी रह पाते हैं जब तक चलना शुरू न कर दें। एक बार चले आप तो फिर ज़िंदगी भर चलते ही रहते है। चलना दौड़ने में बदलता है फिर। कोई आगे न निकल जाए इसकी फ़िक्र। कोई पीछे से ठोक न जाए इसकी चिंता। आप यही करते है हर रोज और इसके अलावा और कुछ कर नहीं पाते। फिर उत्तरार्ध आता है जीवन का। आप सुस्ताते हैं। सुस्ताते हुए ही सोच पाता है आदमी कि हम कहां से आए थे ? कहां जाना है ? मैं कौन हूं ? क्या करने के लिए पैदा हुआ था और क्या कर रहा हूं ? और जब आप इस तरह सोचने लगते है तो अध्यात्म को उपलब्ध हो जाते है। और ऐसा तभी मुमकिन है जब आप किसी ट्रैफ़िक जाम में फंस जाए।

इंदौर आते वक्त मैं भी ट्रैफ़िक जाम मे फंसा। और तब मैने जाना हमारे उपनिषद सच्चे हैं। हमारे उपनिषदो में कहा गया है कि ,आत्मानं विद्धि" अपने आप को जानो। जीवन की भागदौड़ से परे जाकर आत्म-साक्षात्कार ही मुक्ति का मार्ग है। ट्रैफ़िक जाम में फंसते ही भागदौड़ समाप्त हो जाती है। बहुतों की आत्मा जाग जाती है। और बहुत से समाधि में चले जाते हैं। पतंजलि के योगसूत्रों में दौड़-भाग को मन की चंचलता का नतीजा माना गया है। मन शांत होता है समाधि लगने से। और ट्रैफ़िक जाम समाधि की अवस्था तक पहुंचने का सबसे सुलभ और सस्ता तरीका है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

ट्रैफ़िक जाम आपको आत्म-संयम का पाठ पढ़ाता है। टूटी सड़कें। सैकड़ों हज़ारों आड़ी तिरछी लुच्ची कारें। छाती पर चढ़े बदमाश किस्म के ट्रक। पांव रखने और सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं। ऐसे में आप चीख चिल्ला कर भी क्या हासिल कर लेंगे? और तब आपकी आत्मा या कोई पुलिस कांस्टेबल आपको बताता है कि जीवन की ये सारी भागदौड़ व्यर्थ है । खुद को जानना सबसे अधिक जरूरी है , और आप ये सत्य जान सके इसके लिए ट्रैफ़िक जाम जैसे आयोजन किए जाते हैं।

भागदौड़ ही दुख का कारण। ट्रैफ़िक जाम हमें दुखों से मुक्त करता है। ट्रैफ़िक जाम तपाते हैं आपको। आप खुद तो मारपीट करने से बमुश्किल रोक पाते हैं। ट्रैफ़िक जाम में फंसे बिना तक तप और अहिंसा जैसे शब्दों का अर्थ समझना मुश्किल है। ट्रैफिक जाम मे फंस कर ही आप जान पाते हैं कि नियति सर्वोपरि है। आप भगवान भरोसे हैं। संसार क्षणभंगुर है और सच्चा सुख और शांति बाहरी दौड़ में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना में है।

ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं। आप ऐसी गालियां सुनकर चकित होते हैं जो आपने पहले कभी नही सुनी थी। अपने शब्दकोश में वृद्धि होने को मैं ट्रैफ़िक जाम में फंसने की उपलब्धियों में शामिल करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए बुद्धत्व को प्राप्त हो चुका मैं। इसके लिए न बोधिवृक्ष की जरूरत पड़ी मुझे न खीर लेकर आने वाली सुजाता की। ज्ञान से लबालब हूं अब मैं। और इसके लिए सड़क और इस पर लगे ट्रैफ़िक जाम का आभारी हूं।

# भयानक तबाही मचा सकते हैं कुछ क्षुद्रग्रह



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए।

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 1908 के तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ का प्रतीक है। 30 जून 1908 को रूस के साइबेरिया में पॉडकामेनेया तुंगुस्का नदी के ऊपर आसमान में एक बड़ा विस्फोट हुआ था। नासा के अनुसार अनुमान लगाया गया था कि उस क्षुद्रग्रह ने करीब 33500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। 220 मिलियन पाउंड की उस अंतरिक्ष चट्टान ने अपने आसपास की हवा को 44500 डिग्री फॉरेनहाइट तक गर्म कर दिया था। करीब 28 हजार फीट की ऊंचाई पर दबाव और गर्मी के संयोजन ने क्षुद्रग्रह के टुकड़े को नष्ट कर दिया था, जिससे आग का गोला पैदा हुआ और उससे करीब 185 हिरोशिमा बमों के बराबर ऊर्जा निकली। उस भयंकर विस्फोट से पैदा गई आग ने जंगल के करीब 2150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 80 मिलियन से भी ज्यादा पेड़ों को जलाकर राख कर दिया था।

माना गया था कि उस विस्फोट के लिए कोई क्षुद्रग्रह या धूमकेतु जिम्मेदार था। क्षुद्रग्रह दिवस की स्थापना 2013 के चेल्याबिंस्क उल्का विस्फोट के अगले वर्ष 2014 में भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने खगोलशास्त्री और क्वीन के प्रमुख गिटारवादक डा. ब्रायन मे, बी612 फाउंडेशन के अध्यक्ष डेनिका रेमी, अपोलो 9 अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेकार्ट और फिल्म निर्माता ग्रिग रिक्टर्स के साथ मिलकर जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को हमारे ब्रह्मांड के निर्माण में क्षुद्रग्रहों के महत्व तथा हमारे सौरमंडल में उनकी भूमिका के बारे में ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। बी612 नामक संगठन एक ऐसा संगठन है, जो पृथ्वी को क्षुद्रग्रह प्रभावों से बचाने और ग्रह रक्षा के मुद्दों पर विश्वभर में निर्णय लेने की जानकारी देने और अग्रेषित करने की दिशा में कार्य करता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए। क्षुद्र ग्रह को ग्रहिका भी कहते है। ये आकाशीय पिंड किसी ग्रह से छोटे होते हैं लेकिन ग्रहों की ही भांति सूर्य की परिक्रमा करते हैं। दरअसल तारों, ग्रहों और उपग्रहों के अलावा कई छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर घूमते रहते हैं, इन्हीं पिंडों को क्षुद्रग्रह कहा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के मुताबिक क्षुद्र ग्रह एक ग्रह के हिस्से हैं, जो हजारों साल पहले टूटे थे। क्षुद्रग्रह चट्टानी-धात्विक वस्तुएं हैं, जिनका आकार एक छोटे से कंकड़ के आकार से लेकर 600 मील तक भी होता है। इन्हें सौरमंडल का बचा हुआ पदार्थ भी कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में कई लाख क्षुद्रग्रह मौजूद हैं और कई की खोज अभी बाकी है। कुछ क्षुद्रग्रह तो इतने छोटे होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है। ज्यादातर क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं लेकिन कुछ की कक्षाएं अधिक विलक्षण होती हैं।

करीब 10 लाख ज्ञात क्षुद्रग्रहों में से सबसे बड़ी संख्या मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य से करीब 2 से 4 खगोलीय इकाई दूर मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच स्थित है। सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह सेरेस है, जिसका व्यास करीब 1083 किलोमीटर है, जिसकी खोज 1801 में हुई थी। दरअसल उस दौरान तारों का नक्शा बनाते समय इटली के खगोल शास्त्री ग्यूसेप पियाजी ने गलती से मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच एक हजार किलोमीटर (करीब 600 मील) व्यास की एक वस्तु की खोज की थी। उन्होंने उस वस्तु का नाम अनाज और फसल की रोमन देवी के नाम पर 'सेरेस' (ब्मतमे) रखा, जो खोजा जाने वाला पहला क्षुद्रग्रह था। यह मंगल और बृहस्पति के बीच में क्षुद्रग्रहों के पट्टे में रहता है। प्लूटो क्षुद्रग्रह सेरेस से करीब ढ़ाई गुना बड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों का मानना है कि सेरेस शुष्क और धूसर दिखाई दे सकता है लेकिन संभवतः इसके अतीत में एक तरल महासागर था। ज्यादातर क्षुद्रग्रह पृथ्वी और उस पर पनप रहे जीवन के लिए खतरा नहीं हैं लेकिन कुछ क्षुद्रग्रह इतने खतरनाक हैं और अगर वे पृथ्वी से टकरा जाते हैं तो भयानक तबाही मचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2016 में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया था। इसी दिन साइबेरिया और उसके आसपास हुए तुंगुस्का क्षुद्रग्रह के प्रभाव को समझने के लिए ही इस तिथि का चयन किया गया था। इस दिन को चिह्नित करने का विचार एसोसिएशन ऑफ स्पेस एक्सप्लोरर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति द्वारा समर्थन दिया गया था। दरअसल 30 जून 1908 को तुंगुस्का नदी के करीब एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसे तुंगुस्का प्रभाव कहा गया। उस विस्फोट में कई किलोमीटर क्षेत्र में जमीन तहस-नहस हो गई थी। क्षुद्रग्रह के चलते पृथ्वी पर हुआ वह नुकसान अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उस संकट के बारे में जागरूक करना है, जो क्षुद्रग्रह के प्रभाव से ब्रह्मांड पर हो सकता है।

## सोशल फोरम

# जातीय जंग की दस्तक

पहले तो लगता था कि ये गंदी सियासत मज़हबी फसाद की आहट है, मगर अब मंज़र बदल चुका है। अब तो साफ़ दिख रहा है-ये खेल जात-पात की चिंगारी से ऐसी आग लगाने वाला है जो हमारी नस्लों को राख कर देगा।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये जो सियासी तमाशा चल रहा है, ये कोई अचानक की आंधी नहीं। सियासी ठेकेदारों ने जाति के ज़हर से लोगों के दिलों में नफ़रत का दरिया बहा दिया। मोहब्बत की जगह नफरत ने ले ली और इंसानियत की जगह सियासत ने कब्जा कर लिया। वोट बैंक के इस बाजार में इंसानियत का सौदा हो रहा है, भाईचारे की बोली लग रही है। आने वाला मंज़र एक खौफनाक मंज़र है। अगर यही चलता रहा तो ना जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाएंगे, अरबों-खरबों की दौलत खाक हो जाएगी। इतिहास के आईने में देखो, जब-जब हमने अपने अंदर के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया, दुश्मन ने उन्हीं जख्मों को कुरेदकर हमें तोड़ दिया।

सियासत की सच्चाई एक कड़वी हकीकत है। ये जो मीठी बातें हैं, ये बस सुनहरी जहर है। सब्सिडी, स्कीमें, लालच- ये सब वोट की खेती के बीज हैं। लेकिन असल में ये हमारी जड़ों को खोखला कर रहे हैं, हमारी मेहनत, हमारी खुद्दारी और हमारी उम्मीदों को मार रहे हैं। हम भूलें नहीं कि ये जंग अब बाहर वालों से नहीं, हमारे अपने घर के अंदर से है। दुश्मन अब हमारे ही बीच में छुपा है।

आज सबसे बड़ा सवाल है-क्या हम अपने मुल्क को फिर से जोड़ पाएंगे? क्या हम फिर से मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का चिराग जलाएंगे? इसके लिए जरूरत है एक ईमानदार रहनुमाई की, एक दूरदर्शी नेतृत्व की, एक साझा ख्वाब की, जिसमें सबका मुस्तकबिल महफूज़ हो, सबका भविष्य सुरक्षित हो, और उस जुनून की, जो हमें फिर से उठ खड़ा होने का हौसला दे। वरना, ये जातीय जंग हमारी रूह तक को जला देगी, और फिर हमारी आने वाली नस्लें सिर्फ राख में अपनी पहचान ढूंढती फिरेंगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# सोशल मीडिया पर सावधानी व जागरूकता जरूरी



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है।

सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज़' लांच किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफ़ाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएं थीं। हालांकि, दस लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2003 में लांच किया गया था। माईस्पेस 2004 में लांच हुआ, उसी साल फ़ेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लांच हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बन गया। यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया। इंस्टाग्राम साल 2010 में लांच हुआ और इसने तेज़ी से विकास किया।

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य (अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग( एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मर्यादा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व ग़लत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मर्यादाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही ग़लत उपयोग किया है। यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है। कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए।

कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं।

यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाज़ीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक (नेगेटिव) और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### महिला हेड कांस्टेबल को फालोअर ने पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : मूल रूप से मिर्जापुर के अर्जुनपुर निवासी हेड कांस्टेबल पूनम भारती लखनऊ पुलिस लाइन में कार्यरत हैं। पुलिस लाइन में बने सरकारी आवास में वह अपने बेटे के साथ रहती हैं। पूनम का आरोप है कि शनिवार दोपहर करीब 3 :15 बजे पुलिस लाइन में फालोअर के पद पर तैनात मोहम्मद अय्याज ने कॉल की। अय्याज ने पूछा कि खाना बना है। पूनम ने इंकार कर दिया तो बोला कि पांच मिनट में कमरे पर आ रहा हूं। इस पर पूनम ने मना किया लेकिन वह पहुंच गया। शराब के नशे में धुत अय्याज कमरे में घुस गया। पूनम ने विरोध किया तो आरोपी गाली–गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पिटाई से पूनम के शरीर पर कई जगह चोंटे लगी। आरोपी के भागने के बाद पीड़िता ने डॉयल 112 कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी अय्याज फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 19 केंद्रों पर आठ हजार से अधिक ने दी परीक्षा

## प्रयागराज और लखनऊ के 34 केंद्रों पर शुरू हुई पीसीएस की मुख्य परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा लखनऊ और प्रयागराज के 34 केंद्रों पर रविवार से शुरू हो गई है। लखनऊ के 19 केंद्रों पर 8755 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं।यह परीक्षा रविवार से दो जुलाई तक दो पालियों में सुबह 9 से 12 और 2:30 से 5:30 बजे तक होगी।

इस परीक्षा में पहले दिन पहली पाली में सामान्य हिंदी व दूसरी पाली में निबंध का पेपर हुआ। 30 जून से दो जुलाई तक दो-दो प्रश्नपत्र होंगे। पीसीएस के 947 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा में 15,066 सफल घोषित किया गया था। प्रयागराज के 15 केंद्रों पर 6102 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। लखनऊ व प्रयागराज के विभिन्न केंद्रों पर कुल 14,857 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। पेपर लीक होने से प्रश्नपत्र को बचाने के लिए क्वेश्चन कम आंसर बुकलेट (क्यूसीएबी) से संबंधित बंडलों की पैकिंग पांच स्तरीय की गई है। सभी क्यूसीएबी को शील्ड पॉलिथीन पैकेट में रखा गया है। 24 क्यूसीएबी का एक सेट बनाकर इसे शील्ड पॉलिथीन पैकेट में पैक किया गया है। उसके बाद शील्ड कर्टन और चारों तरफ से शील्ड बोरा पैकेजिंग की गई है। क्यूसीएबी जिस ट्रंक में रखे गए हैं उसमें दो ताले चाबी वाले और एक ताला नंबर लॉक वाला लगाया गया है। दोनों तालों की चाबियां एक अलग पैकेट में सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी जाएंगी जबकि नंबर लॉक वाले ताले को खोलने के लिए पासवर्ड एसएमएस के जरिए स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक के मोबाइल नंबर पर आयोग के परीक्षा नियंत्रक की ओर से परीक्षा शुरू होने के 55 मिनट पहले भेजा जाएगा।


केकेसी कॉलेज से यूपीएससी मेंस की परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार


मन की बात कार्यक्रम में शामिल उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

# भाजपाइयों ने बूथों पर सुनी मोदी के मन की बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के साथ ही पौधरोपण भी किया

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ''मन की बात'' कार्यक्रम का123वां संस्करण सुना गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चिनहट मंडल की बूथ संख्या 362 पर कार्यक्रम सुनने के बाद मीडिया से कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री का विभिन्न नए विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त होता है जो अत्यंत प्रेरणादायी है।

जिसका हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने पूर्व विधानसभा के मंडल दो में बूथ संख्या 235 पर मन की बात कार्यक्रम सुना और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय साहस और अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बूथ संख्या 167 पर,वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह अंबेडकर नगर वार्ड कैंट की बूथ संख्या 9 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा उत्तर मंडल पांच की बूथ संख्या 393 पर, विधायक डॉ. नीरज बोरा फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड में बूथ संख्या 277 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल पूर्व मंडल तीन में बूथ संख्या 198 पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

### भाजपाइयों ने लिया स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर मध्य विधानसभा के भाजपा नेता सचिन कंछल की ओर से रविवार को कुंडरी रकाबगंज तिलक नगर वार्ड अन्तर्गत स्वच्छ पर्यावरण को लेकर आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के आवास पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसमें भाजपा के मध्य मण्डल 4 और वार्ड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। जन का कल्याण और संगठन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम पर शास्त्री नगर कॉलोनी में 5 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान नगर निगम के उपसभापति व पार्षद गिरीश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व पार्षद अधिवक्ता हरिशंकर वाजपेई, सनोज गुप्ता, पार्षद राजीव वाजपेयी, आनंद वाजपेयी, कुसुम वाजपेयी,दिवाकर प्रताप सिंह, अधिवक्ता दिनेश कुमार मिश्रा, सौरभ गुप्ता, मानस त्रिवेदी, कुसुम लता त्रिवेदी, संगीता त्रिवेदी, एडवोकेट अनिल मिश्रा, एडवोकेट विवेक पाण्डेय, सत्य प्रकाश गुप्ता, बबिता सिंह, अंकुश द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, आकाश गुप्ता, सोनू वाजपेयी उपस्थित रहे।

### युवक को घसीट कर बाइक से किया अगवा, मैदान में पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर के बाहर से सात बाइक सवार 20 युवकों ने युवक को अगवा कर लिया। उसके बाद मैदान में ले जाकर डंडे व रॉड से बेरहमी से पीटा। राहगीर मदद के लिए दौड़े तो आरोपी भाग निकले। अपहरण की घटना सीसी कैमरे में कैद हुई है। पारा पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित शिवराज ने बताया कि वह मां की दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर गया हुआ था। इसी दौरान सात बाइकों से नयन विश्वकर्मा, अक्षय यादव, शुभम राजवंशी, स्वपनिल, आलोक राजपूत, शैलेन्द्र, विनय लोधी, आदित्य, राम ठाकुर, सचिन शुक्ला, यश समेत करीब 20 लोग वहां पहुंचे। गाली देते हुए दुकान से घसीट कर बाइक के पास लाए। उसके बाद उठाकर बाइक पर बैठाकर भाग निकले। आरोपी पीड़ित को बल्दी खेड़ा मैदान में लेकर पहुंचे और लाठी डंडों से मार पीटा। पिटाई से शिवराज के मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। मैदान में मारपीट देख स्थानीय लोग दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़ित ने मामले की शिकायत पारा थाने में की है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि हमले की साजिश लालू पाल,अमरनाथ पाल, छोटू पाल ने रची थी। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बाबुओं के ट्रांसफर में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कर दिया खेल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ बैक डेट में ट्रांसफर लिस्ट जारी करने का लग रहा आरोप

▸▸ 'अमृत विचार' की खबर के बाद दो प्रशासनिक अधिकारियों का किया पटल परिवर्तन

**अमृत विचार :** बाबुओं के ट्रांसफर में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने खेल कर दिया। आरोप है कि कई दिनों से लिस्ट बनाते रहे लेकिन ट्रांसफर आदेश 12 जून की डेट में जारी कर दिया। अमृत विचार में 25 जून के अंक में ''सिंचाई विभाग में मलाई काट रहे मुख्य अभियंता के चहेते बाबू'' शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद प्रमुख अभियंता कार्यालय से दो प्रशासनिक अधिकारियों सौमित्र श्रीवास्तव और अभिषेक केसरवानी का पटल परिवर्तन कर दिया। लेकि 8-10 वर्षों से एक ही पटल पर जमे बाबुओं को नहीं हटाया गया। शारदा सहायक तेलीबाग में तैनात प्रधान सहायक रोहित पाठक का प्रमोशन होने के बाद ट्रांसफर आर्डर छह महीने पहले जारी हो चुका है लेकिन मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद उसे रिलीव नहीं कर रहे। शारदा सहायक तेलीबाग कार्यालय 8 साल से एक ही पटल पर जमे स्टेनोग्राफर दीनानाथ श्रीवास्तव का भी पटल परिवर्तन नहीं किया गया। कार्य प्रभारित अधिष्ठान प्रकोष्ठ में तैनात प्रधान सहायक राजेश कुमार और अम्बरीश वर्मा भी वहीं जमे हैं। इन बाबुओं के महत्वपूर्ण पटल पर बरसों से जमे होने से सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

### दो वर्ष में ही कर दिया पटल परिवर्तन

सिंचाई विभाग ने जिन बाबुओं की लिस्ट जारी की है जिसमें से चार कर्मचारियों का दो वर्ष में ही पटल परिवर्तन कर दिया। जबकि विभाग में 4 से 10 साल एक ही पटल पर पूरा कर चुके कई कर्मचारी पूर्व कार्यालय में ही कार्य कर रहे हैं। सिंचाई विभाग में अभी तक केवल प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पटल परिवर्तन के आदेश जारी हुए हैं। शेष पदों पर तैनात जैसे वैयक्तिक सहायक, स्टेनो, प्रधान सहायक, वर्ग सहायक एवं कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण आदेश अब तक जारी नहीं हुए हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–अयोध्या।

पत्रांक– 1581/ ग्रा0अ0वि0/नि0 पत्रा0 /2025–26/ दिनांक : 26.06..2025

–: मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना :–

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु0 लाख) (ड्राइंग एंव बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार (जी0एस0टी0 छोड़कर) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0 डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | जिला अधिकारी कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| विधायक निधि | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | पं0 दीन दयाल नगर वार्ड के (मिर्जापुर माफी) में नहर पटरी से लालजी के ट्यूवेल तक खडण्जा कार्य–नगर। | 4.57 | 22900 | 500+150+ 117 = 767 | 03माह | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा0अ0वि विकास भवन अयोध्या | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि बड़ा रमना अयोध्या | कार्यालय जिला अधिकारी कलेक्ट्रेट, अयोध्या |
| 2 | अयोध्या | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड (उमा विहार कालोनी) में नन्दापुर सं0मा0 से जगदीश वर्मा के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–नगर। | 4.61 | 23000 | 500+150+ 117 = 767 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 3 | अयोध्या | ग्राम पंचायत अंजना में अम्बिका प्रसाद वर्मा के घर से राम सुन्दर मौर्या के घर तक एवं संतोष पाण्डेय के घर तक इ0ला0 कार्य–पूराबाजार। | 5.56 | 27800 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 4 | अयोध्या | ग्राम पंचायत रसड़ा में सुधीर वर्मा के घर से सौरभ वर्मा के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–पूराबाजार। | 5.42 | 27100 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 5 | अयोध्या | ग्राम पंचायत समाहा कला में फूलचन्द्र मौर्या के खेत से हीरा लाल पासी की बगिया तक खडण्जा कार्य– पूराबाजार। | 4.48 | 22400 | 500+150+ 117 = 767 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 6 | अयोध्या | ग्राम पंचायत सरेठी में विजय बहादुर पासवान के घर से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टर लाकिंग कार्य– पूराबाजार। | 8.34 | 41700 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 7 | अयोध्या | दशरथ कुण्ड वार्ड के (तिवारी का पुरवा) में हाइवे से नन्द कुमार तिवारी के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–नगर। | 2.94 | 14700 | 500+150+ 117 = 767 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 8 | अयोध्या | सरदार पटैल वार्ड के (तकपुरा में ) लक्ष्मण पासवान के घर से उमाशंकर शर्मा के घर तकएवं पिंकू वर्मा के घर तक इण्टर लाकिं कार्य––नगर। | 7.65 | 38300 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 9 | अयोध्या | ग्रामोदय इण्टर कालेज सं0मा0 पर अवशेष सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य– पूराबाजार। | 8.26 | 41300 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 10 | अयोध्या | ग्राम पंचायत टोनिया के अशरफपुर में अनिल सिंह के घर से स्वयं सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–मसोधा। | 8.46 | 42300 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 11 | अयोध्या | महात्मा गॉधी वार्ड में पक्की सड़क से दत्त नरायण होटल के आगे तक इण्टर लाकिग कार्य–नगर। | 5.97 | 29900 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 12 | अयोध्या | महात्मा गॉधी वार्ड में (बेनीगंज) में सी0सी0 रोड से कलावती सदन एवं वंशीलाल मौर्या के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–नगर। | 5.77 | 28900 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 13 | अयोध्या | सकेत नगर वार्ड (कृणा नगर) में मनीष श्रीवास्तव के घर से रमन कुमार के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–नगर | 7.46 | 37300 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 14 | अयोध्या | श्यामा प्रसाद वार्ड के (कान्ती नगर) में राम बहादुर यादव के घर से गौरी शंकर पाण्डेय के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–नगर। | 4.91 | 24600 | 500+150+ 117 = 767 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 15 | अयोध्या | शमा प्रसाद मुखर्जी वार्ड (जोगी तारा ) में आदित्य नरायन पाण्डेय के घर से राधे रमन पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड कार्य–नगर। | 6.76 | 33800 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश) विधान सभा बीकापुर | | | | | | | | | |
| 16 | अयोध्या | हाजीपुर सिंहपुर में जयपुरिया मार्ग पर भरतजी तिवारी के मकान के बगल से कुसुम सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य–सामान्य | 7.49 | 37500 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 17 | अयोध्या | ग्राम पंचायत मानापुर में प्रदीप के घर से आलोक के घर तक इ0ला0 कार्य– एस0सी0पी0 | 3.93 | 19700 | 500+225+ 131 = 856 | 03माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |

2. निविदा सूचना के कालम संख्या 8,9 एवं 10 में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/विक्रय की तिथि :– 19.07.2025 से 25.07.2025 तक।
3. निविदा डाले जाने की तिथि, समय व स्थानः– 26.07..2025 को दोपहर 12:00 बजे तक, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–अयोध्या।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–26.07.2025 को सायं 3.00 बजे से।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या में सम्पर्क करें।

(मुनेश कुमार लोधी)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–अयोध्या

UP – 235431 **दिनांक:** 27/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



## कार्यालय सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–अयोध्या।

पत्रांक– 35/ ग्रा0अ0वि0/नि0 पत्रा0 /2025–26/ दिनांक : 24.06.2025

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी, एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु0 लाख) (ड्राइंग एंव बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार (जी0एस0टी0 छोड़कर) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0 डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | जिला अधिकारी कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| अनुरक्षण कार्य | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र सहजपुर मठिया का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य–बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | कार्यालय अधि0 अभि0/सहा0अभि0 ग्रा0अ0वि विकास भवन अयोध्या | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि बड़ा रमना अयोध्या | कार्यालय जिला अधिकारी, कलेक्ट्रेट, अयोध्या |
| 2 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र देहरियावॉ प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य–बीकापुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 3 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र देवापुर प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य–बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 4 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र सोनवर्षा प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य–बीकापुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 5 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र खिदिदरपुर द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 6 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र खिदिदरपुर तृतीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 7 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र कल्यानपुर चकडुहिया का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 8 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र रामपुर भगन तृतीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 9 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र मीतनपुर का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 10 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र तोरोमाफी पंचम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 11 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र असरेवा द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 12 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र मजरूद्दीनपुर प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 13 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र मुमारिच नगर द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– बीकापुर | 1.57 | 7900 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 14 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र साखूपारा का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 15 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र पलिया रिसाली का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 16 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र सथरी प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 17 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र सथरी द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 18 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र शुंक्ल का पुरवा मिनी का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 19 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र दोस्तपुर का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 20 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र भोखर तृतीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 21 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र फतेहपुर सरैंया प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मसोधा | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 22 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र सिधौना द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.27 | 6400 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 23 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र गुजरामऊ प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.44 | 7200 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 24 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र बरियारपुर प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.27 | 6400 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 25 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र भदोखरा प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 26 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र टकसरा प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.61 | 8100 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 27 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र टकसरा तृतीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.27 | 6400 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 28 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र पूरे निशा का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 29 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र मवई कला प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– मिल्कीपुर | 1.61 | 8100 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 30 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र ढ़ेमा शिव बख्श राय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– हरिंग्टनगंज | 1.53 | 7700 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 31 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र साहबाबाद ग्रण्ट प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– हरिंग्टनगंज | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 32 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केन्द्र सिंधौरा द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– हरिंग्टनगंज | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 33 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी केला लाल खॉ प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– तारून | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 34 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी बरेहटा प्रथम का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– तारून | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 35 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी फतेहपुर कमासिन द्वितीय का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– तारून | 1.53 | 7700 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 36 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी महुआ का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– अमानीगंज | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |
| 37 | अयोध्या | ऑगनबाड़ी मिश्रौली का अपग्रेडेशन (मरम्मत) कार्य– अमानीगंज | 1.70 | 8500 | 500+75+ 105 = 680 | 02माह | उपरोक्त | उपरोक्त | उपरोक्त |

2. निविदा सूचना के कालम संख्या 8,9 एवं 10 में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/विक्रय की तिथि :– 10.07.2025 से 14.07.2025 तक।
3. निविदा डाले जाने की तिथि, समय व स्थानः–15.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–अयोध्या।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–15.07.2025 को सायं 3.00 बजे से।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या में सम्पर्क करें।

**UP-235441 दिनांक 27.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(एम0के0 सिंह) सहायक अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–अयोध्या**

## एक नजर

### चार भाइयों पर गिरी दीवार एक की मौत व तीन घायल

**अमृत विचार, हरदोई :** चार सगे भाई अपने पड़ोसी के साथ चारपाई पर बैठे हुए थे। उसी बीच उनकी ही पक्की दीवार ऊपर गिर पड़ी। जिससे सभी लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे में बड़े भाई की मौत हो गई जबकि दो छोटे भाइयों व पड़ोसी का इलाज चल रहा है। रविवार की शाम को सुरसा थाने के हुसियापुर निवासी राकेश (50) अपने छोटे भाई वीरेंद्र (40), सुनील (35) और पड़ोसी विद्याराम (50) के साथ चारपाई पर बैठा था। उसी बीच मकान की पक्की दीवार गिर पड़ी। हादसे में घायल राकेश को मेडिकल कालेज में मृत घोषित कर दिया गया। राकेश के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और एक बेटी है।

### बूंदाबांदी के बीच बिजली गिरने से महिला की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना खंडासा क्षेत्र अंतर्गत डूंडी गांव में शनिवार की शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला बिंदु कोरी (38) पत्नी नाथूराम कोरी की मौत हो गई। मृतका का पति दिव्यांग है, उसके चार बेटी-बेटियां हैं जो अभी छोटे हैं। बिंदु शाम के समय अपने घर के बाहर थी। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। साथ ही पास ही आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी। घर वाले उसे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर लेकर पहुंचे। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत, शव बरामद

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार की रात एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्राम अगानपुर के पुरवा निवासी 22 वर्षीय लाले उर्फ फरुहा शनिवार की देर रात गांव के निकट स्थित एक तालाब के पास शौच के लिए गया था। पैर फिसल जाने के चलते वह तालाब के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। कुछ देर बाद पता चलने पर लोगों ने उसे तालाब से निकालकर सीएचसी रामनगर पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नेपाल से लौट रहे सात संदिग्ध वॉकी-टॉकी के साथ गिरफ्तार

## बार्डर से पकड़े गए लोगों में चार महाराष्ट्र व तीन प्रदेश के निवासी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने सात संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी कार से नेपाल से भारत वापस लौट रहे थे। इनके पास से पांच प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी वाले आरटी सेट बरामद किए गए हैं। सभी इस्लामिक संघ नेपाल के बड़े पदाधिकारी से मिलकर लौट रहे थे। इस संगठन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई फंडिंग करती है। गिरफ्तार लोगों में चार महाराष्ट्र और तीन उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। नेपाल सीमा गिरफ्तार संदिग्ध लोगों में महाराष्ट्र के संदिग्धों में पुणे के बिलाल अहमद रेहान शेख, मोहम्मद मुस्लिम, मुनीर शेख और ठाणे के तेंमेश्वर भोंदवे शामिल हैं। प्रदेश के बिजनौर के अचलेश कुमार, कुशीनगर के शंकर पांडेय और बहराइच के छांगुर को हिरासत में लिया गया है।

एसएसबी की जांच में सामने आया है कि इन लोगों के तार पाकिस्तानी फंडिंग से चलने वाले इस्लामिक संघ ऑफ नेपाल के एक व्यक्ति से जुड़े हो सकते हैं। इनके पास से प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी वाले आरटी (वॉकी-टॉकी) सेट रखने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की है। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि पकड़े गए लोगों ने खुद को कैटरिंग का कार्य करने वाला बताया और कहा कि इसी काम के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं। जबकि जिन फ्रिक्वेंसी पर इनके वॉकी-टॉकी सेट थे, वे एक प्रतिबंधित हॉपिंग फ्रिक्वेंसी पर संचालित होते हैं। इस तकनीक में बातचीत के दौरान फ्रिक्वेंसी लगातार बदलती रहती है, जिससे इंटरसेप्ट करना बेहद मुश्किल हो जाता है। बरामद आरटी सेट जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में बने हैं। यह आरटी सेट भारतीय फ्रीक्वेंसी को भी कैच कर लेते हैं। एसएसबी कमांडेंट ने कहा कि हॉपिंग फ्रिक्वेंसी पर इनका बातचीत करना एक बड़ी चिंता का विषय है। यह सभी नेपाली निवासी नसीम शेख से मिलने गए थे। जो कि इस्लामिक संघ ऑफ नेपाल से जुड़ा है और जेल भेज दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहन जांच कर रही हैं।

# प्रयागराज में सांसद चन्द्रशेखर हाउस अरेस्ट, समर्थकों का हंगामा व पथराव



सर्किट हाउस में समर्थको सहित हाउस अरेस्ट सांसद चन्द्रशेखर आजाद।



समर्थकों द्वारा वाहनों में की गई आगजनी।

**कौशांबी के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे सांसद, रोके जाने पर समर्थकों ने किया बवाल**

**प्रयागराज, अमृत विचार।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद रविवार को प्रयागराज में थे। वह रविवार दोपहर के बाद करछना के इसौटा में दलित युवक की हत्या कर शव जलाने पर उसके घर जा रहे थे। पुलिस ने सांसद चन्द्रशेखर आजाद को सर्किट हाउस में हाउस अरेस्ट करते हुए जाने से रोक दिया, इससे सांसद बड़ी संख्या में समर्थको सहित धरने पर बैठ गए। सांसद चन्द्रशेखर आजाद के सर्किट हाउस में हाउस अरेस्ट होने के मामले की जानकारी होने पर आजाद पार्टी के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और करछना के भडेवरा बाजार में जमकर हंगामा करते हुए पुलिस की गाड़ियां, बस सहित अन्य सड़क परे गुजरने वाले वाहनों पर जोरदार पथराव शुरू कर दिया, इससे भगदड़ मच गयी। पुलिस, पब्लिक की की गाड़ियां, बस और दोपहिया वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। कई दुपहिया वाहन जला दिए और पुलिस की आधा दर्जन गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ किया। बाजार में भगदड़ मच गयी और दुकानें बंद होने लगी। सड़क पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कई थाने की पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत करवाया और सड़क पर यातायात शुरू हो गया। पथराव में कई लोगों को चोट आई है जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस बवाल करने वालों की धर पकड़ शुरू कर दिया है। उधर खबर लिखे जाने तक सांसद चन्द्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में हाउस अरेस्ट थे।

### महिला श्रद्धालुओं की चेन चुराने वाला गिरोह बेनकाब

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना रामजन्मभूमि व एंटी थेफ्ट सेल ने चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले गिरोह की पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से दो वारदातों का खुलासा हुआ है। सभी आरोपी महिलाएं आगरा व आजमगढ़ की रहने वाली है। इनके पास से चोरी किया गया एक सोने का लॉकेट बरामद हुआ है। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि अयोध्या के भीड़भाड़ वाले इलाके व प्रमुख मंदिरों के पास महिलाओं के गले से सोने की चेन चुराने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। आरोपियों की तलाश के लिए थाना राम जन्मभूमि व एंटी थेफ्ट सेल की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# हरदोई में बच्ची की हत्या कर शव नाले में फेंका

संवाददाता, हरदोई/भरखनी



आरोपी से पूछताछ करते एसपी नीरज कुमार जादौन व बच्ची की फाइल फोटो (इनसेट में)।

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई और शव नाले में फेंक दिया। पुलिस ने घरेलू नौकर की निशानदेही पर बच्ची का शव नाले से बरामद किया। 6 साल की बच्ची के साथ रेप और उसके बाद हत्या कर शव फेंकने की अटकलें लगाई जा रहीं हैं। रविवार की सुबह बच्ची अचानक गायब हो गई थी। वहां पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन ने इलाकाई पुलिस को जल्द खुलासे के निर्देश दिए है,साथ ही फोरेंसिक टीम को जांच सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**जांच-पड़ताल शुरू**

**गांव निवासी एक व्यक्ति का नौकर गिरफ्तार, दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका**

पचदेवरा थाने के हरदासपुर गांव निवासी रवि शुक्ला की 6 वर्षीय पुत्री रिशु उर्फ अविका रविवार सुबह करीब 9 बजे अचानक लापता हो गई। देर तक दिखाई न देने पर घर वाले उसे ढूंढने लगे। लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। उसी बीच पुलिस ने शक की बुनियाद पर गांव में सेवानिवृत्त फौजी ऋषिकांत के घरेलू नौकर सचिन को पकड़ा और उससे पूछताछ की। पुलिस की सख्ती पर सचिन टूट गया। पुलिस ने उसी की निशानदेही पर शाम करीब 5 बजे गांव के पास नाले से बच्ची का शव बरामद किया। ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस सचिन से पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि रवि शुक्ला कानपुर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं, जिनके दो बेटियां हैं, रिशु उर्फ अविका बड़ी थी। इसका पता होते ही एसपी नीरज कुमार जादौन, सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे। एसपी ने ने बच्ची के परिजनों से बातचीत करते जानकारी जुटाई। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बीएसएनएल के सहायक प्रबंधक पर हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**गोमतीनगर में जेटीआई के पास की शनिवार को हुई घटना**

**अमृत विचारः** हॉर्न बजाकर रास्ता मांगने पर एसयूवी सवार दबंगों ने बीएसएनएल के सहायक प्रबंधक पर हमला कर दिया। घटना शनिवार को गोमतीनगर स्थित जेटीआरआई के पास हुई। पीड़ित की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

विराजखंड निवासी अभिषक वर्मा बीएसएनएल में सहायक प्रबंधक है। अभिषेक के मुताबिक शनिवार सुबह 10 बजे कार से वह हजरतगंज स्थित कार्यालय जा रहे थे। तभी हनीमैन चौराहे से आगे बढ़ने पर जाम लग गया। ऐसे में उन्होंने अपनी कार के आगे खड़ी एसयूवी से हॉर्न बजाकर रास्ता मांगा था। मगर एसयूवी सवार दबंगों ने रास्ता नहीं दिया। किसी तरह अभिषेक वहां से निकल गए। सहायक प्रबंधक का आरोप है कि वह दो सौ मीटर आगे ज्यूडिशियल ट्रेनिंग एंड प्रशिक्षण केंद्र (जेटीआरआई) पहुंचे थे कि एसयूवी सवार दबंगों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। आरोपी उनकी कार का शीशा पीटने लगे। अभिषेक ने जब कार से उतरकर विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए। लोगों के जुटने पर आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा पश्चिम मंडल -1 के अंतर्गत रविवार को भवानीगंज वार्ड के शक्ति केंद्र-बी की पोलिंग जगन्नाथ प्रसाद साहू इंटर कालेज की बूथ संख्या 332, 333, 334, 335, 336, 337 पर बूथ अध्यक्ष के साथ कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। इसके बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाये गये। इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर साहू (भोला), शक्ति केंद्र संयोजक रंजीत शर्मा, रचना साहू, श्याम सुंदर साहू सहित बूथ समिति के पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनुस्मृति गर्व का विषय कांग्रेस ने की संविधान से छेड़छाड़ः बृजभूषण

**गोंडा, अमृत विचार :** संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी शब्द को लेकर छिड़ी बहस में कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। कहा कि मनुस्मृति गर्व का विषय है, यह समाज में संतुलन बनाए रखने का काम करती थी। मनु स्मृति में एक व्यवस्था दी गयी थी कि समाज का संतुलन कैसे बना रहे। किस आधार पर समाज चले। लेकिन बाद में मनुस्मृति में कुछ छेड़छाड़ की गई और इसको केवल देश के अंदर विवाद पैदा करने के लिए किया गया। उन्होंने राहुल गांधी को भी मनु स्मृति पढ़ने की नसीहत दी।

# शिक्षिका से दुर्व्यवहार करने पर हेडमास्टर हुए निलंबित

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रनापुर प्राथमिक विद्यालय की दिव्यांग शिक्षिका के मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार के मामले में शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। शिकायत के बाद हुई जांच में आरोप की पुष्टि होने पर प्रधानाध्यापिका निरुपमा मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है।

विद्यालय में तैनात दिव्यांग शिक्षिका दिव्या शुक्ला समेत अन्य शिक्षकों ने बाकायदा शपथ पत्र देकर आरोप लगाया था कि उन्हें बार-बार दिव्यांग जैसे अपमानजनक शब्द कहे गए और मानसिक प्रताड़ना दी गई। उन्होंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति में शामिल क्षेत्र के बीईओ ने जांच की। जांच रिपोर्ट में प्रधानाध्यापिका निरुपमा मिश्रा के विरुद्ध आरोपों को सत्य पाया गया। फिलहाल मामले की विभागीय जांच जारी है।

# अंसल निदेशकों पर दो और रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फ्लैट व प्लॉट के नाम पर 11.65 लाख हड़पने का आरोप**

**अमृत विचारः** अंसल निदेशकों प्रणव अंसल व सुशील अंसल के खिलाफ दो और पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने फ्लैट व प्लॉट के नाम पर 11.65 लाख रुपये लिए, उसके बाद भी कब्जा नहीं दिया। करीब 12 साल तक पीड़ितों को दौड़ाया गया। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है।

तेलीबाग स्थित बृज विहार निवासी आरती पाल ने बताया कि नवंबर 2013 में अंसल कंपनी में संपर्क कर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित साइट में एक फ्लैट बुक कराया था। बुकिंग के दौरान फ्लैट की कीमत 5.85 लाख रुपये बतायी गई थी। आरती ने बताया कि कुछ दिन बाद अंसल ने उन्हें एक नोटिस भेजा जिसमें, बुकिंग की कीमत बढ़ाकर 7 लाख रुपये लिखी थी। साथ ही फ्लैट दूसरे टॉवर में मिलने की बात भी कही गई। आरती ने 6.23 लाख रुपये जमा कर दिए। 12 साल बाद भी उन्हें फ्लैट नहीं मिला।

वहीं, वरदान खंड-1 निवासी अखिल अग्रवाल ने बताया कि 2012 में ब्रोकर अग्रवाल एसोसिएट के माध्यम से अंसल कंपनी में दो प्लॉट बुक कराकर 5,46,991 रुपये दिए थे। इसके बाद भी उन्हें न तो रजिस्ट्री की गयी और न ही रुपये वापस किए गए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अंसल निदेशकों समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पीएम म्यूजियम की तर्ज पर बन रहा अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय

**अयोध्या, अमृत विचार :** दिल्ली में स्थित प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम के तर्ज पर सरयू के तट पर भी अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय को तैयार किया जा रहा है, जिसमें भगवान श्रीराम से संबंधित वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने निर्माणाधीन संग्रहालय परिसर में निर्माण संस्थाओं के साथ मंथन किया। बैठक के दौरान संग्रहालय के निदेशक संजीव कुमार राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी गौरव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सोने के हिंडोले पर झूला झूलेंगे रामलला व राजाराम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** सावन माह के झूलनोत्सव में पहली बार रामलला सोने के हिंडोले पर झूला झूलेंगे। इसके लिए मुंबई के कारीगरों के द्वारा 5-5 किलो के दो झूले तैयार कर रहे है, जिस पर हीरे और पन्ना जैसे धातु जड़ित होंगे। इसे 26 जुलाई तक तैयार कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौप दिया जाएगा। भव्य उत्सव के साथ श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि को भूतल पर रामलला और प्रथम तल पर माता सीता संग विराजमान राजाराम की उत्सव मूर्ति को झूलों पर विराजमान कराया जाएगा। इस आयोजन का लाइव प्रसारण भी कराए जाने की तैयारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है।



ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक उत्सव के दौरान प्रतिनिधि भगवान के विग्रह को स्नान, अभिषेक व पूजन के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पहली बार भव्य स्वरूप ले रहा है। लाखों की संख्या में लोग प्रतिदिन भगवान के इस अलौकिक और अद्भुत स्वरूप का दर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान भगवान के समक्ष प्रतिदिन भजन गायन और उत्सव का आयोजन किया जायेगा। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट की धार्मिक समिति के सदस्य महंत मिथिलेश नंदनी शरण ने बताया कि भूतल पर रामलला और पहले तल पर राजाराम अपने दरबार में बैठ चुके हैं। उन्होंने बताया कि सावन में भगवान राम को झूले पर झुलाया जाता रहा है और रामलला पहले चांदी का झूला देख चुके हैं।

### कारोबारी का 175 किलो सोने का गुप्तदान

धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि मुंबई के कारोबारी ने गुप्तदान में 175 किलो सोना ट्रस्ट को समर्पित किया है, जिसे कलश और दरवाजे पर लगाया गया है। हम रामलला के हर आयोजन को उत्सव की तरह मनाते हैं। इस बार सावन में भक्त अपने प्रभु को सोने के झूले में झूला झूलते देखेंगे।


## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र,बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 आ | | 2 कू | | | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | | | ह |
| | ड़ | | मं | | 5 चु | र |
| | न | | डू | | | बा |
| | | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | | | ता | | ति | |
| 9 आ | रा | म | | 10 म | का | म |

## सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 2 | 6 | | 1 | |
| | | 5 | 1 | | | | 7 | |
| 4 | | | 9 | 7 | | 8 | | 3 |
| | | 6 | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 1 | | 6 | | | 4 | | |
| 3 | | 2 | | 1 | 8 | | | 6 |
| | 4 | | | | 9 | 7 | | |
| | 6 | | 4 | 5 | | 1 | | |

### सुडोकू - 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी-09 .23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सभी आवश्यताओं की पूर्ति बड़ी आसानी से हो जायेगी। विद्यार्थी नई शैक्षणिक योग्यता को विकसित करने की योजना बना सकते हैं। घुटनों और जोड़ों की पीड़ा बढ़ सकती है।

**वृष** – आज पर्यटन से जुड़े करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगे। दोस्तों और परिवार के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इससे आपको खुशी और संतुष्टि प्राप्त होगी। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में सुअवसर प्राप्त होगा। दवाइयों के सेवन करने में सावधानी रखनी आवश्यक है।

**मिथुन** – आज आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी। वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता और सहभागिता बढ़ायेंगे।

**कर्क** – आज नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ की स्थिति प्रबल रहने वाली है। नई योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। परीक्षाओं का परिणाम आपके पक्ष में आ सकता है।

**सिंह** – आज संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। गंभीर विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या** – आज अपनी इम्यून क्षमता को बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम अवश्य करें। अपने कर्म और भाग्य पर भरोसा रखें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कमीशन से संबंधित कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में शानदार धन लाभ हो सकता है। टेक्स्टटाइल के व्यापार में काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा संबंधी बाधा दूर होगी। विवेक और चतुराई से काम लें। तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं का दबाव रहेगा।

**वृश्चिक** – आज नौकरी में माहौल काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से काफी सम्मान मिलेगा। आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।


**धनु** – आज सहकर्मियों से आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सभी आवश्यक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। पूर्व निर्धारित योजनाओं से लाभ प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में अनावश्यक समय व्यर्थ न करें।

**मकर** – आज नई तकनीक का अभ्यास कर सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। काम का अत्यधिक दबाव आपको निराशा के दलदल में धकेल सकता है।

**कुंभ** – आज आप दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। अचानक ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनकी आपको बेहद आवश्यकता होगी। घर का वातवारण सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मीन** – आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। परिजनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से काम करना बेहतर होगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 07 .20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## एक नजर

### बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए 58 पर्यवेक्षक

**लखनऊ :** कांग्रेस ने इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 58 पर्यवेक्षकों को बिहार में तैनात करने का फैसला किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद इस संबंध में पार्टी ने आदेश जारी कर दिया है। पर्यवेक्षकों को विधानसभावार नियुक्त किए जाने की चर्चा है। पार्टी की ओर से पर्यवेक्षकों की सूची जारी की गई है।

### पानी भरने गए 12 साल के बच्चे पर कुत्तों ने किया हमला

**बरेली :** सरकारी नल पर पानी लेने गए 12 साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। क्योलड़िया निवासी इंद्रपाल का लड़का हिमांशु शनिवार की शाम को घर के बाहर स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गया था। अचानक से उसके ऊपर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे कुत्तों से बचाया। परिवार के लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे भय का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कुत्तों को पकड़वाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### जेल में बंदी की बिगड़ी तबीयत, मौत

**मुरादाबाद :** जिला कारागार में हत्या के मामले में बंद बंदी हरपाल की रविवार की सुबह तबीयत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मैनाठेर के गांव लालखेड़ा निवासी ओमपाल की 8 दिसंबर 2024 को गोली और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी रामवती के शिकायती पत्र पर हरपाल समेत 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

# हाईटेंशन लाइन में उलझे दो बच्चे, गिरने से मौत

## परिजनों ने मशीन ऑपरेटर पर लगाया लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बहजोई

**अमृत विचार :** बिजली की हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन खींचते समय तारों में उलझ कर दो बच्चे भी तारों के साथ ही ऊंचाई पर पहुंच गए। कुछ देर तक वे तारों को पकड़कर लटके रहे, जान बचाने की जद्दोजहद में अचानक उनके हाथों से तार छूटा और काफी ऊंचाई से नीचे गिरने से दोनों की मौत हो गई। दोनों आपस में चचेरे-तहेरे भाई थे। परिजनों ने मशीन ऑपरेटर पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में बिजली विभाग द्वारा ट्रांसमिशन की हाईटेंशन लाइन खींची जा रही है। गांव के


रोहित


सत्यभान

▶▶ धनारी क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में खींच रही लाइन, तारों में फंस गए चचेरे-तहेरे भाई

ब्रह्मचारी का 17 साल का बेटा सत्यभान अपने चचेरे भाई 9 साल के रोहित के साथ खेत पर गया था। उन्हीं के खेत से ट्रांसमिशन की हाईटेंशन लाइन खींची जा रही थी। सत्यभान व रोहित पास जाकर तारों को देख रहे थे तभी वे तारों में उलझ गए।

दोनों तारों से निकल पाते इससे पहले ही मशीन ऑपरेटर ने तार खींच दिए। तारों में फंसकर दोनों भाई भी ऊंचाई पर पहुंच गए। तारों को पकड़कर लटके सत्यभान और रोहित ने शोर मचाया, आपरेटर तार ढीले कर पाता इससे पहले ही दोनों के हाथों से तार छूट गया और वे काफी ऊंचाई से जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। परिजन दोनों को बहजोई अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में दम टूट गया। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मृतक रोहित के पिता छविराम ने बताया कि मशीन ऑपरेटर ने अचानक से तार खींच दिए जिसके कारण उनका बेटा व भतीजा लटक गए। ऊंचाई से गिरकर दोनों की मौत हो गई। उन्होंने आपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बंदरों ने महिला पर मारा झपट्टा, छत से गिरकर दोनों टांगें टूटीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ आंवला के रामनगर की घटना जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** छत पर कपड़े लेने गई महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। दहशत में आई महिला छत से नीचे पड़े खाली प्लॉट में गिरने से घायल हो गई। परिवार के लोगों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

आंवला थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी रजनी देवी (45) रविवार की सुबह छत पर कपड़े लेने के लिए गई थीं। इसी बीच अचानक से बंदरों के झुंड ने महिला पर हमला कर दिया। दहशत में आईं रजनी बंदरों से बचने के प्रयास में छत से खाली प्लॉट में गिर पड़ीं। इससे उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। रजनी देवी के पति रमेश चंद्र ने बताया कि पत्नी की चीख सुनकर आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन बंदर लोगों पर हमला करने के साथ ही घरों में रखा खाने पीने का सामान समेत अन्य चीजें उठाकर ले जाते है। कई बार शिकायत करने के बाद भी बंदरों को नहीं पकड़ा जा रहा है।

### राज्य में 126 से ज्यादा मार्ग बाधित, सुरक्षा के मद्देनजर चारधाम यात्रा 24 घंटे तक स्थगित

# उत्तरकाशी में दो जगह बादल फटा, 2 की मौत, 7 लापता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में रविवार को ऑरेन्ज और रेड अलर्ट के बीच कहीं मध्यम से तेज तो कहीं अतिवृष्टि ने कहर बरपा दिया। देर शाम तक अनेक स्थानों पर भूस्खलन और भारी बारिश से 4 राज्य व जिला मार्ग, 2 नेशनल हाइवे और 120 मोटर मार्ग अवरुद्ध थे।

नदियों में जलस्तर भी खतरे के निशान के करीब है। भूस्खलन सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के अंदेशे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित कर दी गई है। शनिवार रात से लगातार बारिश के बीच उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के बड़कोट क्षेत्र में पालीगाड़ और ओजरी डाबरकोट के बीच सिलाई बैंड के पास बादल फटने से तबाही मच गई। डीएम उत्तरकाशी प्रशांत आर्य के अनुसार, सिलाई बैंड के पास होटल निर्माण कार्य में लगे 29 मजदूर वहीं टेंट लगाकर रह रहे थे। 20 श्रमिकों को तो सुरक्षित निकाल लिया गया था लेकिन 9 श्रमिक लापता हो गए। इनमें दो श्रमिकों दूजेलाल (55) निवासी पीलीभीत (उप्र) और केवल थापा निवासी नेपाल के शव घटनास्थल से 18 किमी दूर यमुना नदी तट पर तिलाड़ी शहीद स्मारक के पास मिले। सात अन्य लापता श्रमिकों-रोशन चौधरी, विमला धामी, कल्लूराम, बॉबी, छोटू, प्रियांश और मनीष की खोज जारी है। कुथनौर में भी बादल फटने के कारण खेतों में मलबा भर गया है। वहीं, देहरादून के कारगी ग्रांट क्षेत्र में नदी किनारे दो मकान ढह गए जबकि दो घरों में दरार आ गई। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि 10 घरों को खाली कराया गया है।


देहरादून में भारी बारिश के कारण गिरा मकान। ● अमृत विचार

## भूमि विवाद में हुई गोलीबारी, किशोर की मौत, दो घायल

**फर्रुखाबाद, एजेंसी :** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में एक किशोर की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस मुठभेड़ में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के राम नगर पुठरी गांव में खेत पर कब्जा करने के विवाद में एक पक्ष द्वारा की गई गोलीबारी में आकाश राजपूत (17) की मौत हो गई जबकि उसकी बहन पलक और चाचा महावीर घायल हो गए जिन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एएसपी संजय सिंह ने बताया कि शनिवार रात पुलिस टीम ने नवाबगंज के हददुआ चौराहे के पास मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें अधिकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में बैठक कर विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश, सड़कों की स्थिति एवं अन्य मूलभत सुविधाओं की उच्चाधिकारियों व जिलाधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मानसून के दृष्टिगत आगामी दो माह तक शासन और प्रशासन के अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए कहा कि, मानसून अवधि के दौरान अधिकारी नियमित रूप से ग्राउंड पर रहकर सभी व्यवस्थाएं करें।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा पर आए सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए भोजन, दवाइयों और बच्चों के लिए दूध और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

अत्यधिक बारिश की संभावना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए अगले 24 घंटे के लिए चारधाम यात्रा रोकी गई है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि नदियों और गदेरे के आसपास और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों पर रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के तहसील बड़कोट क्षेत्र में बादल फटने की वजह से लापता मजदूरों के सर्च और रेस्क्यू अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिए।



▶▶ धामी ने राज्य आपतकालीन परिचालन केन्द्र में की समीक्षा

### गर्भवती महिलाओं का बनाएं डाटा बेस

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में गर्भवती महिलाओं का डाटा बेस बनाएं। सितम्बर माह तक जिन महिलाओं की डिलीवरी होनी है, उनका नियमित अपडेट रखा जाए। प्रसव पूर्व उन्हें अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जच्चा और बच्चा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# मंदिर में पढ़ी नमाज, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। उसने मंदिर में बैठकर नमाज पढ़ी। किसी ने नमाज पढ़ने के दौरान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। हेड कांस्टेबिल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके मामला शांत कराया है। फिर भी हिंदू संगठनों में रोष है।

कोतवाली दातगंज क्षेत्र के गांव पापड़ का है। गांव में ब्रह्मदेव मंदिर में गांव निवासी अली मोहम्मद कई साल से सेवादार है। वह लगभग 25 से 30 साल से सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में सेवा करता है। उनके परिवार में कोई सदस्य नहीं है। वह


मंदिर में नमाज पढ़ता युवक।

ब्रह्मदेव मंदिर में साफ-सफाई के अलावा गायों का चारा खिलाता है। अली मोहम्मद का मंदिर परिसर में नमाज पढ़ते समय का 40 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो पुराना बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद गांव निवासी हिंदू समुदाय ने विरोध किया। मुस्लिम सेवादार पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाया। वीडियो पुलिस तक पहुंचा।

▶▶ दातागंज के गांव पापड़ स्थित मंदिर में नमाज पढ़ रहा था युवक, वायरल हुआ वीडियो

दातागंज के हेड कांस्टेबिल सुरेंद्र कुमार ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। बताया कि वह 28 जून की शाम गश्त करते हुए गांव पापड़ गए थे। ब्रह्मदेव मंदिर पर पहुंचे। जहां देखा कि कुछ लोगों की भीड़ जमा थी। उन्होंने लोगों से जानकारी की। ग्रामीणों ने पुलिस को वीडियो दिखाया। सीओ दातागंज केके तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## गोकशी गिरोह के 7 शातिरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**अमृत विचार, मुरादाबाद :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने संगठित अपराधों में लिप्त गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग लीडर समेत सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह गिरोह गोकशी जैसे गंभीर अपराधों के जरिए अवैध धन उपार्जन करता था। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि 28 जून 2025 को क्षेत्र में गश्त के दौरान यह गिरोह चिह्नित हुआ। जिसका संचालन जीशान निवासी गजरौला सैंद थाना भोजपुर करता था। उसके साथ यामीन, जुनैद, मोहम्मद हसनैन उर्फ बिल्डर, मुरसलीन, फरमान और अजीजुररहमान शामिल है। सभी आरोपी मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य कर रहे थे और गोकशी के जरिए अवैध रूप से धन कमा रहे थे। इन सभी का आपराधिक इतिहास गैंग चार्ट में दर्शाया गया है।

▶▶ सिविल लाइंस पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर डीएम की अनुमति से किया निरुद्ध

### नानी ने नहीं दिलाया फोन किशोर ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, बरेली :** मोबाइल की मांग पूरी न होने पर किशोर ने शनिवार रात फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी के मोहल्ला सतीपुर निवासी शारदा देवी का बेटा विवेक मौर्या (17) अपनी नानी धनवती के पास भमोरा थाना क्षेत्र के गांव खुली तारपुर में रहता था। वह मेहनत मजदूरी करता था और नानी के काम में भी हाथ बंटाता था। विवेक कई दिन से नानी से मोबाइल की मांग कर रहा था, लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण नानी मोबाइल नहीं दिला सकीं। तब उसने मां शारदा देवी से मोबाइल की जिद की। लेकन मांग पूरी न होने पर शनिवार रात साड़ी का फंदा बनाकर विवेक ने खुदकुशी कर ली।


## कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर।

**पत्रांकः समग्र शि0 / ए0आर0पी0 – चयन / 8977–84 /2025–26 दिनांक : 28/06/2025**

प्रेस–विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः गुण0वि0 / ए0आर0पी0 / 9333 / 2024–25 दिनांक 15 जनवरी, 2025 के साथ संलग्न शासनादेश संख्या–902 / 68–5–2019 दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 एवं शासनादेश संख्या–68–5099 / 143 / 2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 एवं मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर के अनुमति दिनांक–20.06.2025 के अनुक्रम में दिये गये निर्देशों के क्रम में समग्र शिक्षा अभियान सुलतानपुर के अन्तर्गत प्रत्येक ब्लाक संसाधन /नगर संसाधन केन्द्र के अन्तर्गत निम्न विवरणानुसार रिक्त अकादमिक रिसोर्स पर्सन Academic Resource Person (ARP) के चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक–15.07.2025 सायं–05.00 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर के पते पर आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0 स0 | ए0आर0पी0 हेतु पद नाम | ब्लाक संसाधन केन्द्र | | | नगर संसाधन केन्द्र | | | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद | |
| 1 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) हिन्दी विषय | 14 | 10 | 04 | 01 | 00 | 01 | कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में हिन्दी अनिवार्य हो। |
| 2 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) अंग्रेजी विषय | 14 | 07 | 07 | 01 | 00 | 01 | कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य हो। |
| 3 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) गणित विषय | 14 | 09 | 05 | 01 | 00 | 01 | स्नातक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित पी0सी0एम0 संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 4 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) विज्ञान विषय | 14 | 08 | 06 | 01 | 00 | 01 | स्नातक में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान जेड0बी0सी0 संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 5 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) सामाजिक अध्ययन | 14 | 07 | 07 | 01 | 00 | 01 | कला संवर्ग में स्नातक के निर्धारित विषय में समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान, सांख्यिकी, कृषि। |

**अर्हता एवं शर्तें**

1. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता हो।
2. परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय में कम से कम 05 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो। शिक्षण अनुभव का आगणन विज्ञापन की तिथि को सन्दर्भ मानकर किया जायेगा।
3. सेवानिवृत्त होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो।
4. ए0आर0पी0 के रूप में अधिकतम 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरान्त पूर्व में कार्य कर चुके कोई भी Academic Resource Person (ARP) भविष्य में अकादमिक रिसोर्स पर्सन पद पर चयन हेतु अनर्ह होगें।
5. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।
6. अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निर्धारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफार्मेन्स अप्रैजल के आधार पर जनपदीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चात इनका नवीनीकरण किया जायेगा। अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात पुनः चयन प्रक्रिया की जायेगी।

**चयन हेतु मानदण्ड**

1. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन के लिए क्वालीफाई करेगें।
2. माइक्रो टीचिंग/शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए क्वालीफाई करेगें।
3. साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही अन्तिम (फाइनल) चयन हेतु क्वालीफाई करेगें।
4. लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग/ शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्कार के कुल योग को जोड़ने के बाद , जिन अभ्यर्थियों का अंक 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर होगा, उनकी अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) के लिए मेरिट बनायी जायेगी।
5. चयनित अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का पदस्थापन काउन्सिलिंग के माध्यम से मेरिट/वरिष्ठता के क्रम में किया जायेगा।

सामान्य निर्देश

1. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरे जाने के पश्चात सम्बन्धित विकास खण्ड/नगर क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी से समस्त प्रमाण पत्रों के साथ अग्रसारित किया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूप खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है।
2. ग्रामीण क्षेत्र के अध्यापकों का चयन/पदस्थापन ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर तथा नगर क्षेत्र के अध्यापकों का चयन/पदस्थापन नगर संसाधन केन्द्र में ही होगा।
3. आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण–पत्र (जिसमें जन्मतिथि अंकित हो), स्नातक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र, नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. अपूर्ण एवं अधूरे आवेदन पत्र अथवा उपरोक्त वर्णित प्रमाण पत्र संलग्न न करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा।
5. चयनित अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का वेतन उसी विद्यालय से निकलेगा जिसमें वे कार्यरत हैं तथा वेतनमान में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जायेगी। उक्त कार्य हेतु अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) को रू0 2500/– प्रतिमाह मोबिलिटी/वाहन भत्ता के अतिरिक्त किसी प्रकार का अन्य इन्सेन्टिव नही दिया जायेगा।
6. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं विषय का नाम अवश्य अंकित किया जाय।
7. लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग एवं साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

**जिला समन्वयक (प्रशिक्षण)**
**समग्र शिक्षा, सुलतानपुर।**

**( उपेन्द्र गुप्ता)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**सुलतानपुर।**


## कृषि यंत्रों की बुकिंग पर मिलेगा 80 प्रतिशत तक अनुदान

**अमृत विचार, बरेली :** किसान अपनी जरूरत के हिसाब से कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए विभाग का पोर्टल खुल गया है। यंत्रों की खरीद पर सरकार 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान देगी। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि विभाग में पंजीकृत किसान, कृषक उत्पादक संघ (एफपीओ), सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) जो राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और कृषि विभाग से संबंधित हों, वह अपनी जरूरत और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कृषि यंत्रों की मांग कर सकते हैं। यंत्रों की बुकिंग https:// agridarshan.up. gov.in पर ब्लॉक वार की जाएगी।


आगरा में तेज बारिश के बीच ताजमहल की सुंदरता व वास्तुकला को देखने पहुंचे पर्यटक। ● एजेंसी

# 1 लाख लेकर कराई शादी, दुल्हन चौथे दिन फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बबराला

▶▶ बंगाल ले जाकर आरोपियों ने कराई थी शादी, पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक लाख रुपये लेकर दो लोगों ने बंगाल में ले जाकर एक युवक की शादी कराई। शादी के चार दिन बाद ही दुल्हनिया फरार हो गई। ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ित ने शादी कराने वाले दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि एक माह पहले उसकी मुलाकात बबराला निवासी मुकेश व प्रशांत से हुई थी। दोनों ने उससे कहा कि वह शादी कराते हैं। बंगाल से शादी कराने का भरोसा देकर कहा कि एक लाख का खर्चा आएगा। अनिल ने उधार लेकर एक लाख रुपये दे दिए। दोनों युवक अनिल को 2 जून को बंगाल ले गए और 4 जून को उसकी शादी एक युवती संग कराई। अनिल अपनी दुल्हन को घर ले आया। दुल्हन उसके साथ 4 दिन रही, इसके बाद कहीं चली गई। अनिल ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। युवक ने शादी कराने वाले मुकेश और प्रशांत से अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों ने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। शादी के नाम पर ठगी का शिकार बने अनिल ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। अनिल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### नाराज होकर मायके पहुंची बहू, लेने आई सास को पीटा

**अमृत विचार, मुरादाबाद :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के विशनपुर भीमाठेर में पारिवारिक विवाद के चलते एक वृद्धा को उसकी बहू और मायके वालों ने बुरी तरह मारा–पीटा और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बहू समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कांठ क्षेत्र के कस्बा उमरी कला के मोहल्ला परीदगंज निवासी नाजरा ने बताया कि उसकी पुत्रवधू हुमा ने कुछ समय पहले दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कांठ थाने में दर्ज कराया था। कांठ थाने के दरोगा के कहने पर नाजरा 28 जून को हुमा से मिलने उसके घर गई थीं, जहां विवाद के बाद बहू हुमा ने परिवार के साथ मिलकर नाजरा पर जानलेवा हमला कर दिया।

## स्कूलों के विलय पर कई संगठनों का हल्ला बोल

**अमृत विचार, बरेली :** परिषदीय विद्यालयों के विलय को लेकर शिक्षक संघों के साथ ट्रेड यूनियन समेत कई अन्य संगठनों ने विरोध तेज कर दिया है। विभिन्न संगठनों ने रविवार को गांधी उद्यान में बैठक कर शिक्षा बचाओ मोर्चा बरेली का गठन करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें तय किया गया कि अपनी मांगों को लेकर 4 जुलाई को बाइक रैली और 8 जुलाई को डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि सरकार की नीति से बरेली जिले में 617 प्राइमरी और जूनियर स्कूल बंद हो जाएंगे। यह वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों पर हमला है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। अभी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्ञापन दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूलों का विलय असल में शिक्षा पर किया गया हमला है।

# जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह

## तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन, ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी को घेरा

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद रैली में कांग्रेस को घेरते हुए शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे राहुल गांधी को इसके प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर हालत देखनी चाहिए।



हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

शाह ने कहा कि कांग्रेस केंद्र से माओवादियों से बातचीत करने को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से बात नहीं करने की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में 10,000 लोगों ने हथियार छोड़े और मुख्यधारा में शामिल हुए। इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। डेढ़ साल में 2,000 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। गृह मंत्री ने कहा, हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा। आदिवासी इलाकों में नक्सली हिंसा में पिछले 4 दशकों में 40,000 लोगों की जान जा चुकी है। शाह ने कहा कि उन्हें आशंका है कि कांग्रेस नक्सलियों को तेलंगाना में पनाह न दे दे। हालांकि, उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है।

### 1 अरब डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य

शाह ने कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में एक सभा में उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है। जो (हल्दी) बोर्ड बनेगा, वह यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगा कि हल्दी का उच्चतम मूल्य किसानों तक पहुंचे। शाह ने कहा कि 2023 के विस चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित का वादा किया था और इस संबंध में आदेश बाद में जारी हुए थे। इससे पहले, हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में बनेगा हर परिवार का पहचान पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार की सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए हर घर के लिए विशिष्ट पारिवारिक पहचान बनाने की योजना है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल लाभार्थियों तक पहुंच का दायरा भी बढ़ाएगी और सरकारी विभागों में नियोजन एवं निगरानी के लिए एकीकृत स्रोत के रूप में काम करेगी। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त किए और कर्नाटक निवासी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को बताया, आरोपियों में स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पीपी चेंगप्पा (40) है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान व संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे।

### पूर्वी दिल्ली से पकड़े गए 83 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** पुलिस ने पूर्वी इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए शुरू विशेष अभियान का हिस्सा है। अभियान के तहत कुल 120 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार में रहते रहे थे। गुप्त सूचना पर चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बढ़ाई सुरक्षा

**बोबिया, एजेंसी**

तीन जुलाई से शुरू हो रहे अमरनाथ यात्रा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही बीएसएफ की महिला सैनिकों के साथ ही पुरुषों की तैनाती कर सीमा पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

3 जुलाई से 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा दो मार्गों से गुजरती है, जिनमें से एक अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबा पहलगाम मार्ग है, वहीं दूसरा गांदरबल जिले का 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग, जो छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला है। ये दोनों रास्ते 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाते है। अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार व सेना काफी सतर्क है। वह यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पड़ोसी देश से सट रही देश की सीमा पर निगरानी गढ़ा दी गई है।

## अमरनाथ यात्रा

### सिन्हा ने की आधार शिविरों में तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को नुनवान और चंदनवारी स्थित आधार शिविरों का दौरा किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सुविधा सुरक्षा जांच में दक्षता सुनिश्चित करेगी और श्रद्धालुओं के प्रतीक्षा समय को कम करेगी। सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिनियुक्त प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत की।

# हिंदी विवाद : त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

- फडणवीस ने मामला सुझाने के लिए की समिति के गठन की घोषणा

महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की भी घोषणा की। समिति ने इस मुद्दे का अध्ययन और रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन महीने का समय मांगा है।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक त्रि-भाषा नीति लागू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था और नीति के कार्यान्वयन पर समिति गठित की थी। फडणवीस ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल ने पहली कक्षा से त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अप्रैल और जून में जारी दो सरकारी आदेश वापस लेने का निर्णय लिया है। त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन की सिफारिश के लिए डॉ. नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। सरकार (नीति आयोग की पूर्ववर्ती संस्था) योजना आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व कुलपति डॉ. जाधव की रिपोर्ट के आधार पर नया फैसला लेगी।

### हम हिंदी नहीं, सिर्फ उसे थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदी का विरोध नहीं करती, बल्कि इसे थोपे जाने के खिलाफ है। दक्षिण मुंबई में विरोध-प्रदर्शन के बाद ठाकरे ने ये बात कही। इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान 17 जून के उस सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई गईं, जिसमें स्कूलों के लिए तीन भाषा नीति संबंधी निर्देश जारी किया गया था। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के पूर्व सांसद भालचंद्र मुंगेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता नितिन सरदेसाई, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत शामिल हुए।

## सांस्कृतिक समर्पण



पुणे में रविवार को रथ यात्रा पर इस्कॉन के आयोजित जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालु विविध वेशभूषा में नजर आए। एजेंसी

# झारखंड में भारी बारिश, जलमग्न आवासीय विद्यालय से सुरक्षित निकाले गए 162 छात्र

**जमशेदपुर, एजेंसी**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश से जलमग्न हुए निजी विद्यालय से 162 छात्रों को पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने रविवार को सुरक्षित निकाला। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर पांडरसोली स्थित स्कूल में भारी बारिश से पानी भर जाने से छात्र शनिवार रात से ही फंसे हुए थे।

एसपी (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने बताया, भारी बारिश से जलमग्न हुए आवासीय विद्यालय में 162 छात्र फंस थे, जिसके बाद शिक्षकों ने सभी छात्रों को छत पर भेज दिया, जहां उन्होंने रात बिताई। सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से एक-एक करके छात्रों को बचाया गया। अभियान में नौकाओं का प्रयोग हुआ। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि विद्यालय का एक मंजिला भवन जलमग्न हो गया था और इसे अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। छात्रों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।



बारिश के बाद विद्यालय में पानी भरने के बाद बचाए गए छात्र।

# विधायक विजय प्रताप सिंह 5 साल के लिए आप से निलंबित

**चंडीगढ़।** आप ने रविवार को अमृतसर उत्तर के विधायक एवं पूर्व आईपीएस कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों पर पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी पर सवाल उठाया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को निलंबित करने का फैसला आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं विधि कॉलेज, पुलिस से हुई तीखी बहस

## कानून की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार रविवार को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज में कानून की छात्रा से पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। अर्चना ने दावा किया कि पुलिस उन्हें ये जानकारी नहीं दे सकी कि पीड़िता कहां है। वहीं कॉलेज में प्रवेश को लेकर उनकी पुलिस से बहस भी हुई।

उन्होंने कहा, आयोग छात्रा के साथ खड़ा है। आयोग का काम पीड़िता की तब तक सहायता करना है, जब तक वह चाहती है। विधि कॉलेज पहुंचीं अर्चना से कॉलेज में प्रवेश को लेकर पुलिस अधिकारियों से बहस करते देखा गया। कॉलेज में मौजूद एसीपी ने बताया कि आयोग की सदस्य के अलावा, उनके साथ आए दो अन्य लोगों को मोबाइल नंबर नोट करने के बाद प्रवेश की अनुमति दी गई। अंदर वीडियो या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। बाद में अर्चना परिसर में दाखिल हुईं और गार्ड रूम में गईं।

### विरोध में निकाली गईं रैलियां

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शहर के सरकारी विधि कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में रविवार को रैली का नेतृत्व किया और पश्चिम बंगाल में हर बेटी की सुरक्षा की मांग की। कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और नागरिक संस्था के सदस्यों द्वारा भी शहर और बाहरी इलाकों में रैलियां निकाली गईं।

# ईसी 2003 की बिहार की मतदाता सूची जल्द करेगा अपलोड

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) जल्द 2003 की बिहार की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि 4.96 करोड़ मतदाता जिनके नाम इसमें शामिल हैं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नामांकन प्रपत्र के साथ संलग्न करने के लिए प्रासंगिक हिस्से को निकाल सकें। ईसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 4.96 करोड़ मतदाताओं-जो कुल मतदाताओं का 60% और जो 2003 की सूची में शामिल थे, उन्हें जन्म से जुड़े दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## कारोबार/कृषि

# आईआईपी के आंकड़े पर बाजार की नजर

## अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की रहेगी निगाह

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। 1 जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। 3 जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी होंगे। प. एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट से पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2% चढ़ा। वहीं एनएसई का निफ्टी 525.4 अंक या 2% के लाभ में रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र पास आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। बाजार भागीदार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ की पूंजी (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। शीर्ष सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# टाटा स्टील को इनपुट कर क्रेडिट पर कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने रविवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के इनपुट कर क्रेडिट के कथित अनियमित लाभ पर कर अधिकारियों से कारण बताओ एवं मांग (एससीएन) नोटिस मिला है।

टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि शनिवार को मिले नोटिस के अनुसार, उसे 30 दिन में केंद्रीय जीएसटी और उत्पाद शुल्क, जमशेदपुर के अतिरिक्त/संयुक्त आयुक्त के सामने कारण बताना होगा जीएसटी उससे क्यों नहीं मांगा जाए। रांची स्थित केंद्रीय कर आयुक्त (लेखा परीक्षा) कार्यालय से 27 जून को जारी नोटिस में कहा गया कि इनपुट कर क्रेडिट का लाभ केंद्रीय कर अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन करके लिया गया।

# कमोडिटी एक्सचेंज: निवेश का बेहतर मंच




कमोडिटी एक्सचेंज संगठित मंच है जहां विभिन्न वस्तुओं जैसे सोना, चांदी, तेल, गेहूं, कपास आदि की खरीद-बिक्री होती है। यह एक्सचेंज व्यापारियों और निवेशकों को सुरक्षित और पारदर्शी वातावरण देता है, जहां वे फ्यूचर्स या वास्तविक वस्तुओं का व्यापार कर सकते हैं। इसके माध्यम से कीमतें वैश्विक मांग-आपूर्ति के अनुसार तय होती हैं। निवेशक यहां मूल्य अस्थिरता से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। हालांकि इसमें लाभ के साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे कि कीमतों में गिरावट, सही रणनीति के बिना निवेश आदि। इसलिए जानकारी से किया गया निवेश ही सुरक्षित होता है।

### क्या है एक्सचेंज

कमोडिटी एक्सचेंज एक ऐसा वित्तीय मंच है, जहां कृषि उत्पाद, धातुएं, ऊर्जा संसाधन आदि जैसी वस्तुओं का व्यापार तय मानकों और अनुबंधों के तहत किया जाता है। भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) प्रमुख हैं। ये प्लेटफॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ते हैं और कीमतों में पारदर्शिता लाते हैं।

### निवेशकों को होने वाले फायदे

- **पारदर्शी मूल्य निर्धारण:** मांग-आपूर्ति पर कीमतें तय, धोखाधड़ी की संभावना कम।
- **हेजिंग:** किसान, व्यापारी और उद्योग अपनी कीमतों को भविष्य में लॉक कर सकते हैं।
- **लिक्विडिटी:** बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता, जिससे व्यापार करना आसान।
- **विविध निवेश:** निवेशकों को विविध पोर्टफोलियो बनाने का मौका।

### निवेशक न लें जोखिम

- **अस्थिरता:** मौसम, राजनीतिक व वैश्विक घटनाओं से कीमतों में उतार-चढ़ाव।
- **जटिलता:** फ्यूचर्स और ऑप्शंस जैसे अनुबंधों को समझना निवेशकों के लिए कठिन।
- **लीवरेज का खतरा:** कम पूंजी से बड़ा सौदा करने पर घाटे का जोखिम बढ़ जाता है।

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- निवेश से पहले वस्तु के बाजार की गहराई से समझ जरूरी है।
- एक्सचेंज द्वारा तय नियमों और नियामक संस्था की निगरानी से व्यापार सुरक्षित।
- लॉन्ग और शॉर्ट टर्म, दोनों के निवेशकों के लिए उपयुक्त विकल्प उपलब्ध हैं।

# अनुषंगी इकाइयों में निवेश का मौद्रीकरण करें बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीओ या विनिवेश के लिए 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा है कि वे परिचालन बढ़ाने के बाद अनुषंगी कंपनियों में अपने निवेश के मौद्रीकरण लिए उन्हें एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने पर विचार करें। इससे उन्हें अपने निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल सकेगा।

सूत्रों ने कहा कि मध्यम से दीर्घावधि में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) या विनिवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लगभग 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार हैं। जहां भी आवश्यक हो बैंकों को अपनी अनुषंगी कंपनियों या संयुक्त उद्यम के परिचालन को बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए और सही समय पर इस निवेश का मूल्य निकालने का प्रयास करना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि मौद्रीकरण से पहले बैंकों को कामकाज के संचालन, पेशेवर निर्णय की प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए। इससे उनकी अनुषंगी कंपनियों की परिचालन दक्षता में सुधार होगा। उदाहरण के लिए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भविष्य में परिचालन बढ़ाने के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट सर्विसेज को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है। 24 फरवरी, 2009 को गठित एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त में 509 करोड़ का लाभ कमाया है।

एसबीआई की साधारण बीमा इकाई ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 10 रुपये मूल्य के 3,71,693 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। एसबीआई जनरल में एसबीआई की हिस्सेदारी 69.11से घटकर 68.99% रह गई है। एसबीआई पेमेंट का 74% स्वामित्व एसबीआई के पास है और बाकी हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।

# महिंद्रा होलिडेज को 363 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे अपने क्लब सदस्यता सेवाओं पर एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) से संबंधित जुर्माने सहित 363 करोड़ रुपये से अधिक का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय करने के लिए कदम उठा रही है। चेन्नई स्थित राज्य कर अधिकारी, अन्ना सलाई सेंट्रल-3 ने 28 जून, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# 12.5 किलो के सोने की ईट अपने भंडार में रखता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की अहमियत को समझते हुए 1991 के आर्थिक संकट के बाद से सोने का भंडार कई गुणा बढ़ाया है और वर्तमान में यह 870 टन है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गई है।

आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को को लेकर जारी वृत्तचित्र में बताया कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से है। जहां अमेरिका में यह 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है।

आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गई है। इसमें आरबीआई ने तिजोरी को दिखाया है। देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो की ईंट के रूप में रखता है।



- आरबीआई अपनी भूमिकाओं को लेकर जारी किया वृत्तचित्र
- केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण भंडार कई गुणा बढ़ाया, वर्तमान में 870 टन

केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाए रहेगा। आरबीआई के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा।

वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। वृत्त चित्र के अनुसार, आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।

# रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल के भावनात्मक पलों को याद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था।

रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था।

**सूर्यकुमार यादव का यादगार कैच :** भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी। उन्होंने कहा इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया। जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है। स्क्रीन पर फैसला आने तक सबकी सांसें अटकी हुई थीं। तीसरे अंपायर ने कैच को वैध करार दिया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी ढह गई।

**दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में चाहिए थे 16 रन :** दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम हार्दिक पंड्या के इस ओवर में केवल आठ रन ही बना पाई।

**विराट कोहली की शानदार पारी :** इससे पहले विराट कोहली की 59 गेंदों पर 76 रन की पारी से भारत ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने रोहित, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार को सस्ते में चलता कर दिया था जिसके बाद कोहली और अक्षर पटेल (31 गेंद में 47 रन) ने भारतीय पारी को संवारा। पंड्या ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने के साथ तीन अहम विकेट भी चटकाये।

रोहित ने कहा जब हमने शुरुआत में तीन विकेट जल्दी गंवा दिए तो ड्रेसिंग रूम में जाहिर तौर पर बहुत घबराहट थी। मैं सहज नहीं था। मैं सोच रहा था कि हमने उन्हें मैच पर पकड़ बनाने का मौका दे दिया। मेरे दिमाग में हालांकि हमेशा यह बात थी कि हमारे निचले मध्य क्रम ने टूर्नामेंट में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की थी लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला उन्होंने प्रभाव डाला। रोहित ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की उपयोगी पारी और कोहली के साथ उनकी 72 रनों की साझेदारी को याद किया।

### टी-20 विश्व कप जीत का एक साल पूरा



टी20 विश्व कप-2024 की ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### मैं पूरी रात नहीं सो पाया

रोहित शर्मा ने कहा-मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था, लेकिन अंदर से काफी 'नर्वस' था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा मुझे याद है कि मैं सोच रहा था दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय टी20 में शतक लगाना बहुत खास है : मंधाना

नॉटिंघम, एजेंसी

● **कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में शतक लगाकर फैंस का दिल जीत लिया**

भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं।



मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है। उन्होंने कहा मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट व एक दिवसीय में शतक लगाए हैं, पर यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं।

## एक नजर



नीदरलैंड के ग्रैंड प्रिक्स में मोटो 3 रेस जीतने के बाद जश्न मनाते हुए स्पेन के राइडर के जोस एंटोनियो। वह रेड बुल टीम के खिलाड़ी हैं। ● एजेंसी

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने

**बुलावायो :** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे-धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की।

### रोनाल्डो ने क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को दी प्राथमिकता

**लिस्बन :** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिये यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं।

### टीवी अंपायर की आलोचना करने पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी।

# टेस्ट क्रिकेट में बुमराह पर निर्भर है भारतीय टीम

## इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब भारतीय खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बोले



जसप्रीत बुमराह।

बर्मिंघम, एजेंसी : दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने पीटीआई से बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंश :



**प्रश्न :** आपने 1984-85 की श्रृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?

**उत्तर:** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

**प्रश्न:** क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?

**उत्तर :** आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

**प्रश्न:** आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?

**उत्तर:** मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

**प्रश्न:** गावस्कर, सचिन या कोहली?

**उत्तर:** इसका जवाब मेरे लिए आसान है सचिन तेंदुलकर। मैं उनके खिलाफ तब खेला था जब वह 18 साल के थे। मैंने स्लिप में उनका कैच टपका दिया था और उन्होंने इसका फायदा उठाकर शतक ठोक दिया था। इसलिए मैं उनसे हमेशा कहता रहता हूं कि मैंने उनकी मदद की। कोहली शानदार खिलाड़ी हैं। उनके पास सभी तरह के शॉट हैं, वे तेज़ी से रन बना सकते हैं। लेकिन अगर आप उन खिलाड़ियों की बात करें जिनके खिलाफ मैं खेला हूं तो मैं सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। मैं उन्हें सुनील गावस्कर से भी आगे रखूंगा।

**प्रश्न:** आप विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान प्रारूप के प्रशंसक नहीं हैं। ऐसा क्यों?

**उत्तर:** आईसीसी को इस बारे में कुछ करना होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों के लिए जो प्रारूप है, लोग निश्चित नहीं हैं कि इसमें क्या हो रहा है, क्योंकि यह दो वर्षों से चल रहा है। कुछ टीमें ऐसी हैं, जैसा कि सभी ने कहा, कि दक्षिण अफ्रीका ने इसलिए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उसने कमजोर टीमों का सामना किया था।

# पंत का पहला सवाल था क्या मैं दोबारा खेल पाऊंगा

लंदन, एजेंसी

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे।

यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था। पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए।

● **दुर्घटना के बाद इलाज करने वाले आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने कहीं दिल छू लेने वाली बातें**


ऋषभ पंत।

उन्होंने कहा जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पारदीवाला ने कहा फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है। पंत ने हालांकि हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा तथा 635 दिनों के बाद क्रिकेट मैदान पर सफल वापसी की। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड बनाए।

पारदीवाला ने उस दिन को याद किया जब पंत को मुंबई के अस्पताल में लाया गया था, उनका पहला सवाल था, क्या मैं कभी दोबारा खेल पाऊंगा। उन्होंने कहा जब हमने सर्जरी के तुरंत बाद इस पर चर्चा की, तो मैंने उनसे कहा कि आप जीवित हैं, आपके अंग बच गए हैं - यह दो चमत्कार हैं।


चार्लोट में बेनफिका और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के मुकाबले में गोल करने पर क्रिस्टोफर एनकुंकू को बधाई देते साथी खिलाड़ी। ● एजेंसी

# चेल्सी व पाल्मेरास क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका) :** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया।

# भारतीय शटलर तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

आयोवा (अमेरिका), एजेंसी

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी।

फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया।


यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जीत के बाद जश्न मनाती हुईं तन्वी शर्मा। ● एजेंसी

# अल्काराज की निगाहें लगातार तीसरे विंबलडन खिताब पर

लंदन, एजेंसी

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विंबलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विंबलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे। अल्काराज ने कहा सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है।



● **स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज विंबलडन में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ आज करेंगे अपने अभियान की शुरुआत**

लगातार तीन विंबलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।

### रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : जोकोविच

**लंदन :** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है, लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं। जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। जोकोविच ने कहा क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं।

# रूस ने यूक्रेन पर किया अब तक का सबसे घातक हमला

कीव, एजेंसी

- अलग-अलग इलाकों पर दागे 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें

रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक, इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि यह हमला फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से देश पर सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों इस्तेमाल किया गया था।

सेना के मुताबिक, इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे। खेरसॉन क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# अल्पसंख्यक महिला से दुष्कर्म पर बांग्लादेश में गुस्सा

**ढाका।** बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में एक अल्पसंख्यक महिला से बलात्कार की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को पूरे देश में आक्रोश उत्पन्न हो गया। मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार कर लिया गया है।

चार अन्य को सोशल मीडिया पर महिला की पहचान उजागर करने पर गिरफ्तार किया गया। ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने घटना के विरुद्ध परिसर में मार्च निकाला। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए समर्पित जगन्नाथ हॉल छात्रावास के विद्यार्थियों ने भी जुलूस निकाला। पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

# मौत का सौदा भी हैं एंटी एजिंग दवाएं

दो दिन पहले 'कांटा लगा' फेम गर्ल शेफाली जरीवाला की सिर्फ 42 की उम्र में अचानक मौत के लिए एंटी एजिंग दवाओं को कारण माना जा रहा है। दरअसल, स्वास्थ्य से जुड़े कई जोखिमों के बावजूद सेलिब्रिटीज और संपन्न लोगों में एंटी एजिंग दवाओं का उपयोग बेहद आम हो चुका है। यही वजह है कि पूरी दुनिया के साथ भारत में भी एंटी एजिंग दवाओं और सप्लीमेंट्स का बाजार तेजी से उभर रहा है। एंटी-एजिंग दवाएं असल में ऐसी दवाएं, हार्मोन या सप्लीमेंट्स होते हैं जो उम्र के असर को धीमा करने, त्वचा को जवान बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और मानसिक क्षमता को बनाए रखने का दावा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में एंटी-एजिंग और एस्थेटिक मेडिसिन से जुड़े कई क्लीनिक और हॉस्पिटल तेजी से बढ़े हैं जो आधुनिक तकनीकों के साथ हार्मोन थेरेपी, स्किन रीजुवेनेशन और एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट्स की सेवाएं प्रदान करते हैं।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण

चूहों पर एंटी एजिंग दवाओं का प्रयोग कुछ हद तक सकारात्मक रहा है और उनकी उम्र लंबी हुई है। मानव पर इसका परीक्षण बेहद सीमित है, कोई निष्कर्ष भी सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थाएं इस मामले में सावधानी अपनाने की सलाह देती हैं।



## मौत की घटनाएं

यूएस, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे कुछ देशों में मौत की घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। कुछ मामलों में दवाओं में अनएप्रूव्ड कंपाउंड्स पाए गए तो कुछ मौत इन दवाओं की ओवरडोज से हुई। भारत में इन दवाओं के दुष्प्रभावों की घटनाएं कम ही रिपोर्ट हुई हैं। हालांकि स्किन लिफ्ट या हार्मोनल थेरेपी के बाद एलर्जी और दिल के रोगों की शिकायतें दर्ज हुई हैं।

## दुनिया भर में जवां रहने की चाहत

एंटी एजिंग दवाओं का बाजार दुनिया भर में हैं। अमेरिका में ये दवाएं बेहद प्रचलित हैं जहां 40 पार के लोग आम तौर पर इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो खुद को फिट दिखाना चाहते हैं। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश न सिर्फ एंटी एजिंग उत्पादों में अग्रणी हैं बल्कि यहां इन दवाओं की युवाओं तक में खपत है। यूरोप में उच्च आय वर्ग इन दवाओं का मुरीद है। भारत में यह बाजार मध्यम स्तर का है। एंटी एजिंग दवाओं की खपत शहरी क्षेत्रों में ही है और 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग के लोग इसके दायरे में हैं।

## 68 बिलियन डॉलर का बाजार

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एंटी एजिंग दवाओं का बाजार फिलहाल 68 बिलियन डॉलर का है जिसके सन् 2029 तक 93 से 120 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। भारत में यह मार्केट अनुमानित तौर पर 10 हजार करोड़ रुपये का है और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 9 से 11 प्रतिशत है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के मेट्रो शहरों में एंटी-एजिंग क्लीनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बायोटेक स्टार्टअप्स और हिमालया व पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक कंपनियां भी इस क्षेत्र में कदम रख रही हैं।

## जोखिम उठाने को तैयार लोग

एंटी एजिंग दवाएं और हार्मोन का लंबी अवधि तक उपयोग खतरनाक हो सकता है। बिना डॉक्टर की सलाह के लिए इनका उपयोग जोखिम और बढ़ा देता है। अपच, दिल की धड़कन अनियमित होना, चेहरे पर सूजन, हार्मोनल असंतुलन और विटामिन बी 12 की कमी इनके सामान्य जोखिम हैं लेकिन इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ना, संक्रमण का खतरा, कैंसर का जोखिम और दिल की बीमारियां इनके घातक दुष्परिणाम होते हैं। हालांकि लोग फिर भी ये जोखिम उठाते हैं।

## एक नजर

### इटली में तकनीकी खराबी से तीन सौ उड़ानें रद्द

**रोम।** इटली के मिलान में एरिया कंट्रोल सेंटर में शनिवार शाम डेटा ट्रांसमिशन में खराबी आने के कारण देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के कई शहरों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। एएनएसए समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब नौ बजे हुई। इसके कारण मिलान, बर्गामो, जेनोआ और ट्यूरिन सहित प्रभावित हवाई क्षेत्र के हवाई अड्डों पर उड़ानें स्थगित कर दी गईं या उड़ान भरने और उतरने पर बड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। तकनीशियन अभी भी हवाई यातायात संचालन को बहाली में जुटे हुए हैं।

### तंजानिया में बस दुर्घटना में 37 लोगों की मौत

**दार उस सलाम।** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है।

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का कमांडर

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में एक हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। सेना के अनुसार कमांडर हमास की सैन्य तैयारियों और सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हुए हमले की योजना में अहम भूमिका निभा रहा था। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि शुक्रवार शाम को सबरा इलाके में किये गए हमले में हखम मुहम्मद इस्सा अल-इस्सा की मौत हो गई। यह ऑपरेशन इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के साथ मिलकर किया गया था। सेना के अनुसार अल-ईसा हमास के सैन्य विंग के संस्थापक सदस्य थे।

### कोलकाता में उतरा तोक्यो से दिल्ली आ रहा विमान

**नई दिल्ली।** तोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में लगातार गर्म तापमान के कारण कोलकाता की ओर मोड़ दिया गया। एअर इंडिया ने कहा कि विमान को कोलकाता में सुरक्षित उतारा गया। यात्रियों को जल्द से जल्द दिल्ली पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एअर इंडिया ने कहा, 29 जून को हनेडा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई357 को केबिन में लगातार गर्म तापमान के कारण एहतियातन कोलकाता की ओर मोड़ दिया गया। विमान की जांच की जा रही है।

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पारित

## दो रिपब्लिक सांसदों ने डेमोक्रेट्स के साथ किया विरोध, ट्रंप ने बिल पास होने को बताया एक बड़ी जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

रिपब्लिकन नेतृत्व वाली अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' को 51-49 के बहुमत से पारित कर दिया है। इसे आगामी चार जुलाई की छुट्टी से पहले पारित होने पर एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

सीनेट में शनिवार देर रात 940 पन्नों का यह विशाल विधेयक 51-49 के अंतर से पारित हो गया। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दो रिपब्लिक सांसदों ने आश्चर्यजनक रूप से डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस विधेयक का विरोध किया। मतदान के बाद अब इस कानून पर औपचारिक बहस शुरू हो गई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसे एक बड़ी जीत बताते हुए कहा कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, फिजूलखर्ची को कम करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने, सेना/सैन्यकर्मियों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने सदन और सीनेट रिपब्लिकन से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने की अपील की है, ताकि यह निर्धारित चार जुलाई की समय सीमा तक उनके डेस्क पर हस्ताक्षर के लिए आ जाए। यह वही विवादास्पद विधेयक है, जिसके कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के बीच सार्वजनिक रूप से मतभेद पैदा हो गए थे। यह कानून ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थाई बना देगा, टिप्स और ओवरटाइम पर कर को समाप्त करेगा, सीमा सुरक्षा निधि को बढ़ावा देगा और बिडेन प्रशासन के दौरान पारित ग्रीन-एनर्जी टैक्स क्रेडिट को समाप्त कर देगा।

इस विधेयक का उद्देश्य ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थायी बनाना, रक्षा और सीमा सुरक्षा पर खर्च को बढ़ावा देना और कुछ कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए धन में कटौती करना शामिल है। डेमोक्रेटिक सीनेट नेता चक शूमर ने इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में करने के लिए रिपब्लिकन की आलोचना की। प्रतिनिधि सभा ने मई में इस विधेयक के एक संस्करण को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यदि सीनेट इसे पारित कर देती है,तो अंतिम अनुमोदन के लिए यह बार फिर सदन में आएगा और अंत में हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरे होने के बाद यह बिल देश में लागू हो जाएगा।



### ट्रंप के नए आर्थिक एजेंडे का आधार है ये बिल

यह विधेयक ट्रंप के आर्थिक एजेंडे का आधार है, जिसका उद्देश्य कर कटौती को मजबूत करना और रक्षा तथा सीमा व्यय को बढ़ावा देना है। इसके पारित होने से अमेरिकी राजकोषीय नीति में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इस विधेयक के कानून बनने के बाद कर दरों और स्लैब को स्थायी बना दिया जाएगा। इसमें डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी वादों के अनुरूप कई अस्थायी कर छूटों की भी पेशकश की गई है, जैसे टिप्स , ओवरटाइम वेतन और कुछ मोटर वाहन ऋणों पर करों को समाप्त करना। इसके अतिरिक्त, 75,000 डॉलर या उससे कम वार्षिक आय वाले वृद्धों के लिए 6,000 डॉलर की नई कटौती शामिल है। इसमें पेंटागन के लिए जहाज निर्माण, युद्ध सामग्री प्रणालियों, तथा सैन्यकर्मियों के लिए जीवन की गुणवत्ता के उपायों के लिए अरबों डॉलर उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा कानून बनने के बाद यह गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के विकास के लिए 25 अरब डॉलर उपलब्ध कराएगा। रक्षा विभाग के पास सीमा सुरक्षा के लिए 1 बिलियन डॉलर होंगे।

### मस्क ने फिर साधा ट्रंप पर निशाना, कहा- खत्म हो जाएंगी नौकरियां और उद्योग

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताई है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक राष्ट्रपति ट्रंप की कर योजना की एक बार फिर आलोचना करते हुए विधेयक को 'पूरी तरह से पागलपनपूर्ण और विनाशकारी' कहा। अरबपति उद्योगपति ने कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप पड़ जाएंगे। मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, इससे पुराने उद्योगों को तो लाभ होगा, लेकिन यह उभरते उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने बाद में एक पोस्ट में लिखा कि यह विधेयक "रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या" होगी। मस्क ने ट्रंप पर नए सिरे से हमला बोला है। हाल में मस्क ने ट्रंप प्रशासन का सरकारी दक्षता विभाग छोड़ते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।



# ऑपरेशन सिंदूर: शुरू में था पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला न करने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंडोनेशिया में भारतीय रक्षा अताशे की टिप्पणी पर विवाद, कहा- इसी वजह से खोने पड़े लड़ाकू विमान

इंडोनेशिया में भारतीय रक्षा अताशे की इस टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है कि भारतीय वायुसेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में अपने लड़ाकू विमानों का इसलिए नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि उसे पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला न करने और सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का आदेश दिया गया था।

रविवार को कैप्टन शिवकुमार की 10 जून को की गई टिप्पणियों का कथित वीडियो सामने आने पर इंडोनेशिया स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि अधिकारी ने केवल यह कहा था कि भारतीय सशस्त्र बल भारत के कुछ पड़ोसी देशों के विपरीत, राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। भारतीय नौसेना अधिकारी कैप्टन शिवकुमार पाकिस्तान-भारत युद्ध के दौरान वायु शक्ति के परिप्रेक्ष्य में जकार्ता के एक विश्वविद्यालय में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भारतीय दूतावास ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा अताशे की टिप्पणी को संदर्भ से इतर उद्धृत किया गया है। टिप्पणी में बताया गया कि भारतीय सशस्त्र बल, हमारे पड़ोस के कुछ अन्य देशों के विपरीत, राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था। भारतीय रक्षा अताशे ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व के आदेश के कारण कुछ 'बाधाओं' के मद्देनजर भारतीय वायुसेना शुरू में पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं कर सकी। हमने कुछ विमान खो दिए।

### कांग्रेस ने सरकार पर लगाया देश को गुमराह करने का आरोप

कांग्रेस ने सरकार पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने रविवार को कैप्टन शिवकुमार की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के हाथों अपने लड़ाकू विमानों का नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस ने सरकार पर इस मामले में देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

# आयात शुल्क पर रोक 9 जुलाई से आगे बढ़ाने की योजना नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में किया साफ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनकी अधिकांश देशों पर लगाए गए शुल्क के अमल पर 90 दिन की रोक की मियाद नौ जुलाई से आगे बढ़ाने की योजना नहीं है, क्योंकि इस तारीख को उनके द्वारा निर्धारित वार्ता अवधि समाप्त हो जाएगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि नौ जुलाई के बाद उनका प्रशासन देशों को सूचित करेगा कि शुल्क तब तक प्रभावी रहेंगे जब तक कि अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि समय सीमा समाप्त होने से पहले ही पत्र भेजे जाने शुरू हो जाएंगे। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज चैनल के 'संडे मॉर्निंग फ्यूचर्स' कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को रिकॉर्ड किए गए और रविवार को प्रसारित किए गए साक्षात्कार में कहा, हम देखेंगे कि कोई देश हमारे साथ कैसा व्यवहार करता है। कुछ देशों के बारे में हमें परवाह नहीं है, हम बस उच्च शुल्क का पत्र भेज देंगे। ट्रंप प्रशासन ने 90 दिनों में 90 व्यापार समझौते करने का लक्ष्य रखा था। ट्रंप ने कहा, बातचीत जारी है, लेकिन सभी 200 देशों से आप बात नहीं कर सकते।

### ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान

**तेल अवीव।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्धविराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन की यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो।

# अमेरिका में शादी करने गई भारतीय युवती लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य में परिवार की रजामंदी से विवाह करने पहुंची भारतीय युवती लापता हो गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार की खबर के मुताबिक 24 वर्षीय सिमरन 20 जून को भारत से अमेरिका आई थी।

पुलिस ने बताया कि निगरानी फुटेज में महिला अपने फोन को देखती हुई और किसी का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही है। न्यूजर्सी की लिंडनवोल्ड पुलिस को बुधवार को सबसे पहले सिमरन के लापता होने की जानकारी मिली। पुलिस ने बताया कि वीडियो में वह किसी परेशानी में नहीं दिख रही थी। जांचकर्ताओं को बताया गया कि वह परिवार की रजामंदी से शादी के लिए आई थी। हालांकि, संभव है कि उसका शादी करने का इरादा न हो और वह केवल अमेरिका की यात्रा करना चाहती हो।

### चुनाव से पहले पटना जाम



पटना के जेपी गंगा पथ पर रविवार को हजारों वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे। राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले यह जाम पटना में इंडिया गठबंधन की संविधान बचाओ वक्फ बचाओ रैली की वजह से लगा था। रैली में गठबंधन के कई दलों ने हिस्सा लिया। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ भी उमड़ी। **एजेंसी**

### पाकिस्तान में बारिश के दौरान 38 मरे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 26 जून को मानसून की शुरुआत होने के बाद से वर्षा जनित हादसों में कम से कम 38 लोगों की मौत हुई है और 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि मूसलाधार बारिश से 78 घर भी नष्ट हुए हैं और 30 मवेशियों की मौत हुई है।

### एविन जेल पर इजराइली हमले में मारे गए थे 71 लोग

**दुबई।** ईरान की न्यायपालिका ने कहा कि तेहरान की एविन जेल पर गत सोमवार को इजराइल के हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'मिजान' की वेबसाइट पर रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सैन्य प्रमुख का दावा नकारा

काबुल, एजेंसी

- असीम मुनीर ने भारत पर हमलों के लिए अफगानी क्षेत्र के प्रयोग का लगाया था आरोप

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की उस टिप्पणी को खारिज किया है जिसमें दावा किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भारत अफगानिस्तानी क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहा है।

टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामिक अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा कि कार्यवाहक सरकार, अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति के आधार पर, किसी को भी किसी देश के खिलाफ कोई कार्रवाई के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती है। फिलहाल किसी को कोई खतरा नहीं है और एक पक्ष को दूसरे के खिलाफ बढ़ावा दिए जाने संबंधी चिंताएं निराधार हैं। इस्लामिक अमीरात अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति का पालन करता है और पड़ोसी देशों के खिलाफ असुरक्षा पैदा करने के लिए अफगान भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देता है।

पाकिस्तान के साथ संबंध हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं और ये आपसी हितों पर आधारित होने चाहिए। हम दोनों देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं और विदेशी मामलों में तटस्थ, गैर-हस्तक्षेपवादी नीति का पालन करते हैं। असीम मुनीर ने इस्लामाबाद में दावा किया था कि अफगानिस्तान की जमीन से भारत समर्थित समूह पाकिस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं।

# लद्दाख : एलएसी के नजदीकी 52 गांव आरक्षित क्षेत्र घोषित

**लेह/जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन ने चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे 52 गांवों को आरक्षित क्षेत्र घोषित किया है ताकि चिह्नित इलाकों के निवासियों को भर्ती और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण का लाभ मिल सके।

रविवार को आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि लद्दाख प्रशासन ने लद्दाख आरक्षण (संशोधन) विनियमन, 2025 के प्रावधानों के तहत एएलसी से सटे इलाकों को विशिष्ट क्षेत्र घोषित करने के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी करके एक और उपलब्धि हासिल की है। अधिसूचना के अनुसार, इसमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ स्थित लेह जिले के 18 राजस्व गांव और एलओसी से सटे कारगिल जिले के 34 राजस्व गांव शामिल हैं।

**चिंताजनक** एचपीवी संक्रमण बन रहा है सर्वाइकल, ओरल और ऑरोफरीजियल कैंसर की वजह

# मस्सों के संक्रमण से भारतीय युवाओं में बढ़ रहे कैंसर के केस

- दशकों में विकसित होने वाले दूसरे कैंसरों के उलट चुपचाप और तेजी से बढ़ता है ये कैंसर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कई कैंसर रोग विशेषज्ञों ने 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि यह युवा भारतीयों विशेषरूप से 20 से 30 साल तक की उम्र के युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का एक प्रमुख कारक बन रहा है। 'सर्वाइकल', मुंह के कैंसर और ऑरोफरींजियल (सिर व गले के) कैंसर के कई मामलों का संबंध एचपीवी संक्रमण (शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मस्से बनना) से रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल कदम न उठाने पर भारत रोकथाम योग्य कैंसर संकट बन जाएगा।



नई दिल्ली स्थित ऐमरिक्स कैंसर अस्पताल में मेडिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, एचपीवी से संबंधित कैंसर अनुमान से कहीं पहले सामने आ रहे हैं। 20 की उम्र के आसपास के कई मरीजों में सर्वाइकल, मुंह और गले के कैंसर का पता चल रहा है, जिनमें से कई को समय पर टीकाकरण और जागरूकता से पूरी तरह टाला जा सकता था। डॉ. गुप्ता ने कहा, सबसे दुखद बात यह है कि एचपीवी को रोका जा सकता है, लेकिन लोगों को इसके जोखिम के बारे में पता ही नहीं है। दशकों में विकसित होने वाले अन्य कैंसरों के विपरीत युवाओं में एचपीवी संबंधी कैंसर तेजी से और चुपचाप बढ़ते हैं। टीकाकरण और प्रारंभिक जांच से रोकथाम को किसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल के समान तत्परता से लिया जाना चाहिए।

धर्मशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शुभम गर्ग ने कहा, एचपीवी संबंधी कैंसर के लक्षण शुरू में बहुत अधिक नहीं दिखते, इसलिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। बिना किसी लक्षण वाली कम उम्र की महिला के गर्भाशय ग्रीवा में पहले से ही कैंसर की कोशिकाएं मौजूद रह सकती हैं। इसी तरह, पुरुषों में मुख के एचपीवी संक्रमण पर अक्सर तब तक किसी का ध्यान नहीं जाता जब तक कि वे पूर्ण विकसित ट्यूमर के रूप में सामने नहीं आते। शिक्षा, टीकाकरण और नियमित जांच के बिना हम रोकथाम योग्य कैंसर को अनियंत्रित रूप से फैलने दे रहे हैं। वर्तमान में भारत में किशोरों के लिए कोई राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम नहीं है, हालांकि टीके स्वीकृत हैं और निजी संस्थानों में उपलब्ध हैं।

### त्वचा से त्वचा के संपर्क में आकर फैलता है ये वायरस

डॉ. गुप्ता ने कहा, यह वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, दुनिया भर में सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों में से एक माना जाता है। शरीर स्वत: अधिकतर एचपीवी संक्रमणों को साफ कर देता है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले स्ट्रेन बने रह सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में, यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बनता है, जबकि पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से यह अब मुख, गुदा और गले के कैंसर से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञ भारत में एचपीवी से संबंधी चर्चाओं को लेकर जागरूकता की कमी और सामाजिक लोक लाज को लेकर अधिक चिंतित हैं।